जबलपुर
शनिवार 24 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 21, अंक : 170
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 17

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी

8 धरती के आकार बदलने का खतरा बढ़ा



मैट्रो
14 श्रम आयुक्त की भूमिका ....



डॉ. मोहन यादव

नेशनल फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कान्क्लेव 2026 में सीएम का ऐलान

मप्र में लाएंगे नई नीली क्रांति, जलस्त्रोतों को बनाएंगे बहु आयामी का स्त्रोत, दोगुना करेंगे 'मत्स्य उत्पादन'

नई नीति के तहत प्रदेश में 1 लाख नए केज कल्चर स्थापित करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नई एकीकृत मत्स्योद्योग नीति-2026 में यह प्रावधान किया है कि मप्र में मत्स्य उत्पादन हम जल्द से जल्द दोगुना कर देंगे। इससे मत्स्य उत्पादकों, विक्रेताओं, मत्स्य परिवहनकर्ताओं और मछली पालन से जुड़े सभी मत्स्यपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मप्र में नई नीली क्रांति लाने के लिए तैयार है। मप्र की जल संपदा को निवेश, नवाचार और निर्यात से जोड़कर हम मत्स्य पालन के मामले में देश का अग्रणी केंद्र बनाएंगे।

⏭ नेशनल फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव-2026 में देश-विदेश से आए फिशरीज एक्सपोर्टर्स, बायर्स, सेलर्स और एफपीओ हुए शामिल



सीएम डॉ. यादव के साथ केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह

मत्स्य उद्योग को फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जोड़ा जाएगा

डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में मत्स्य पालन उद्योग को फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के साथ जोड़ा जाएगा। एकीकृत मत्स्योद्योग को एमएसएमई इंडस्ट्री से जोड़कर सभी प्रकार के प्रोत्साहन और इन्सेंटिव भी दिया जाएगा। राज्य में लागू एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के तहत मत्स्य उद्योग के विस्तार के लिए इस क्षेत्र के निवेशकों को भूमि आवंटन, तकनीकी मदद और अन्य कई प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी।

केंद्र सरकार फिशरीज एक्सपोर्ट को भी प्रोत्साहित कर रही: सिंह

केंद्रीय पंचायती राज, पशुपालन और डेयरी मंत्री सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक देश है। वर्ष 2014 में देश में मत्स्य उत्पादन मात्र 95.7 लाख टन था, उनके 11 वर्षों के प्रयासों के बाद 106 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मत्स्य उत्पादन में 198 लाख टन पर हैं।

inh
छत्तीसगढ़ एवं गोरखपुर का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखो
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

संत प्रेमानंद महाराज ने 5 महीने बाद की पदयात्रा

मथुरा। प्रेमानंद महाराज ने 5 महीने के बाद वृंदावन में पदयात्रा की। शुक्रवार सुबह जब वे अपने नए आश्रम से केली कुंज आश्रम जा रहे थे, तो रास्ते में वाराह घाट तिराहे पर उन्हें देखकर भक्त भावुक हो गए। यहां से संत प्रेमानंद अपनी गाड़ी से उतरे और पैदल चलकर ही आश्रम की ओर जाने लगे। मौजूद भक्त लगातार राधे-राधे के जयकारे लगा रहे थे।



मालगाड़ी से टकराई पिकअप एक की मौत, 6 घायल

अनूपपुर। चचाई थाना क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 11:30 बजे एक पिकअप गाड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर मालगाड़ी के सामने आ गई। मालगाड़ी पिकअप को करीब 100 मीटर तक घसीटती ले गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। क्रॉसिंग पर न फाटक था और न ही गेटमैन।



जमीन विवाद में बेटे के सामने पिता को मारी गोली

टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह घर के बाहर खड़े 50 वर्षीय तुलसी अहिरवार की उनके बेटे के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ 3 राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। डायल 112 की टीम तुलसी अहिरवार को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।



गुरुदेव को याद कर भावुक हुए पीएम मोदी

भारत मंडपम में चिन्मय अमृत महोत्सव का आगाज, बोले पीएम

समाज को बांटने वाली ताकतें सक्रिय इनसे निपटने को एकजुट होना जरूरी


नरेंद्र मोदी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- अमृत महोत्सव में स्वामी चिन्मयानंद के थ्री-डी अवतार से बात की, पीएम मोदी बोले- 1993 की यादें फिर ताजा

कुछ मुलाकातें समय के साथ धुंधली नहीं होतीं, बल्कि यादों में और गहरी उतर जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद से जुड़ी यादें कुछ ऐसी ही हैं। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन' में आधुनिक तकनीक ने इन यादों को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

गुरुदेव का होलोग्राफिक प्रोजेक्शन देखकर पीएम मोदी को 1993 में वडोदरा में हुई अपनी मुलाकात याद आ गई। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का स्नेह, उनके साथ हुई बातचीत और उनका आशीर्वाद फिर से आंखों के सामने आ गया। एक पल के लिए उन्हें ऐसा लगा, जैसे वह 33 साल पीछे लौट गए हों।

⏭ आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा

⏭ चिन्मय मिशन एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है


पीएम मोदी स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात करते हुए

हर व्यक्ति को 2047 तक विकसित भारत के विजन से जोड़ना होगा

मेरी सरकार की नीतियों और प्रयासों के केंद्र में देश के युवा

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी सरकार की नीतियों और प्रयासों के केंद्र में देश के युवा हैं। चिन्मय अमृत महोत्सव के आयोजन में भी युवाओं ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। युवा स्वयंसेवकों ने लगभग 300 दिनों में 40 हजार किलोमीटर की यात्रा की और इस दौरान एक लाख से अधिक युवाओं से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने इस अभियान की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे वेदों का वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः आह्वान है। इसका मतलब है कि राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को जागृत और उन्नत बनाएं। स्वामी चिन्मयानंद ने अपना पूरा जीवन इसी मंत्र को लेकर जीया।

वेदों में लिखा है राष्ट्र को महान बनाएं

पीएम ने कहा कि अब चिन्मय मिशन का अमृत महोत्सव भी भारत के अमृत काल से जुड़ रहा है। ये भारत के संकल्प की असली ताकत है। हमारे वेदों में लिखा है- राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को महान बनाएं। स्वामी जी ने गीता ज्ञान के अभियान की शुरुआत की। आज इसी का परिणाम है कि लाखों युवा भारत के सांस्कृतिक ब्रांड एंबेसडर का काम कर रहे हैं।

1993 में गुरुदेव से मुलाकात हुई थी

पीएम ने बताया कि 1993 के फरवरी में मेरी गुरुदेव से मुलाकात हुई थी। मैं उन्हें अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म संसद के शताब्दी समारोह में आमंत्रित करने गया था। गुरु जी इसके बाद अमेरिका गए। उन्होंने लोगों को इस इवेंट के प्रति जागरूक किया।

पहले टाइगर पर हुई थी फायरिंग

अमिताभ का बंगला उड़ाने की धमकी, दोसांझ भी निशाने पर

एजेंसी ⏭ मुंबई


ई-मेल में खालिस्तान समर्थक नारे


दिलजीत दोसांझ

अमिताभ बच्चन और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े को यह धमकी भरा ई-मेल भेजा गया। इसमें अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा को बम से उड़ाने की बात लिखी गई- 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है। हमला 1984 के ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला होगा। इसी मेल में गायक दिलजीत दोसांझ को भी आत्मघाती हमले में मारने की धमकी दी गई है।

जरांगे के आंदोलन को दबाने 500 करोड़ का ऑडियो क्लिप

सीएम फडणवीस ने किया फॉरेंसिक जांच का ऐलान

राज ठाकरे बोले : ये लोकतंत्र की हत्या से कम नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


राज ठाकरे


मनोज जारांगे

महाराष्ट्र में एक ऑडियो क्लिप को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया, जिसमें मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे को 500 करोड़ रुपए देने का दावा किया गया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने किया इस क्लिप की फॉरेंसिक जांच का ऐलान किया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने शुक्रवार को भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा मीडिया पर दबाव डाल रही है और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक ध्रुवीकरण का इस्तेमाल कर रही है।

सिवान में पटाखा कारोबारी के घर ब्लास्ट

अवैध फैक्ट्री में 2 घंटे तक होते रहे धमाके, 8 की मौत


पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस हो रही थी संचालित

एजेंसी ⏭ सिवान

बिहार के सीवान जिले के आलमापुर गांव में पटाखा बनाते समय एक फैक्टरी में भीषण धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में पति पत्नी समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हैं। इनमें कुछ गंभीर हैं। करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर ब्लास्ट होने से एक मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया।

40 साल के उड़ान सफर का भावुक पड़ाव

एयर चीफ एपी सिंह ने एनसीसी कैडेट को सिखाए आसमान छूने के गुर



नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने तेलंगाना के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स अकादमी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग की कैडेट जक्कुला तेजस्वी रेड्डी के साथ उड़ान भरी। यह उड़ान उनकी अपने पहले फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर के साथ होने वाली आखिरी उड़ान से पहले हुई। इस दौरान उन्होंने कैडेट को विमान उड़ाने की बारीकियों और सुरक्षा से जुड़ी जरूरी जानकारी दी।

एशियन पैरा गेम्स में भारत का ऐतिहासिक धमाका

114 मेडल जीतकर बनाया अब तक का 'बेस्ट रिकॉर्ड'

भारत ने 30 गोल्ड 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल जीते



मोना अग्रवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पैरा एशियन गेम्स 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन रहा। भारत ने कुल 114 मेडल जीते। पैरा गेम्स के इतिहास में भारत का ये सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। भारत ने इस दौरान 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल जीत इतिहास रच दिया।

आजादी के बाद सीधी जिला पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ेगा

आज रेल मंत्री और सीएम सतना-देवेंद्रनगर रीवा-चुरहट रेलखंडों का करेंगे उद्घाटन

विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार से उद्योग, व्यापार, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सतना-देवेंद्रनगर (53 किमी) एवं रीवा-चुरहट (65 किमी) रेलखंडों, कुल 118 किलोमीटर रेल लाइन का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही, देवेंद्रनगर-चुरहट नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।



फाइल फोटो

यात्री परिवहन एवं माल ढुलाई को मिलेगी गति

इसी क्रम में आजादी के बाद पहली बार सीधी जिले को रेल नेटवर्क से जोड़ना विंध्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे यात्री परिवहन एवं माल ढुलाई को गति मिलने के साथ औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। वित्त वर्ष 2026-27 में मध्य प्रदेश में रेल विकास के लिए 15,188 करोड़ का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया गया है तथा प्रदेश में लगभग 1,18,379 करोड़ की रेल परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं।

बड़े संस्थागत निवेशकों की क्यूआईपी कैटेगरी 70 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब

एंकर सहित करीब 7.40 लाख करोड़ की बोलियां, निवेशकों की जबरदस्त मांग

जियो आईपीओ का विश्व रिकॉर्ड : 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन, 22 गुना से अधिक सब्सक्रिप्शन

⏭ रिटेल में उपलब्ध शेयरों से 2.72 गुना मांग

⏭ 28 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स की बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग प्रस्तावित

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश के सबसे बड़े जियो आईपीओ ने ऐतिहासिक क्लोजिंग के साथ विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। जियो प्लेटफॉर्म्स के 30,213 करोड़ के आईपीओ में तीन दिनों के दौरान 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन आए, जो दुनिया में किसी भी आईपीओ को मिले अब तक के सबसे अधिक आवेदन हैं। शुक्रवार शाम 7 बजे बिडिंग बंद होने तक आईपीओ 22 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो चुका था। एंकर और गैर-एंकर निवेशकों की कुल बोलियां करीब 7.40 लाख करोड़ पहुंच गईं। इनमें गैर-एंकर निवेशकों से करीब 4.90 लाख करोड़ और एंकर निवेशकों से करीब 2.50 लाख करोड़ की मांग शामिल है।



फाइल फोटो

जियो आईपीओ ने पिछला रिकॉर्ड बड़े अंतर से तोड़ा

आवेदनों की संख्या के मामले में भी जियो आईपीओ ने पिछला रिकॉर्ड बड़े अंतर से तोड़ा है। इससे पहले सबसे ज्यादा आवेदन पाने का रिकॉर्ड 'वारी एनर्जीज' के नाम था। अक्टूबर 2024 में उसके आईपीओ को 97.34 लाख आवेदन मिले थे। जियो को इससे करीब 42 फीसदी ज्यादा आवेदन मिले हैं। जियो आईपीओ में पहले दिन करीब 30.5 लाख आवेदन आए थे, जबकि दूसरे दिन के अंत तक यह संख्या 75 लाख पार कर गई थी। तीसरे दिन आवेदनों की संख्या 1.38 करोड़ से ज्यादा पहुंच गई। जियो आईपीओ की क्लोजिंग का दिन एक और वजह से खास रहा।

जगदलपुर लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा महोत्सव-2026 में बोलीं राष्ट्रपति

माओवादी हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर और नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़, विकसित भारत के लिए सहयोग करें

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़



नक्सलवाद के खतरे से मुक्त हुआ है और माओवादी हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर अब तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। जगदलपुर लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा महोत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि आदिवासी युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

आदिवासी समुदायों ने भी रावण को हराने में योगदान दिया

रामायण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केवल वानर सेना और ऋषि-मुनियों ने ही नहीं, बल्कि मेरा मानना है कि जंगलों में रहने वाले आदिवासी समुदायों ने भी रावण को हराने में योगदान दिया था। युवा देश को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएंगे।

आदिवासी युवाओं से आह्वान: विकास में आगे आएं



संबोधन के पहले लोगों का अभिवादन करतीं राष्ट्रपति

आज विकास के कई रास्ते खुले

राष्ट्रपति ने कहा कि नक्सली हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर छत्तीसगढ़ तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के सामने विकास के कई रास्ते खुल रहे हैं। मैं केंद्र और राज्य सरकार को बधाई देती हूं। मुझे बताया गया है कि आदिवासी उद्यमियों को वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें बाजारों से जोड़ने के प्रयास तेज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इन प्रयासों से समान विकास के जरिए 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रपति ने पेड़-पौधों को 'जीवित देवता' बताया

राष्ट्रपति ने पेड़-पौधों को जीवित देवता बताया और लोगों से वनों की रक्षा करने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया।ये जीवन को बनाए रखने के लिए जरूरी चीजें प्रदान करते हैं। यह बताते हुए कि एक पेड़ को बड़ा होने में कई साल लग जाते हैं, उन्होंने कहा कि लोगों को न केवल पेड़ों की पूजा करनी चाहिए, बल्कि उन्हें लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। जहां कुछ परंपराओं में पत्थरों और मिट्टी की मूर्तियों की पूजा की जाती है, वहीं आदिवासी समुदाय जीवित पेड़-पौधों की पूजा करते हैं, जो जीवन देने वाले हैं। वे हमें पानी, हवा, भोजन और जीवित रहने के लिए जरूरी हर चीज प्रदान करते हैं।

हमें पेड़-पौधों की पूजा करनी चाहिए और

उन्होंने कहा कि हमें पेड़-पौधों की पूजा करनी चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी हरी-भरी और समृद्ध बनी रहे। हमें इसे हासिल करने के लिए सामूहिक संकल्प लेना चाहिए। बस्तर क्षेत्र का रामायण से संबंध बताते हुए, मुर्मू ने कहा कि इस इलाके को दंडकारण्य के नाम से भी जाना जाता था और यह भगवान राम के वनवास काल से जुड़ा हुआ है।

खबर संक्षेप

तेलंगाना में क्लोरोफॉर्म रिसाव से 2 की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवा कंपनी के संयंत्र में क्लोरोफॉर्म गैस के कथित रिसाव



के बाद 2 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 4अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक कंपनी के कर्मचारी थे। यह घटना गुरुवार देर रात जीनाराम मंडल में हुई। यह घटना रात करीब 11.30 बजे हुई।

सिंगर दोसांझ के शो को आखिर मिली मंजूरी

नई दिल्ली। दिलजीत दोसांझ के 'ऑरा इंडिया टूर' के तहत 30 अक्टूबर को दिल्ली के



जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में गायक का कॉन्सर्ट होना था, जिसपर दिल्ली पुलिस ने रोक लगा दी थी। अब दिलजीत को दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम की अनुमति दे दी है। कॉन्सर्ट के लिए बुकमायशो लाइव ने अनुमति मांगी थी।

अदालत ने नेहा की याचिका की खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आइसा की अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर शुक्रवार को फैसला



सुनाया। अदालत ने नेहा की याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताल की धारा 126 और 130 के तहत शांति बनाए रखने के लिए बॉन्ड भरने के लिए जारी किए गए नोटिस को चुनौती देते हुए दायर की गई थी।

हमारी चिंता छोड़ो टोकरा उठाओ, जाओ

नई दिल्ली। पीएम मोदी के बयान पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा देश पर बोझ मत बनो। खेड़ा ने



लिखा, देश की छाती पर मूंग दलने वाला आदमी कांग्रेस को बोझ गिनाएगा? हमारी चिंता छोड़ो, नाकाबिलियत का टोकरा उठाओ,चलते बनो। देश पर बोझ मत बनो। आपका ध्यान किधर है?

उत्तरप्रदेश में विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव संपन्न

मंत्री स्वतंत्र देव और सपा प्रमुख अखिलेश ने भी डाला वोट

अमरोहा में सबसे ज्यादा 93.8 फीसदी तो मुरादाबाद में 75.31 प्रतिशत हुआ मतदान

कुल 14.18 लाख मतदाता 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव संपन्न हो गया है। फतेहपुर, फतेहाबाद, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, गोरखपुर समेत कई जिलों में सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं में नोकझोंक हुई है। 4 बजे तक 64.24% मतदान हुआ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई में वोट डाला। कुल 14.18 लाख मतदाता 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

72 जिलों में मतदान हुआ। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन 2026 में शाम चार बजे तक अमरोहा जिले में सबसे अधिक 93.8 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुरादाबाद में 75.31 प्रतिशत, रामपुर में 74.86 प्रतिशत और संभल जिले में 71.80 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अधिकारियों के अनुसार, संभल और अमरोहा में मतदान के आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। पोलिंग पार्टियों के अंतिम रिकॉर्ड का मिलान होने के बाद मतदान का अंतिम प्रतिशत स्पष्ट होगा।

प्रदेश के 72 जिलों में डाले गए वोट, 27 को आएंगे नतीजे



मतदान प्रतिशत में वृद्धि संभव

मंत्री स्वतंत्र देव ने सपा को घेरा

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन में जिला परिषद उरई में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने भाजपा की जीत का दावा करते हुए सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्नातक और शिक्षक निर्वाचन का सदन महत्वपूर्ण है, जहां शिक्षकों और स्नातकों की समस्याओं को उठाकर समाधान कराया जाता है।

भाजपा के गुंडे या फिर भ्रष्ट अधिकारी को आगे किया: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मैं मतदाताओं से अपील कर रहा हूं वोट से लोकतंत्र बचेगा। भाजपा के लोग निराश हैं। सपा के लोगों को रोकने के लिए भाजपा के गुंडे या भ्रष्ट अधिकारी लगे हैं।



लखनऊ जाकर कर लूंगा इस्लाम कबूल: अग्रवाल

आगरा शिक्षक खंड से सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल ने मतदान के दौरान गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए। सपा प्रत्याशी फूट-फूटकर रो दिए। उन्होंने कह दिया कि वह लखनऊ की शाही ईदगाह में जाकर धर्म परिवर्तन कर लेंगे। आकाश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि उनके प्रबंधकों और समर्थकों को जबरन उठाया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है और उनके साथ बुरा बर्ताव हो रहा है।

मतदान के बीच 4 जगहों पर पक्ष-विपक्ष भिड़े

गोरखपुर में भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं में जोरदार भिड़ंत

इस चुनाव को सत्तारूढ़ भाजपा और सपा के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है।गोरखपुर में डीएवी डिग्री कॉलेज में भाजपा और सपा के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हुई। दोनों ने एक-दूसरे पर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। यह टकराव सपा प्रत्याशी के सामने हुआ।

नेवादा में भाजपा जिलाध्यक्ष और सपा जिला उपाध्यक्ष में नोकझोंक

नेवादा में मतदान केंद्र परिसर में वाहन लाने को लेकर शुरू हुए विवाद से कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। वीडियो में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, सपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के परिसर के अंदर वाहन लाने का विरोध करते दिखाई और सुनाई दे रहे हैं।

औरैया में पीठासीन अधिकारी को धमकाने का आरोप लगाया, धरने पर सपा सांसद

औरैया के अजीतमल में बूथ संख्या 149 और 223 पर तैनात सपा एजेंटों से मारपीट का आरोप लगाते हुए सपा सांसद जितेंद्र दोहरे और जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम धरने पर बैठ गए। सपा जिलाध्यक्ष ने दोनों बूथों पर मारपीट की शिकायत डीएम से की। उधर, एरवाकटरा और बिधूना में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हुई।

हरदोई में भाजपा और सपा प्रत्याशी के समर्थक भिड़े हरदोई के कछौना कस्बे में लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी अवनीश सिंह और सपा प्रत्याशी कांति सिंह के समर्थकों के बीच नोकझोंक हो गई। फर्जी मतदान के आरोप को लेकर एक पक्ष के अधिवक्ता रविकांत पटेल और दूसरे पक्ष के भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान एक युवक अधिवक्ता की ओर मारपीट करने के लिए झपटा।

सुप्रीम कोर्ट का हाईकोर्ट से सवाल

ऐसी क्या जल्दी थी कि किसी पक्ष को सुने बिना दे दिया आदेश

पूर्व सीएम पिनाराई विजयन, उनकी बेटी, उनके दामाद के खिलाफ था मामला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दशहरे पर छुट्टी के दिन केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, उनकी बेटी, उनके दामाद और अन्य लोगों के खिलाफ चल रही जांच पर 7 दिनों के लिए रोक लगा दी है। यह रोक उन्हें केरल हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील करने का मौका देने के लिए लगाई गई है, जिसमें उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। यह मामला सरकारी कंपनी 'कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड' द्वारा आईटी फर्म 'एक्सलॉजिक' को कथित तौर पर किए गए भुगतान से जुड़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने विजयन और अन्य लोगों को एकल न्यायाधीश के 9 अक्टूबर के आदेश के खिलाफ अपील करने की अनुमति दे दी। सर्वोच्च न्यायालय ने केरल उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 15 अक्टूबर के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसने अपील को खारिज कर दिया था।

जस्टिस मोहना ने की सख्त टिप्पणी

जस्टिस बागची ने कहा कि ईडी के पास हवाला डीलरों और पूर्व मुख्यमंत्रियों की जांच करने का पूरा अधिकार है। उन्हें कोई नहीं रोक सकता। ईडी ने अपना कानूनी कर्तव्य निभाया है। उन्होंने राज्य को सूचित कर दिया था। अब राज्य को कानून के अनुसार कार्रवाई करनी है। राज्य कानून के अनुसार काम कर रहा है या नहीं, इस पर (हमारी राय में) हाई कोर्ट को जांच का निर्देश नहीं देना चाहिए था।

वंदे मातरम को राष्ट्रगान के बराबर दर्जा की मांग

सुप्रीम कोर्ट 27 अक्टूबर को करेगा सुनवाई

वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के बराबर दर्जा देने की मांग अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित जनहित याचिका को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की अपील की गई है। इस पर 27 अक्टूबर को सुनवाई हो सकती है। याचिका अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दाखिल की गई है। अधिवक्ता अश्वनी दुबे ने इसे दिल्ली हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग की है। वंदे मातरम हमारे इतिहास, संप्रभुता, एकता और गौरव का प्रतीक है। यदि कोई प्रत्यक्ष इसके प्रति अनादर दिखाता है, तो यह अधिकारों और एक संप्रभु राष्ट्र के नागरिक के रूप में हमारे अस्तित्व के लिए भी संकट का कारण होगा।

कारोबारी शिवा की हत्यारोपी

मॉडल श्रद्धा को कोर्ट से बड़ा झटका, जमानत अर्जी खारिज

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में कारोबारी शिवा की हत्यारोपी मॉडल श्रद्धा शुक्ला, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश औ को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। तीनों की जमानत अर्जी प्रभारी सीजेएम आलोक वर्मा ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा है कि अपराध गंभीर प्रकृति का है तथा सत्र न्यायालय द्वारा परीक्षणीय है। लिहाजा जमानत का कोई उचित आधार नहीं है। श्रद्धा की ओर से अधिवक्ता ने सीजेएम कोर्ट में जमानत अर्जी डाली थी।



तीनों आरोपियों को कोर्ट में किया था पेश

तीनों को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यहां तीनों को पुलिस उपायुक्त मध्य अर्पित विजयवर्गीय के सर्विलांस कार्यालय में रखा गया। तीनों को हजरतगंज पुलिस ने पकड़ा था।

थरूर ने दी नई परिभाषा

रिजीम चेंज नहीं... शांतिपूर्ण प्रदर्शन का हक मिला, राय दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के सीनियर नेता शशि थरूर ने चल रहे प्रदर्शनों पर बात की है। इसके अलावा प्रशांत भूषण और नेहा बोरा जैसे लोगों की ओर से रिजीम चेंज की बात करने और फिर कांग्रेस की ओर से भी ऐसा कहने पर जवाब दिया है। थरूर ने कहा कि हमारा संविधान शांतिपूर्ण प्रदर्शनों की अनुमति देता है। हिंसा की परमिशन नहीं देता है। हम ऐसे ही प्रदर्शन के पक्ष में हैं, लेकिन हम यह भी चाहेंगे कि सरकार भी अपनी जवाबदेही तय करे।



वोट का अधिकार मिले

हर भारतीय का अधिकार है वह मत डाल सके। ऐसी व्यवस्था हो जाए और फिर गवर्नमेंट चेंज की बात हो। मैं रिजीम चेंज नहीं बल्कि गवर्नमेंट चेंज की बात करूंगा। हर भारतीय का वोट देने का अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए।

राज्यपाल के शाकाहारी निर्देश पर भड़के वेणुगोपाल

खान-पान पर पाबंदी बर्दाश्त नहीं करेंगे संघ परिवार का एजेंडा नहीं चलेगा

राज्यपाल के फैसले पर नाराजगी जताई

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केरलम के नए राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर के एक कथित फैसले की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने राजभवन की रसोई को पूरी तरह से शाकाहारी बनाने का निर्देश दिया है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि यह संघ परिवार की असंवैधानिक रुचियों को दिखाता है।शुक्रवार को पदभार संभालने वाले माथुर ने निर्देश दिया है कि लोक भवन की रसोई में मांसाहारी व्यंजन न तो बनाए जाएं और न ही परोसे जाएं। राज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि माथुर पूरी तरह से शाकाहारी हैं। उन्होंने रसोई में मांसाहारी भोजन न बनाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की अपनी पसंद के भोजन पर कोई रोक-टोक नहीं थी।



भोजन चुनने की पूरी आजादी हो

वेणुगोपाल ने आरोप लगाया 'राज्यपाल ने यह तय करके हद पार कर दी है कि रसोई में केवल शाकाहारी भोजन ही बनेगा। उन्होंने कहा कि केरल की खाद्य संस्कृति मिली-जुली है। तटीय राज्य होने के नाते यहां मछली की प्रचुरता है। राज्य के लोगों को शाकाहारी या मांसाहारी भोजन चुनने की पूरी आजादी है। उन्होंने कहा केरल के लोगों की खान-पान की आदतों पर पाबंदी लगाने की कोशिश, या उन्हें यह बताने की कोशिश कि अब से उन्हें क्या खाना चाहिए, बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

चुनाव आयोग से जुड़ा एक और विवाद आया सामने

2 आयुक्तों ने कैबिनेट सचिव से की थी अधिकारी पर एक्शन की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग के भीतर एसआईआर को लेकर सामने आए मतभेदों के बीच अब आयोग में वरिष्ठ अधिकारियों के बीच कामकाज के बंटवारे को लेकर विवाद सामने आया है। आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त मनीष गर्ग के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए 29 जुलाई को कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन को पत्र लिखे थे।पूर्व नौसेना अधिकारी कमोडोर लोकेश के बत्रा की ओर से फाइल की गई आरटीआई के जवाब में घटनाक्रम का खुलासा हुआ है। दोनों चुनाव आयुक्तों के इस लेटर के जवाब में कैबिनेट सचिवालय ने मामले को गंभीरता से लेने के बावजूद किसी तरह की सीधी कार्रवाई करना उचित नहीं माना था।

पूर्व नौसेना अधिकारी कमोडोर बत्रा की आरटीआई में खुलासा

कैबिनेट सेक्रेटेरिएट ने सीधे कार्रवाई से कर दिया था इनकार



आरटीआई लेटर की डिटेल्स और फाइल नोटिंग मांगी गई थी। कैबिनेट सेक्रेटेरिएट ने उनके लेटर को स्वीकार तो कर लिया था, लेकिन आयोग को संवैधानिक संस्था कहते हुए उसके कामकाज में सीधे दखल करने से इनकार कर दिया था। नोटिंग में कहा गया था कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है और उसके कामकाज में कार्यपालिका का हस्तक्षेप उचित नहीं होगा।

गर्ग को मिला था प्रभार

कैबिनेट सचिवालय को लिखे गए लेटर में दोनों चुनाव आयुक्तों ने कहा था कि डिप्टी इलेक्शन कमीश्नर मनीष गर्ग को प्रशासनिक विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

क्लैश की शुरुआत कहां से हुई?

चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि यह आदेश आयोग या अधिकारियों के साथ चर्चा किए बिना जारी किया गया था। दूसरी ओर विवेक जोशी ने भी कहा है कि जब उन्होंने गर्ग से फाइल मांगी तो उन्हें फाइल देने से इनकार कर दिया गया।

चुनाव आयोग के दफ्तर की तरफ कर रहे थे मार्च

दिल्ली पुलिस की हिरासत में 100 से अधिक प्रदर्शनकारी

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 100 से अधिक



प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। ये सभी सेंट्रल दिल्ली में चुनाव आयोग के मुख्यालय की ओर बढ़ रहे थे। पीपुल अगेंस्ट एसआईआर' की दिल्ली समन्वय समिति का आयोजन था।

स्वदेशी जागरण मंच ने कहा

सुरक्षा कारणों को लेकर केंद्र स्टारलिंक को लाइसेंस न दे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वदेशी जागरण मंच ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए शुक्रवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह एलन मस्क की कंपनी 'स्टारलिंक' को भारत में वाणिज्यिक उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू करने की अनुमति न दे। यहां 3 मूर्ति चौक पर स्टारलिंक के खिलाफ प्रदर्शन के बाद, प्रधानमंत्री को सौंपे ज्ञापन में आरएसएस से जुड़े संगठन ने कहा कि स्टारलिंक द्वारा उपग्रहों के बीच सीधे डेटा भेजने के लिए लेजर-आधारित सैटेलाइट लिंक का इस्तेमाल, सुरक्षा से जुड़ी आपातकालीन स्थितियों में भारतीय इंटरनेट ट्रैफिक के दायरे में न हो होने को लेकर चिंता पैदा करता है। राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने ज्ञापन में लिखा, 'सरकार इस प्रणाली की जांच कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सुरक्षा से जुड़ी आपातकालीन स्थितियों में डेटा भारतीय गेटवे को 'बायपास' न करे।



आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के बयान से मची सियासी हलचल

सीमा मुद्दे पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

जब गश्त के तय तरीकों से हटती हैं चीनी सेनाएं, तभी सीमा पर बिगड़ती है स्थिति


रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एलएसी के कुछ उपयुक्त क्षेत्रों की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी है

दोनों देश मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं के जरिए मुद्दों को सुलझाने की कोशिश जारी रखे हुए हैं

सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों से हटती हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों देश सीमा से जुड़े लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं।

इसका मकसद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गलतफहमी और गलत आकलन से बचना है। जायसवाल ने कहा कि दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एलएसी के कुछ उपयुक्त क्षेत्रों की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी है। इससे दोनों देशों के आपसी संबंधों के समग्र विकास में मदद मिलती है।

आईटीबीपी प्रमुख के बयान पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों से अलग हटती हैं। दोनों देश मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं के जरिए मुद्दों को सुलझाने की कोशिश जारी रखे हुए हैं।

ये बोले थे कपूर- फिर चालबाजी कर रहा चीन

अरुणाचल सीमा पर बढ़ा तनाव, कई जगहों पर आमने-सामने के हालात


शत्रुजीत सिंह कपूर

आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान जवानों को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत-चीन के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अभी भी अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर दोनों तरफ की सेनाएं आमने-सामने हैं। उन्होंने कहा था कि हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में ऐसी स्थिति बनी, जहां कई जगहों पर आमना-सामना हुआ, और इनमें से कुछ स्थितियां अभी भी जारी हैं। वहां तैनात हमारी 'शौर्य कमांडो' टीमों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चीनी सैनिकों के साथ आमना-सामने की स्थिति में बेहतरीन कौशल दिखाने के लिए नई कॉम्बैट टीम, 'शौर्य कमांडो' को बधाई दी थी।

यमन की घटना के 'तथ्यों' का पता लगा रहे

22 अक्टूबर को यमन के तट के पास भारतीय नौका पर हमले की घटना के बारे में जानकारी देते हुए जायसवाल ने कहा कि यमन स्थित भारतीय दूतावास इस घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के प्रयास जारी रखे हुए हैं। यह घटना ईरान-समर्थित हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच हुई है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। क्षेत्र में मौजूदा संघर्ष की स्थिति को देखते हुए फिलहाल सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर अजरबैजान दौरे पर

राष्ट्रपति अलीयेव से की मुलाकात, व्यापार ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे


जयशंकर और राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की अजरबैजान यात्रा पर जायसवाल ने कहा कि हमारे विदेश मंत्री बाकू दौरे पर हैं। उन्होंने बाकू में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों के विभिन्न पहलुओं को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर ने राष्ट्रपति अलीयेव को भारत के पीएम और राष्ट्रपति की ओर से शुभकामनाएं भी दीं। जायसवाल ने आगे कहा, विदेश मंत्री ने अजरबैजान के अपने समकक्ष और विदेश मंत्री के साथ विस्तार से बातचीत की। यह बातचीत उपयोगी रही। दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। वे राजनीतिक विचार-विमर्श बढ़ाने और एक-दूसरे के यहां प्रतिनिधिमंडल भेजने पर सहमत हुए। इसमें व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हैं।

अजरबैजान सरकार का जताया आभार

जायसवाल ने बताया कि दोनों देशों ने आर्थिक साझेदारी, आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश, संपर्क व्यवस्था तथा ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक समझ है। यह आपसी संबंधों को और मजबूत करने का अच्छा आधार प्रदान करती है। विदेश मंत्री जयशंकर ने अजरबैजान में भारतीय छात्रों की मेजबानी करने के लिए अपने समकक्ष को धन्यवाद दिया।



आर्मी कमांडरों का सम्मेलन

सेना की भविष्य की तैयारी को मजबूत करने 'भूमि युद्ध सिद्धांत' जारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मी कमांडरों से जियोपॉलिटिकल और क्षेत्रीय डेवलपमेंट पर करीब से नज़र रखने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा है। यहां आर्मी कमांडरों के कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, उन्होंने अगले 20-30 सालों के लिए एक लंबे समय के स्ट्रेटेजिक विज़न की ज़रूरत पर ज़ोर दिया, और भारतीय सेना के सीनियर लीडरशिप से तुरंत और नई चुनौतियों का जवाब देने के लिए समान रूप से तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि रणनीति डायनैमिक और लचीली रहनी चाहिए, ताकि बदलते हालात के हिसाब से समय पर बदलाव किए जा सकें। इस मौके पर, रक्षा मंत्री ने भूमि युद्ध सिद्धांत जारी किया।

बेहतर तालमेल से ऑपरेशन सिंदूर सफल

राजनाथ ने बताया कि नई सोच और बेहतर तालमेल के साथ आधुनिक हथियारों ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने में मदद की। इससे यह संदेश गया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने में पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने ड्रोन और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर खास ध्यान देते हुए सेना की रीस्ट्रक्चरिंग की कोशिशों की तारीफ़ की। उन्होंने क्षमताओं को मजबूत करने, लगातार परफॉर्मेंस का आकलन करने और बदलते हालात के हिसाब से जरूरी सुधार लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोनॉमस सिस्टम, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी और सुरक्षित कम्युनिकेशन नेटवर्क जैसे एरिया में कोशिशों में तेजी लाने की अहमियत पर जोर दिया।

पीएम मोदी से मिले यूएई के शेख अल नाहयान

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रेसिडेंट न्यायालय में विकास एवं शहीद नायकों के मामलों के उपाध्यक्ष शेख थियाब बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। शेख थियाब गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने उनके दौरे का स्वागत किया।करते हुए कहा था कि यह यात्रा भारत और यूएई के बीच नियमित उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की गति को और मजबूत करेगी।

पुंछ में दो आतंकी ठिकाने नष्ट, गोला-बारूद जब्त

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय सेना ने मेंढर उप संभाग के सलानी के कसबालारी गांव के आसपास के इलाके में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और अन्य सामग्री बरामद की है। सेना ने मैगजीन कंटेनर और 7.62 एमएम लाइट मशीन गन की एक मैगजीन भी बरामद की है।

सऊदी अरब के लिए इंडिगो की उड़ानें रद्द

नई दिल्ली। सऊदी अरब की सुरक्षा की बदलती स्थिति को देखते हुए इंडिगो ने फिलहाल के लिए अपनी सेवाएं बंद करने की घोषणा की है। इंडिगो की रियाद के लिए आने-जाने वाली फ्लाइट्स 31 अक्टूबर तक कैंसिल रहेंगी, जबकि जेद्दा, दम्माम और मदीना के लिए आने-जाने वाली फ्लाइट्स 27 अक्टूबर 2026 तक कैंसिल रहेंगी। इंडिगो ने कहा है कि यात्रियों और क्रू सदस्यों की सुरक्षा और भलाई उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। एयरलाइन हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और स्थिति का आकलन करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क में है।





निशातपुरा में चार बदमाशों ने तीन युवकों पर किया हमला

शराब के लिए अड़ीबाजी, पाइप और डंडे से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित शांति नगर में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे चार बदमाशों ने शराब की अड़ीबाजी कर दी। शराब के लिए पैसे देने से मना करने पर आरोपियों ने पाइप और डंडे से हमला बोल दिया।

इस मारपीट और जानलेवा हमला में दो सगे भाई और उनका दोस्त घायल हुआ है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर दो नामजद आरोपी और उनके दो अन्य साथियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

दो नामजद आरोपी और दो अन्य साथियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज



शराब के लिए पैसे नहीं होने पर भड़क गए आरोपी

पुलिस के अनुसार आकाश रजक (23) शांति नगर करोंद में रहता है और शासकीय दफ्तरों को कंप्यूटर सहित अन्य सामान की सप्लाई करता है। उसका बड़ा भाई शुभम रजक है। शुभम भी प्राइवेट काम करता है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे शुभम घर से बीस मीटर दूरी पर खड़ा था। इसी दौरान वहां अजीत यादव और बंटी सहित उनके दो अन्य दोस्त पहुंचे। आरोपियों ने शराब पीने के लिए शुभम से पैसे मांगे। शुभम ने पैसे नहीं होने की बात कही। इस पर आरोपी शुभम से मारपीट करने लगे।

भाई और दोस्त के साथ भी मारपीट की

शुभम का शोर सुनकर उसका भाई आकाश और दोस्त अजय पहुंचे। इस दौरान आरोपी शुभम के डंडे और पाइप से मारपीट कर रहे थे। आकाश और अजय ने शुभम को बचाने का प्रयास किया तो अरोपियों ने आकाश और अजय पर भी डंडे और पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। शुभम, आकाश और अजय देर रात अस्पताल पहुंचे। वहां से इलाज कराने के बाद आकाश निशातपुरा थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

झांकी में खड़े किशोर पर चाकू से जानलेवा हमला, तीन जगह गंभीर चोट

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित हमीदिया रोड बर्फी हाउस के पास बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे एक युवक ने नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पेट और सीने पर किए गए वार को बचाने किशोर घूम गया था। लिहाजा चाकू के तीन वार उसकी पीठ और कुल्हे के पास लगे हैं। गंभीर रूप से घायल किशोर को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ईशान विश्वकर्मा (17) छोला मंदिर इलाके में रहता है और ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता है। बुधवार देर रात वह मोहल्ले की झांकी लेकर दोस्तों के साथ विसर्जन के लिए जा रहा था। हमीदिया रोड पर बर्फी हाउस के पास पहुंचने पर मोहल्ले में रहने वाले गुलशन मिश्रा ने उससे गालीगलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू के हमले से बचने के लिए ईशान घूम गया था। इससे चाकू उसे पेट और सीने पर न लगते हुए पीठ और कुल्हें में लगा था। झांकी में मौजूद लोगों ने आरोपी गुलशन से ईशान को बचाया, लेकिन तब तक ईशान लहूलुहान हो चुका था। उसे तत्काल हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि झांकी निकलते समय पूर्व में भी गुलशन और ईशान का विवाद हुआ था। इसी विवाद का बदला लेने गुलशन ने ईशान पर हमला किया है।

हनुमानगंज स्थित हमीदिया रोड बर्फी हाउस के पास का मामला

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कॉलेजों में होगा जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद

भोपाल। मप्र पुलिस की सामुदायिक पुलिस शाखा द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के महाविद्यालयों में जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद आयोजित किया जा रहा है। अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में जिला मुख्यालयों के प्रमुख महाविद्यालयों में आयोजित होने वाली इन कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। अभियान का उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिकता की भावना से जोड़ना बनाना है।

स्कूल-कॉलेजों तक पहुंचेगी भाजपा, निकालेगी पदयात्राएं, 24 से शुरू होगा अभियान

विपक्ष-सीजेपी के नैरेटिव के विरुद्ध भाजपा का बड़ा दांव लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विपक्ष और सीजेपी के एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के अभियान के नरेटिव को तोड़ने के लिए बीजेपी ने अब मास्टर स्ट्रोक के रूप में 13 दिवसीय लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के तहत भाजपा स्कूल-कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के युवाओं से संवाद करेगी। जिला और विधानसभा स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ' पदयात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही 'राष्ट्र चिंतन संवाद' कार्यक्रम के तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों से संवाद किया जाएगा। युवाओं को लोकतांत्रिक संस्थाओं और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर तथ्यों के साथ जानकारी दी जाएगी। भाजपा छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने के साथ युवाओं से भी संवाद करेगी। 'घुसपैठिया हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' कार्यक्रम के जरिए घुसपैठ और मतदाता सूची से जुड़े विषयों की वास्तविकता जनता तक पहुंचाई जाएगी। इसके अतिरिक्त टिफिन बैठक, लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ रैलियां, घुसपैठिया हटाओ लोकतंत्र बचाओ, इंफ्लूएंसर आउटरीच, पत्रिका विशेषांक, साहित्य और पुस्तिकाओं का वितरण, सोशल मीडिया जनसम्पर्क, प्रचार सामग्री जैसे चीजों को शामिल किया जाएगा।

कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटा, विपक्ष में रहकर भी भ्रम फैला रही: हेमंत



भाजपा प्रदेश कार्यालय में अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे झूठे नैरेटिव को तथ्यों से जवाब दें

प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि एसआईआर व अन्य विषयों को लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे झूठे नैरेटिव को तथ्यों के साथ पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचकर जवाब दें। अभियान के माध्यम से पार्टी को अपना विचार प्रभावी ढंग से जनता के सामने रखना है। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता के लिए संगठन की विभिन्न टोलियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा एसआईआर व अन्य विषयों को लेकर फैलाए जा रहे झूठ को उजागर करने पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचे और तथ्यों के साथ जनता को वास्तविकता से अवगत कराएं। कांग्रेस ने सत्ता में रहते हुए भी लोकतंत्र का गला घोंटा, विपक्ष में रहकर भी भ्रम फैला रही है। इस अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। अभियान के माध्यम से कांग्रेस के आरोपों और उसके राजनीतिक दृष्टिकोण से जुड़े तथ्यों को जनता के सामने रखा जाएगा, ताकि समाज में फैलाए जा रहे भ्रम को दूर किया जा सके।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के आगामी कार्यक्रम "लोकतंत्र बचाओ-भीड़तंत्र हटाओ" अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। 24 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान के लिए प्रदेश टोली के साथ अलग-अलग अभियानों की टोली का गठन भी किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली से (वर्चुअल) एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने प्रदेश कार्यालय में बैठक को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, अभियान की प्रदेश टोली के सदस्यगण, मोर्चा अध्यक्षों एवं प्रकोष्ठ संयोजक शामिल हुए।

प्रदेश में 12 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारने में मिली है सफलता

केंद्र और राज्य सरकार मिलकर दे रही हैं मप्र के विकास को गतिः मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर मध्यप्रदेश के विकास को गति प्रदान कर रहे हैं। ग्वालियर को टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का प्रमुख केंद्र बनाने की पहल के साथ जबलपुर-इंदौर आर्थिक कॉरिडोर विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति प्रदान करेगा।

महाकौशल और मालवा को जोड़ने की इस पहल से रायसेन जैसे जिले भी लाभान्वित होंगे जो इस कॉरिडोर के मध्य स्थित हैं और वर्तमान में सघन आर्थिक गतिविधियों से वंचित हैं। पर्यटन क्षेत्र का भी विकास होगा। प्रदेश के विकास का यही समय है और सही समय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में फेडरेशन ऑफ एमपी चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्डश इंडस्ट्री के दो दिवसीय विकसित भारत उद्योग व्यापार सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे।



भारत को सम्मान की दृष्टि से देखने लगे हैं दुनिया के बड़े देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के बड़े देश भारत को सम्मान की दृष्टि से देखने लगे हैं। अमेरिका भी भारत की निर्वाचन प्रणाली को अपनाने के लिए लालायित है। मध्यप्रदेश में कोई कमी नहीं है। कृषि के विकास के साथ आर्थिक समृद्धि पर फोकस करने की आवश्यकता है।

बस्तर में मलेरिया से बचाव के लिए 68 करोड़ रुपए मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बस्तर में मलेरिया से बचाव के लिए पैसे की कमी नहीं है, कमी है तो खरीदी की प्रक्रिया में तेजी की। दो महीने पहले केंद्र सरकार 68 करोड़ रुपए दे चुकी है। मलेरिया नियंत्रण अभियान का 14वां चरण भी चल रहा है, लेकिन ग्रामीणों को मच्छरों से बचाने वाली मेडिकेटेड मच्छरदानियां अब तक नहीं मिल पाई हैं। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन ने निविदा के दस्तावेज तक तैयार नहीं किए हैं।

संभाग में इस साल अब तक 8,426 लोग मलेरिया की चपेट में आ चुके हैं। कांकेर में जुलाई माह में 10 दिन के भीतर तीन स्कूली बच्चों की मौत ने खतरे की गंभीरता को और बढ़ा दिया था। बच्चों की मौतों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव को नोटिस जारी कर चुका है। बारिश के मौसम में जब मच्छरों का प्रकोप ज्यादा होता है, उस दौरान भी मच्छरदानी की खरीदी फंड होने के बाद भी नहीं हो सकी।

कांकेर में 10 दिन में 3 बच्चों की मौत के बाद भी मेडिकेटेड मच्छरदानी नहीं

तीन साल से टूटी है खरीदी-वितरण की कड़ी

बस्तर के ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में मच्छरदानी मलेरिया से बचाव का महत्वपूर्ण साधन है। पहले ग्रामीण इलाकों में लाखों मेडिकेटेड मच्छरदानियां बांटी जाती थीं, लेकिन उपलब्ध जानकारी के अनुसार 2024 के बाद से वितरण नहीं हुआ है। इस बार खरीदी सीजीएमएससी के माध्यम से की जानी है।

केंद्र से 68 करोड़ रुपए मिलने के बावजूद निविदा प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। निगम में तैनात निजी कंपनी के कंसल्टेंटों ने निविदा दस्तावेज तैयार नहीं किए हैं। यानी खरीदी की शुरुआती प्रक्रिया ही लंबित है। जब तक निविदा, आपूर्ति और वितरण की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक बजट का ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

कांकेर में 10 दिन में हुई थी तीन बच्चों की मौत

करीब चार माह पहले कांकेर जिले के मर्दापोटी बालक आश्रम में पढ़ने वाले नौ वर्षीय सुभाष कुमेटी की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इससे पहले दो अन्य स्कूली बच्चे भी मलेरिया से जान गंवा चुके हैं। तीनों मौतें महज 10 दिनों के भीतर हुई थीं। जानकारी के अनुसार, 22 से 24 जुलाई के बीच आश्रम में स्वास्थ्य जांच के दौरान नौ बच्चे मलेरिया संक्रमित मिले थे। बाद में गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाने पर सुभाष को बचाया नहीं जा सका। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के 14वें चरण के बावजूद संक्रमण के मामले चिंता बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के उपलब्ध आंकड़ों में बीजापुर सबसे अधिक प्रभावित जिला है।

टेंडर जारी किया जाएगा

मेडिकेटेड मच्छरदानियां खरीदने की प्रक्रिया की जा रही है। दवा निगम इसके लिए तैयारी कर रहा है। जल्द ही टेंडर जारी किया जाएगा।

रीतेश अग्रवाल
एमडी, सीजीएमएससी

शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

हाउसिंग बोर्ड के जर्जर मकानों का जल्द होगा पुनर्निर्माणः सारंग

आवासों के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने गुरुवार को मंत्रालय में मप्र हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन सहित नगर निगम, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर हाउसिंग बोर्ड के जर्जर, जीर्ण-शीर्ण एवं क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाउसिंग बोर्ड के ऐसे मकानों के पुनर्विकास के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार की जाए और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। सारंग ने कहा कि लंबे समय से जर्जर अवस्था में मौजूद ऐसे भवन, जिनसे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है, उनके पुनर्निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। सारंग ने स्पष्ट किया कि किसी भी संभावित दुर्घटना से पहले जर्जर आवासों के पुनर्निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से आवश्यक कदम उठाएं, ताकि नागरिकों की सुरक्षा के साथ उन्हें बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों की स्थिति का आंकलन कर आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा उनके पुनर्निर्माण की कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर उसे अमल में लाया जाए।



हाउसिंग बोर्ड की बैठक लेते सारंग।

5 साल से कम सेवा वाले शिक्षकों को मिली छूट

अब ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों पैटर्न में होगी टीईटी परीक्षा, शिक्षा मंत्री का एलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा है कि विभागीय शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आयोजित की जाएगी। शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार जिनकी सेवा पांच साल से कम बची है उन्हें छोड़कर अन्य सभी शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक है। जिसे ध्यान में रखकर सरकार ने कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से विभागीय परीक्षा आयोजित करने की पहल की है।

■ ऑनलाइन परीक्षा की दिक्कतों पर चर्चा

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों पैटर्न से परीक्षा होगी

राष्ट्रपति के बस्तर प्रवास के सिलसिले में जगदलपुर पहुंचे शिक्षा मंत्री यादव से शुक्रवार सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल सर्किट हाउस में मिलने पहुंचा था। एसोसिएशन ने परीक्षा के पैटर्न को लेकर मांग रखी थी। जिस पर मंत्री ने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों पैटर्न से परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आश्वासन के बाद शिक्षकों ने परीक्षा को लेकर राहत की सांस ली है। वहीं, मंत्री का सभी शिक्षकों ने आभार भी जताया है।

ओएमआर आधारित परीक्षा की मांग

एसोसिएशन का तर्क है कि ऑनलाइन परीक्षा में कई तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयां आती हैं। नेटवर्क फेल होना, सर्वर डाउन होना, सिस्टम हैंग होना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बस्तर जैसे दूरस्थ अंचल में पदस्थ कई शिक्षकों के लिए ऑनलाइन परीक्षा और भी चुनौती पूर्ण होगी। विशेषकर पुराने शिक्षक जो तकनीक से ज्यादा सहज नहीं हैं, उनके लिए ओएमआर आधारित ऑफलाइन परीक्षा अधिक सुविधाजनक और व्यावहारिक है। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों की कमी, पदोन्नति आदि विषयों पर भी मंत्री से चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

हजारों अधिकारियों-कर्मचारियों को राहत

एक नवंबर से बंद नहीं होगी बस सेवा नई निविदा तक सुचारु रहेगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर से नया रायपुर स्थित मंत्रालय और संचालनालय आने-जाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। आगामी एक नवंबर से बस सेवा बंद होने की चल रही खबरों पर अब विराम लग गया है। मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष और सचिव ने वित्त विभाग एवं रजिस्ट्रार शाखा के साथ इस संबंध में विस्तृत चर्चा की है।

बस संचालन सुचारू रूप से जारी रहेगा

छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय ने सभी कर्मचारियों को स्पष्ट किया है कि जब तक नई निविदा की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक बस संचालन सुचारू रूप से जारी रहेगा। कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे इस विषय को लेकर चिंता या असमंजस में न रहें।

41 सहायक ग्रेड-2 और मानचित्रकार इधर से उधर, शासन ने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में विभागीय कामकाज में कसावट लाने के लिए 84 कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। 22 अक्टूबर को जारी आदेश के तहत 29 मानचित्रकारों, 14 सहायक ग्रेड-दो और 41 सहायक ग्रेड-दो के कर्मचारियों को नई पदस्थापना दी गई है। तबादलों के जरिए विभागीय व्यवस्था को बेहतर बनाने और कार्यों में समन्वय बढ़ाने का प्रयास किया गया है। जारी आदेश में विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को वर्तमान पदस्थापना स्थल से हटाकर दूसरे स्थानों पर पदस्थ किया गया है।

मुख्य सचिव वर्णवाल ने राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक में दिए निर्देश

नक्सलवाद खत्म करने के पैटर्न पर चलेगा मादक पदार्थों के रैकेट को खत्म करने का अभियान, शिक्षण संस्थाओं में बनाई जाएंगी एंटी ड्रग समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश को मादक पदार्थों से मुक्त बनाने के लिए राज्य शासन के अनेक विभाग संयुक्त अभियान चलाये और शुरूआत में 500 से अधिक विद्यार्थी वाले उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षक, पालक, विद्यार्थी, उच्च शिक्षा, सामाजिक न्याय विभाग तथा पुलिस को समाहित कर एंटी ड्रग समितियों का गठन किया जायेगा। यह निर्देश मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने गुरूवार को मंत्रालय में पांचवी राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक की समीक्षा करते हुए दिए।

इस बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित अनेक विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष नार्कोटिक्स और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बर्णवाल ने बैठक में कहा कि जिस प्रकार प्रदेश में नक्सलवाद को समाप्त किया गया है उसी प्रकार आगामी दो तीन वर्षों में अवैध मादक पदार्थों के संपूर्ण रैकेट को खत्म करने के लिए संबंधित विभाग गंम्भीरता पूर्वक ऐसा अभियान चलाए जिसका समाज के सभी वर्गों तक सपष्ट संदेश जाए।



राज्य स्तरीय एनसीओआरडी बैठक में निर्देश देते मुख्य सचिव बर्णवाल।

30 सितम्बर तक 50933 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

मुख्य सचिव ने ड्रग विनिष्टिकरण की कार्रवाई में देश में मध्यप्रदेश के पहले स्थान पर रहने पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि बैठक में बताया गया कि ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सभी संबंधित विभागों ने समन्वय कर इस वर्ष 30 सितम्बर तक एनडीपीएस के 2986 मामलों में 4091 आरोपियों से 50933 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है।

18 गुप्त मादक प्रयोग शालाएं ध्वस्त

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में एनसीबी का राष्ट्रीय नार्कोटिक्स का हेल्पलाइन मानस पोर्टल 1933 संचालित किया जा रहा है। जिस पर मादक पदार्थों से जुड़ी गुप्त सूचनाएं प्राप्त हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2025-2026 में कुल 811 शिकायतें प्राप्त हुईं। मध्यप्रदेश पुलिस, एनसीबी, डीआरआई और सीबीएन ने इस दौरान प्रदेश में मादक पदार्थों की 18 मादक पदार्थों की गुप्त प्रयोग शालाओं पर प्रभावी कार्यवाही कर ध्वस्त किया है।

एनडीपीएस के केसों में 446 करोड़ की संपत्ति अटैच

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश में मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में सलंग्न व्यक्तियों के विरूध कठोर कार्यवाही की गयी है। एनडीपीएस के वर्ष 2025 में 54 प्रकरणों में 300 करोड़ और वर्ष 2026 में 38 प्रकरणों में 146 करोड़ रूपये की संपत्ति अटैच करने की कार्यवाही की गयी है। सितम्बर 2026 तक एनडीपीएस के 201 विशेष ट्रॉयल मामलों को मॉनीटिरिंग में लिया गया है। इसी अवधि में न्यायालयों में लंबित मामलों में 8 में दोष सिद्धि हुई है।

प्रीकर्सर के डायवर्जन को रोकने के लिए योजना

मुख्य सचिव बर्णवाल ने मप्र में संचालित कैमिकल फैक्ट्रियों में उपयोग होने वाले प्रीकर्सर के डायवर्जन को रोकने के लिए उद्योग, श्रम, स्वास्थ्य एवं गृह विभाग को कार्य-योजना बनाकर निगरानी तंत्र या विशेष दस्ता बनाकर औद्योगिक क्लस्टर्स और एसोसिएशन की सूची आपस में साझा कर उल्लंघन करने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने एफएसएल को एनडीपीएस एक्ट के तहत भेजे गए सैंपल की जाँच रिपोर्ट 15 दिवस में प्राप्त किए जाने के लिए कार्य-योजना निर्धारित करने को कहा है।

अमानक खाद की बिक्री के आरोप, शिकायत के बाद भी जांच का अता-पता नहीं

सिंगल सुपर फास्फेट पाउडर के नाम पर किसानों से छलावा!

- मार्बल पाउडर मिलाकर बेचने की आशंका
- सीबीआई जांच की उठी मांग

हरिभूमि, जबलपुर।

अन्नदाता किसानों की मेहनत और उनकी फसल की गुणवत्ता से खिलवाड़ का गंभीर मामला सामने आया है। जबलपुर सहित अन्य जिलों में सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) पाउडर के नाम पर कथित तौर पर अमानक और घटिया गुणवत्ता का उत्पाद बेचे जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। किसानों को जिस उर्वरक से फसल की बेहतर पैदावार और मिट्टी की उर्वरता में सुधार की उम्मीद रहती है, उसी की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि बाजार में बिक रहे कुछ सुपर फास्फेट पाउडर का अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहा, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मामले की शिकायत कृषि विभाग तक पहुंचने के बावजूद जांच और कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

मामले को लेकर कृषि कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के संयुक्त संचालक के.एस. नेताम के बयानों में भी विरोधाभास सामने आने का दावा किया गया है। पहले उन्होंने मामले की जानकारी नहीं होने की बात कही और अगले दिन जांच कराने की बात कही। वहीं, जब उन्हें उप संचालक कृषि को जारी अपने हस्ताक्षरयुक्त जांच आदेश के संबंध में बताया गया, तो उन्होंने आदेश जारी करने की पुष्टि करते हुए कार्रवाई की जानकारी लेने की बात कही। ऐसे में सवाल उठता है कि जब शिकायत और जांच आदेश मौजूद हैं, तो अब तक कार्रवाई की स्थिति सामने क्यों नहीं आई?



सीबीआई जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई जा रही है। मांग है कि संबंधित उत्पाद के नमूनों की मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच कराई जाए, उसके निर्माण स्थल, आपूर्ति श्रृंखला, डीलरशिप और बिक्री नेटवर्क की पड़ताल हो तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले में व्यापक अनियमितता या संगठित नेटवर्क के प्रमाण सामने आने पर सक्षम एजेंसी से जांच कराने की मांग भी की जाएगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर किसानों के हितों की रक्षा और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किए जाने की बात कही गई है। किसानों के लिए बिकने वाले उर्वरक की गुणवत्ता सुनिश्चित करना कृषि विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। अब देखना यह है कि विभाग आरोपों की निष्पक्ष जांच कर वास्तविकता सामने लाता है या किसानों को अपने नुकसान का जवाब पाने के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

मार्बल पाउडर से तैयार किए जाने का आरोप

सूत्रों के हवाले से आरोप लगाया जा रहा है कि संबंधित सुपर फास्फेट पाउडर राजस्थान के किसी जिले से जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में पहुंच रहा है। इसकी आपूर्ति और बिक्री से जुड़े नेटवर्क की भी जांच की आवश्यकता बताई जा रही है। आरोप यह भी है कि उत्पाद में मार्बल पाउडर का इस्तेमाल किया जा रहा है। यदि जांच में उत्पाद अमानक पाया जाता है या उसमें भ्रामक तरीके से दूसरे पदार्थ मिलाए जाने की पुष्टि होती है, तो यह किसानों के साथ धोखाधड़ी और उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़ा गंभीर मामला हो सकता है।

शिकायत के बाद भी कार्रवाई पर सवाल

कृषि विभाग को शिकायत दिए जाने के बाद भी जांच के परिणाम सामने नहीं आने की बात कही जा रही है। ऐसे में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि संबंधित उत्पाद के नमूने लिए गए या नहीं, उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया या नहीं और बिक्री करने वाली फर्मों तथा आपूर्ति स्रोत की पड़ताल की गई या नहीं। यदि जांच आदेश जारी हुआ है, तो उस पर हुई कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि किसानों का भरोसा बना रहे और दोषियों को संरक्षण मिलने की आशंका दूर हो सके।

टक्कर इतनी भीषण कि क्षतिग्रस्त हुईं गाड़ियां, एयरबैग खुलने से बची सवारियों की जान, घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा

मदनमहल फ्लाईओवर पर दो लग्जरी इलेक्ट्रिक कारों की आमने-सामने भिड़ंत

हरिभूमि, जबलपुर।

मदनमहल-दमोहनाका फ्लाईओवर पर शुक्रवार रात करीब 7 बजे मदनमहल रोटरी के पास दो लग्जरी इलेक्ट्रिक कारों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि टक्कर के दौरान दोनों वाहनों के एयरबैग खुल गए, जिससे कारों में सवार लोगों की जान बच गई। हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



क्रॉसिंग के दौरान बिगड़ा संतुलन

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मदनमहल रोटरी के पास रानीताल की ओर जाने वाले फ्लाईओवर मार्ग पर कार क्रमांक एमपी 20 एक्सई 3411 और एमपी 20 जेडवाई 0373 आमने-सामने टकरा गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों कारें तेज रफ्तार में थीं। फ्लाईओवर पर क्रॉस करते समय दोनों वाहनों के चालकों के बीच तालमेल बिगड़ने से कारों के दाहिने हिस्से में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास से गुजर रहे लोग मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त कारों में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। इसके बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

सूचना पर पहुंची मदनमहल पुलिस

हादसे की सूचना मिलते ही मदनमहल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। थाना प्रभारी उमेश यादव के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में एक टाटा नेक्सॉन और दूसरी टाटा कर्व इलेक्ट्रिक कार है। दोनों वाहनों में सवार लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस हादसे के कारणों और परिस्थितियों की जानकारी जुटा रही है।

एयरबैग ने निभाई सुरक्षा कवच की भूमिका

हादसे में दोनों कारों का बुरी तरह क्षतिग्रस्त होना टक्कर की तीव्रता को दर्शाता है। ऐसे में एयरबैग का समय पर खुलना सवारियों के लिए जीवनरक्षक साबित हुआ। यह घटना एक बार फिर तेज रफ्तार में वाहन चलाने के खतरों और सड़क पर सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित करती है।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान निरीक्षण में मिली खामियां

प्रभारी प्राचार्य सहित 5 शिक्षकों पर कार्रवाई

जबलपुर। मुख्यमंत्री जनविश्वास कार्यक्रम के दौरान संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग घनश्याम सोनी द्वारा विकासखंड कुंडम के शासकीय हाईस्कूल तिलसानी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक कार्य एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति से संबंधित विभिन्न अनियमितताएं एवं लापरवाही सामने आई।

निरीक्षण में विद्यार्थियों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम पाई गई। विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए विद्यालय स्तर पर अपेक्षित प्रयास नहीं किए जा रहे थे। विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर भी संतोषजनक नहीं पाया गया। कक्षाओं में डेली डायरी एवं स्टूडेंट रजिस्टर अपूर्ण पाए गए तथा विद्यार्थियों को नियमित रूप से गृहकार्य दिए जाने की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी। विद्यालय परिसर में स्वच्छता का भी अभाव पाया गया। इसके अतिरिक्त गत वर्ष की तुलना में बोर्ड परीक्षा परिणाम में भी कमी पाई गई।

निरीक्षण में पाई गई इन कमियों एवं लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी द्वारा प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अर्चना यादव सहित पाँच शिक्षकों—अशोक साहू, श्रीमती संगीत नोरोजी, श्रीमती गुलफिसा नूरी, श्रीमती ममता ठाकुर एवं श्रीमती रंजना प्रजापति—को 12 अक्टूबर 2026 को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था।

संबंधित प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा 17 अक्टूबर 2026 को संयुक्त संचालक कार्यालय में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। संयुक्त संचालक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरणों का परीक्षण किया गया, जो संतोषजनक एवं समाधानकारक नहीं पाए गए।

प्रकरण में अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी द्वारा पाँचों शिक्षकों— अशोक साहू, श्रीमती संगीत नोरोजी, श्रीमती गुलफिसा नूरी, श्रीमती ममता ठाकुर एवं श्रीमती रंजना प्रजापति—की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्रवाई की गई है। वहीं प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अर्चना यादव की दो वेतनवृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकने संबंधी प्रस्ताव आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल को प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड स्त्रोत समनवयक एवं जनशिक्षक को चेतावनी दी गई हैं कि विद्यालयों का समय पर निरीक्षण करे तथा गुणवत्तायुक्त शिक्षा सभी को प्राप्त हो इसके लिए सतत निरीक्षण करे ।

सीबीएसई स्कूलों को अंतिम मौका, 30 अक्टूबर तक जमा करनी होगी विद्यार्थियों की सूची

जबलपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की सूची जमा करने से चूके विद्यालयों को एक और अवसर दिया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अभ्यर्थी विवरण सूची जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि 21 अक्टूबर थी। अब विद्यालय 30 अक्टूबर तक विलंब शुल्क के साथ यह प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के बीच विद्यालयों के लिए यह अंतिम अवसर महत्वपूर्ण है। जिन स्कूलों ने अब तक सभी पात्र विद्यार्थियों का विवरण जमा नहीं किया है, उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर सूची और आवश्यक शुल्क जमा करना होगा। समयसीमा के बाद अतिरिक्त अवसर मिलने की संभावना नहीं होने से विद्यालय प्रबंधन को प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। विद्यालयों को विद्यार्थियों का विवरण दर्ज करने के साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी पात्र विद्यार्थी का पंजीयन छूटने न पाए। अंतिम तिथि तक प्रक्रिया पूरी नहीं होने की स्थिति में परीक्षा संबंधी प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

140 करोड़ की आबादी में पीटी उषा जैसी प्रतिभा एक ही: मंत्री

पीटी उषा का जबलपुर में आत्मीय स्वागत, खिलाड़ियों से की मुलाकात

जबलपुर। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. पीटी उषा का शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित होटल नर्मदा जैक्सन में आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान डॉ. पीटी उषा ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने उनके खेल जीवन, संघर्ष, उपलब्धियों और देश के लिए योगदान का उल्लेख करते हुए उन्हें खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा कि देश में अनेक प्रतिभाएं हैं, लेकिन कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिन पर केवल परिवार या प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरा देश गर्व करता है। देश की उड़नपरी डॉ. पीटी उषा ऐसी ही शख्सियत हैं। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ की आबादी में पीटी उषा जैसी प्रतिभा का होना देश के लिए गौरव की बात है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि उसे पहचान मिले, लेकिन पीटी उषा जैसी प्रतिष्ठा और कीर्ति हासिल करना असाधारण उपलब्धि है। वर्षों के परिश्रम, समर्पण और उपलब्धियों से ही ऐसी ख्याति प्राप्त होती है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जब डॉ. पीटी उषा संसद में अपनी बात रखती हैं, तो सदस्य उन्हें केवल राज्यसभा सांसद के रूप में नहीं, बल्कि भारत का गौरव बढ़ाने वाली महान खिलाड़ी के रूप में सुनते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी महान प्रतिभा का स्वागत करना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

संघर्ष और उपलब्धियों की मिसाल हैं पीटी उषा

मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह ने डॉ. पीटी उषा की उपलब्धियों और उनके संघर्षपूर्ण सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका परिचय देने की आवश्यकता नहीं है। उड़नपरी और पय्योली एक्सप्रेस जैसे नामों से पहचानी जाने वाली पीटी उषा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने उनके शुरुआती जीवन का जिक्र करते हुए बताया कि केरल के छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सफर संघर्ष और दृढ़ संकल्प की मिसाल है। सीमित संसाधनों और सुविधाओं के बावजूद उन्होंने जिस ऊंचाई को हासिल किया, वह देश के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह एवं सहित अन्य उपस्थित रहे।

जोन कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हितग्राही, मानव अधिकार आयोग ने मांगा प्रतिवेदन

जबलपुर। भानतलैया स्थित नगर निगम के जोन क्रमांक 8 और 16 में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने पहुंच रहे हितग्राहियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसी को बंद पेंशन चालू करवानी है, तो कोई मजदूरी कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, आधार कार्ड में सुधार और लोन संबंधी कार्यों के लिए जोन कार्यालय के चक्कर लगा रहा है। आरोप है कि कर्मचारियों की लापरवाही और सर्वर बंद होने की बात कहकर हितग्राहियों के काम समय पर नहीं किए जा रहे हैं। कार्यालय में बैठने के लिए कुर्सी या बेंच की व्यवस्था नहीं होने से बुजुर्गों को जमीन पर बैठकर इंतजार करना पड़ता है। वहीं, पेयजल की उचित व्यवस्था भी नहीं है। मामले में मीडिया रिपोर्ट के आधार पर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने जनहित में संज्ञान लिया है। आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय की प्रभारी फरजाना मिर्जा के अनुसार, भोपाल स्थित आयोग की मुख्यपीठ में सुनवाई के दौरान अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया इसे मानव अधिकारों के हनन का मामला माना है। आयोग ने जबलपुर कलेक्टर को मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन दो सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

रेल नीर बेचने के विवाद में वेंडर पर हमला

जबलपुर। मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर शुक्रवार सुबह रेल नीर बेचने को लेकर हुए विवाद में एक अनाधिकृत वेंडर ने अधिकृत वेंडर नितिन पर हमला कर दिया। बताया गया कि ट्रेन की खिड़की पर यात्री को पानी की बोतल देने के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी ने नितिन के चेहरे पर मुक्का मार दिया। हमले में उसका होंठ कट गया। कैंटीन प्रबंधन ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चार टांके लगाए। घटना संघमित्रा एक्सप्रेस के स्टेशन पर रुकने के दौरान हुई। आरोप है कि यात्रियों को सामान बेचने के लिए दोनों पक्षों के बीच पहले से प्रतिस्पर्धा चल रही थी। इसी दौरान बोतल देने को लेकर विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया। यात्रियों के सामने हुई घटना से स्टेशन परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर सवाल

घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी का दल मौके पर पहुंचा, लेकिन पीड़ित पक्ष के अनुसार आरोपी के खिलाफ तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्टेशन पर बिना अनुमति खाद्य सामग्री बेचने वालों की मौजूदगी और अधिकृत वेंडरों के साथ विवाद की घटनाओं को लेकर निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। मामले में आरोपी के खिलाफ आगे क्या कार्रवाई हुई, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।



तलवार रास में महिलाओं ने दिखाया शौर्य और साहस

राजपूताना महिला संगठन ने आयोजित किया शस्त्र पूजन समारोह

जबलपुर। विजयादशमी के अवसर पर रॉयल राजपूताना महिला संगठन द्वारा आयोजित शस्त्र पूजन एवं तलवार रास समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शामिल हुए। समारोह में महिलाओं ने तलवारबाजी का अद्भुत प्रदर्शन कर नारी शक्ति के शौर्य, साहस और आत्मविश्वास का प्रभावशाली परिचय दिया। कार्यक्रम में पारंपरिक शस्त्र पूजन के साथ तलवार रास का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ तलवारबाजी के कौशल का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन ने राजपूताना परंपरा, वीरता और सांस्कृतिक गौरव की झलक प्रस्तुत की। समारोह में नारी शक्ति के सामर्थ्य और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश भी उभरकर सामने आया।

अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों को 2006 से छठे वेतनमान का लाभ दें

जबलपुर। मध्यप्रदेश के अध्यापक संवर्ग के हजारों शिक्षकों के छठे वेतनमान और पुरानी सेवा अवधि के लाभ से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश के पालन के लिए अंतिम मोहलत दी है। शिक्षकों को पहली नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर एक जनवरी 2006 से छठे वेतनमान सहित वरिष्ठता, वेतनवृद्धि, एरियर्स और पेंशन संबंधी लाभ देने की मांग की गई है।

हाईकोर्ट ने कहा- आदेश का पालन करें अन्यथा स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को होना होगा हाजिर

मामले में अगली सुनवाई 23 नवंबर को निर्धारित की गई है। जबलपुर निवासी राजेश कुमार पांडेय सहित अन्य शिक्षकों ने याचिका दायर कर संविलियन से पहले की सेवा को मान्य करने की मांग की थी। उनका कहना है कि पंचायत विभाग में प्रारंभिक नियुक्ति के बाद वर्ष 2006 में अध्यापक संवर्ग में संविलियन हुआ और वर्ष 2018 में स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया। सरकार ने छठे वेतनमान का लाभ वर्ष 2016 से देने का निर्णय लिया था, जिसे शिक्षकों ने चुनौती दी। हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के विरुद्ध राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी, जो 24 अगस्त 2026 को खारिज हो गई। इसके बाद करीब 497 शिक्षकों की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर आदेश का पालन कराने की मांग की गई। 24 सितंबर को जस्टिस दीपक खोट की सिंगल बेंच ने सरकार को चार सप्ताह में अनुपालन के निर्देश दिए थे। शिक्षक पक्ष के अनुसार, पहली नियुक्ति से सेवा की गणना होने पर प्रदेश के करीब 70 हजार शिक्षकों को लाभ मिल सकता है। इससे वेतन निर्धारण, वरिष्ठता, वेतनवृद्धि और पेंशन पर असर पड़ेगा।

काली विसर्जन में करंट का मामला, विभागीय जांच के आदेश

मझौली हादसे में सहायक अभियंता निलंबित

जबलपुर। मझौली में प्रतिमा विसर्जन के दौरान करंट लगने से दो युवकों की मौत और छह लोगों के झुलसने के मामले में बिजली विभाग ने कार्रवाई की है। सहायक अभियंता एमपी प्रजापति को प्रारंभिक रूप से दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया है। हादसे की विस्तृत जांच कार्यपालन अभियंता, सिहोरा को सौंपी गई है। जांच में हादसे के कारणों के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।



लोहे के पाइप से 11 केवी लाइन उठाने की कोशिश

अधीक्षण यंत्री, जबलपुर ग्रामीण खुशियाल शिववंशी के अनुसार, विसर्जन के लिए ले जाई जा रही प्रतिमा करीब 20 फीट ऊंची थी। रास्ते में 11 केवी बिजली लाइन आने के कारण उसे पार कराने के लिए तार ऊपर उठाने का प्रयास किया गया। विभागीय जानकारी के मुताबिक, समिति के कुछ लोगों ने इसके लिए लोहे के पाइप का इस्तेमाल किया। पाइप के बिजली लाइन के संपर्क में आने से करंट फैल गया और इसकी चपेट में आकर आठ लोग प्रभावित हुए। इनमें तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य झुलस गए।

मौके पर मौजूद था लाइन स्टाफ

बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान मौके पर लाइन स्टाफ मौजूद था। उनका दावा है कि समिति के लोगों को तार ऊपर उठाने के लिए कर्मचारियों की मदद लेनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने स्वयं लोहे के पाइप से लाइन उठाने का प्रयास किया। इसी दौरान हादसा हो गया।

जांच में तय होगी विभागीय लापरवाही

हादसे के बाद सहायक अभियंता एमपी प्रजापति को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। हालांकि, विभागीय जिम्मेदारी और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी पहलुओं की जांच अभी बाकी है। जांच अधिकारी यह पता लगाएंगे कि मौके पर बिजली कर्मचारियों की क्या भूमिका थी, बिजली लाइन के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे या नहीं और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन हुआ था या नहीं। कार्यपालन अभियंता, सिहोरा को सौंपी गई जांच की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विभाग गंभीर नहीं केवल विद्युत बिल वसूलने से मतलब

विद्युत के तिरझे पोल झूलते तार दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण

सिहोरा। विद्युत के झुलते तारों के कारण लगातार हो रहे हादसों के बाबजूद भी विद्युत वितरण कंपनी बांस बल्ली के सहारे विद्युत वितरण करने से वाज नहीं आ रही। हवा में झुलते नंगे तारो में दौड़ते विद्युत करेण्ट से न जाने कितने किसानों के अरमान खाक में मिलाने के अलावा अनेक लोगो को असमय काल का ग्रास बनने मजबूर करने के बाद भी विद्युत वितरण कंपनी केवल मुनाफे के लिए केवल व्यवसाय करने ऊतारु है। आये दिन बांस बल्ली के सहारे झुलती सर्विस लाईन की शिकायत पर विद्युत कंपनी केवल मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत कटौती कर अपने कर्तव्यों की इती श्री कर लेती है।



गुणवत्ता हीन आपुर्ती उसमें भी जान जोखिम का खतरा

सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत नई बसाहट वाली अनेक कालोनी में विद्युत आपुर्ती दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। विदित हो अनेक वार्डों में नगर पालिका ने विद्युत पोल भी लगवा दिये इसके बाद भी विद्युत आपुर्ती का रवैया आज भी ढर्रे पर ही चल रहा है जिसके कारण जान जोखिम में डालने के बाद भी लोगो को गुणवत्ता युक्त आपुर्ती नहीं हो पा रही। कई वार्ड में काफी संख्या में उपभोक्ता विद्युत कनेक्शन लिए हुए हैं। विभाग द्वारा अस्थाई कनेक्शन तो दे दिया गया लेकिन खंभे नहीं लगाए गए। इस कारण उपभोक्ता काफी दूर तक बांस बल्लियों के सहारे तार खींचे हुए हैं। विद्युत तार अधिक होने के कारण अक्सर बांस के खंभे टूट जाते हैं। इससे हमेशा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। लोगो का कहना है कि लटके तारों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।वार्ड नं 1 सिलोड़ी रोड़ स्थित कालोनी में निवासरत एन के गर्ग ने बताया की कालोनी में समय के साथ मकान बनते गये विद्युत कंपनी ने लोगों को कनेक्शन भी दिये लेकिन उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या के अनुरुप पोल नहीं लगाते जिसके कारण एक ही पोल से लम्बी दुरी की सर्विस लाइन के भार के कारण विद्युत पोल वर्षों से झुककर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है जिम्मेदारो से अनेक बार शिकायत के बाद भी कंपनी के अधिकारी किसी जनहानी की वाट जोह रहे हैं।

श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ गढ़ा रामलीला महोत्सव संपन्न

गुरु वशिष्ठ ने किया प्रभु श्रीराम का तिलक, आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण से रामलीला मैदान हुआ भक्तिमय

जबलपुर। गढ़ा रामलीला के षष्ठिपूर्ति 60वें मंचन महोत्सव का भव्य समापन भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक एवं वानर सेना की विदाई की लीला के साथ हुआ। "प्रथम तिलक गुरु वशिष्ठ मुनि कीन्हा" की चौपाई के बीच परम पूज्य जगद्गुरु राजारामाचार्य जी महाराज ने गुरु वशिष्ठ के स्वरूप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रभु श्रीराम का तिलक कर उन्हें अयोध्या का सम्राट घोषित किया। इस भावपूर्ण दृश्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे एवं विशिष्ट अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने भी श्रीराम का तिलक कर सुख, समृद्धि, शांति और सद्भाव की कामना की। राज्याभिषेक के बाद आकर्षक आतिशबाजी हुई और मिष्ठान वितरित किया गया। रामराज्य की आदर्श परिकल्पना तथा वानर सेना की विदाई के प्रसंग ने त्याग, मित्रता, सहयोग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया।



इस अवसर पर डॉ. अजय तिवारी एवं रामलीला समिति गढ़ा के आजीवन सदस्य व पूर्व अध्यक्ष राकेश पाठक का सम्मान किया गया। समिति संचालक पं. अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष-निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित, अजेय प्रताप सिंह सहित पदाधिकारियों ने आयोजन में योगदान दिया। अशोक बघेल 'दादा भाई', डॉ. भूपेन्द्र उपाध्याय, हनुमंत सिंह रघुवंशी, गनपत कोष्टा, उमाशंकर मिश्रा, डॉ. रमेश बसेड़िया, केदारनाथ शर्मा, विजय नेमा, राजेश नेमा, पंकज अवस्थी, राजेश परोह, प्रमोद तिवारी, डॉ. नीना उपाध्याय, इंदुलता प्यासी, विनायक तिवारी एवं नीरज दुबे ने जगद्गुरु राजारामाचार्य जी महाराज की संत अर्चना की। गोविंदगंज रामलीला संस्था के पदाधिकारियों एवं कलाकारों का भी अभिनंदन किया गया। पं. अशोक मनोध्याय ने सभी कलाकारों, सहयोगियों, दानदाताओं एवं सदस्यों के प्रति आभार जताया।

सैलवारा में निःशुल्क नेत्र शिविर 25 को

सिहोरा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर, रविवार को शैलेश्वर धाम सैलवारा, मंझगवां में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। श्री 1008 परमहंस प्रकाशवन अवधूत महाराज के आशीर्वाद से आयोजित शिविर स्व. श्रीमती शकुंतला तिवारी स्मृति सेवा समिति एवं सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में होगा। आयोजकों ने नागरिकों, बुजुर्गों एवं नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों से शिविर का लाभ लेने की अपील की है।



शहीदों के सम्मान में 22 नवंबर को दौड़ेगा जबलपुर

सूर्या हाफ मैराथन की तैयारियां तेज

जबलपुर। शहीद सैनिकों के सम्मान और पूर्व सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से 22 नवंबर 2026 को जबलपुर में सूर्या हाफ मैराथन आयोजित की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर मुख्यालय मध्य भारत एरिया में शहर के उद्योगपतियों और व्यापारियों की बैठक हुई। इसमें उद्यमियों को प्रायोजन के अवसरों की जानकारी दी गई।



सूर्या कमांड के तत्वावधान में आयोजित इस मैराथन की थीम 'शहीदों का सम्मान, पूर्व सैनिकों को नमन' रखी गई है। यह आयोजन प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट और नेशनल मैराथन कैलेंडर से जुड़ा है। बैठक में दिगंबर इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड के अंकित सिंह राजपूत और यश जैन, नीलाम्बरा बेवरेजेज के गिरीश गजभिये, अमूल जबलपुर के विक्रम कुशवाहा, पी.के. द्विवेदी, डीआईसी जबलपुर के संतोष शिवहरे, डीटीके जबलपुर के विनीत कुमार रजक, महाकौशल उद्योग के एन.के. श्रीवास्तव और कोका-कोला के अतुल शर्मा सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार, मैराथन के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 12 नवंबर 2026 है। आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ शहीदों और पूर्व सैनिकों के योगदान को सम्मान देना है।

पश्चिम मध्य रेल में पेयजल की हो रही नियमित जांच

जबलपुर। यात्रियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में जल गुणवत्ता की नियमित जांच की जा रही है। 28 सितंबर से 22 अक्टूबर 2026 तक जबलपुर मंडल में अवशिष्ट क्लोरीन के 1,909 नमूनों में 1,907 मानक के अनुरूप मिले, जबकि बैक्टीरियोलॉजिकल जांच के 207 नमूनों में 183 उपयुक्त पाए गए और 24 की जांच जारी है। भोपाल मंडल में क्लोरीन के 1,744 और बैक्टीरियोलॉजिकल जांच के 126 नमूने उपयुक्त मिले। कोटा मंडल में क्लोरीन के 1,819 परीक्षणों में 1,817 सफल रहे तथा बैक्टीरियोलॉजिकल जांच के सभी 114 नमूने उपयुक्त पाए गए। रेल प्रशासन के अनुसार, जल स्रोतों की निगरानी के साथ गुणवत्ता में कमी मिलने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।



श्रीराम के राज्याभिषेक पर भावविभोर हुए दर्शक

सिहोरा। राम जानकी मंदिर एवं सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति मानस भवन गांधीग्राम के संयुक्त संयोजन में आयोजित रामलीला में शारदा आदर्श रामलीला मंडल नागौद, बारह पत्थर, जिला सतना के कलाकारों ने श्रीराम के राज्याभिषेक एवं विभीषण के राजतिलक का भावपूर्ण मंचन किया। श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने पर भरत ने उनकी चरण पादुकाएं सिंहासन से उतारकर उन्हें राजसिंहासन पर विराजमान कराया। राजगुरु एवं ऋषि-मुनियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राज्याभिषेक किया। वहीं श्रीराम ने विभीषण को लंका का राजा बनाया। जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा और दर्शक भावविभोर हो गए। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं राजकुमारों की आरती मंदिर अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, दुर्गोत्सव समिति अध्यक्ष महेश सेन, सुरेश असाटी, रेवाशंकर असाटी, विजय चौरसिया, लक्ष्मण काछी, भागचंद साहू, हरिशंकर तिवारी, मंहगू चौरसिया एवं राम मनोहर तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने की।

आदिशक्ति समिति का गरबा आज

सिहोरा। आदिशक्ति गरबा समिति द्वारा आज शनिवार को सांय 6.30 बजे परिणिता पैलेस में गरबा का आयोजन किया गया है। समिति की अंजली पांडे,प्रेरिका मिश्रा,अंशू जयसवाल आदि ने एंट्री पास लेकर गरबा में पहुंचने की अपील की है।

रानीताल ईदगाह में दो दिवसीय उर्स आज से

जबलपुर। ईदगाह कलां, रानीताल में शनिवार से दो दिवसीय उर्स सलामी, बुरहानी एवं मेहमूदी का आयोजन होगा। उर्स की सरपरस्ती मुफ्ती-ए-आजम मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी करेंगे। नायब सज्जादानशीन हजरत सूफी जियाउल हक कादरी के अनुसार, शनिवार को मगरिब की नमाज के बाद महफिल-ए-मिलाद शरीफ होगी। रविवार, 25 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे हजरत मौलाना इनामुल हक कादरी बुरहानी की कयादत में आगा चौक से चादर जुलूस निकलेगा। रानीताल ईदगाह में चादरपोशी एवं गुलपोशी के बाद कुल शरीफ, नियाज और रात 9:30 बजे उलेमा-मशाइख की तकरीरों से सजा जलसा होगा। फज्र की नमाज के बाद कुल शरीफ, सलातो-सलाम एवं दुआ के साथ उर्स का समापन होगा। आयोजकों ने अकीदतमंदों से शामिल होने की अपील की है।



20 हजार की रिश्वत लेते नगर निगम का लिपिक ट्रैप

एनओसी जारी करने के बदले मांगे थे 25 हजार रुपये

जबलपुर। ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटित प्लॉट पर निर्माण के लिए बैंक लोन की एनओसी जारी करने के बदले रिश्वत मांगने वाले कटनी नगर निगम की संपदा शाखा के लिपिक आलोक गर्ग को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने शुक्रवार को 20 हजार रुपये लेते रंगे हाथों पकड़ा। लोकायुक्त एसपी अंजुलता पटले के अनुसार, ट्रांसपोर्टर अशोक कनकने को ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में प्लॉट नंबर 137 आवंटित है। निर्माण के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा से ऋण लेने पर नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा गया था। आरोप है कि एनओसी जारी करने के एवज में लिपिक ने 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने पर लोकायुक्त टीम ने सत्यापन कर कार्रवाई की। शिकायतकर्ता ने जैसे ही 20 हजार रुपये दिए, टीम ने आरोपी को पकड़ लिया। कार्रवाई में रेखा प्रजापति, राहुल गजभिए और शशि मरसकुले सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।



26 अक्टूबर को होगा बरेला महोत्सव

बरेला। नगर गौरव दिवस के अवसर पर 26 अक्टूबर, सोमवार को श्री सिद्ध पीठ दादा दरबार, बस स्टैंड बरेला में शाम 6 बजे से बरेला महोत्सव 2026 का आयोजन होगा। माता शारदा की गोद में बसे बरेला में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुशील तिवारी (इंदु भैया) होंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सारेगामापा विजेता एवं इंडियाज गॉट टैलेंट की प्रथम रनरअप जबलपुर की गायिका इशिता विश्वकर्मा की प्रस्तुति होगी। वहीं अंकिता गिनारा एवं श्रीजी कला संस्था जबलपुर की टीम नृत्य प्रस्तुतियां देगी। आयोजन का उद्देश्य नगर की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देना है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनम सोनू सोनकर, सीएमओ संजय पांडे, उपयंत्री संजय कैथवास, पार्षदों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने नागरिकों से महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

दो दिनों में 304 हितग्राहियों का हुआ पंजीयन

असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले महिला एवं पुरुष श्रमिकों को लाभान्वित

जबलपुर। जिले में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में सभी ब्लॉकों के क्लस्टर गांवों में विशेष पंजीयन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल संचालन के लिए श्रम विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है, जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहयोगी विभाग के रूप में शामिल हैं। मैदानी स्तर पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं घर-घर पहुंचकर संभावित हितग्राहियों को शिविरों तक ला रहे हैं और उनका पंजीयन सुनिश्चित करा रहे हैं। भारत सरकार की इस कल्याणकारी योजना के तहत 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले महिला एवं पुरुष श्रमिकों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पंजीकृत हितग्राही अपनी इच्छानुसार 40 वर्ष की आयु तक नियमित प्रीमियम का भुगतान करेंगे, जिसके पश्चात 60 वर्ष की उम्र पूरी होने पर उन्हें जीवनभर प्रति माह 3 हजार रुपए की पेंशन प्राप्त होगी। जिले में चलाए जा रहे इस अभियान को ग्रामीणों में भरपूर उत्साह है, जिसके फलस्वरूप बीते दिवस आयोजित शिविर में 94 तथा शिविर में 210 हितग्राहियों का सफलता पूर्वक पंजीयन किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत आयोजित शिविरों में पहुंचकर पंजीयन की निगरानी कर रहे हैं।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के 10 वार्डों में लगभग 26 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक अधोसंरचना के निर्माण और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं। सड़क, पेयजल, बिजली, स्वच्छता, आवास, सार्वजनिक सुविधाओं और नगरीय विकास से जुड़े कार्यों के माध्यम से विकास को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जबलपुर की पश्चिम विधानसभा में भी विकास कार्यों को गति दी जा रही है। यह बात प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के विभिन्न वार्डों में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कही।

लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के 10 वार्डों में लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का लोकार्पण तथा लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश में सड़क, परिवहन, आवास, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर कार्य कर रही है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के शहरों और गांवों में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा शहरों को आधुनिक और सुव्यवस्थित स्वरूप देना है। जबलपुर में भी सड़क, नाली, बिजली, पार्क, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्य इसी उद्देश्य के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य नागरिकों को सुविधाजनक और बेहतर जीवन उपलब्ध कराना है। हमारा प्रयास है कि विधानसभा क्षेत्र का कोई भी मोहल्ला या क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। विकास कार्यों के चयन में नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्री श्री सिंह ने क्षेत्रीय नागरिकों से कहा कि यदि उनके क्षेत्र में कोई आवश्यक कार्य शेष है तो वे उसकी जानकारी दें।

श्री सत्य नारायण गोदानी- मां खेरमाई परिसर गोपाल विहार निवासी श्री सत्य नारायण गोदानी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजनाथ सिंह सराफ- हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री राजनाथ सिंह सराफ (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती शकुन ठाकुर- पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री केपी ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई ठाकुर (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री प्रकाश कोरी- हाथीताल निवासी श्री प्रकाश कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती माना बाई बैरागी- इंद्रा बस्ती गौराव तालाब के पास एलआईसी मदनमहल निवासी श्री बुद्धू राम बैरागी की धर्मपत्नी श्रीमती माना बाई बैरागी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुरेश कुमार खंडेलवाल- साकार सनराइज भैंसासुर रोड नेपियर टाउन निवासी श्री सुरेश कुमार खंडेलवाल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती निशा कोरी- शंकर नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री महेश कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती निशा कोरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुरेंद्र पाल सिंह- अप्सरा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री सुरेंद्र पाल सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती रेवती बाई- रामपुर पानी की टंकी के पास निवासी श्री जुग्गा प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती रेवती बाई (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुनीता चौधरी- सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री राजकुमार चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौधरी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।



श्रीमती नन्हीं बाई- बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री जसवीर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती नन्हीं बाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जीतेंद्र बेन- लकडग़ंज कुम्हार मोहल्ला निवासी श्री परसराम बेन के पुत्र श्री जीतेंद्र बेन (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री प्रदीप दास- बढ़ई मोहल्ला मदनमहल स्टेशन रोड निवासी श्री बालानंद दास के पुत्र श्री प्रदीप दास (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक कुमार द्विवेदी- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अशोक कुमार द्विवेदी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती पुष्पा स्वामी- पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री विजय स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा स्वामी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती रामरति यादव- ब्यौहारजी का बाड़ा फूटाताल निवासी श्री अशर्फी लाल यादव की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति यादव (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री सरदार सिंह वर्मा- न्यू कंचनपुर प्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री सरदार सिंह वर्मा 85 वर्ष की आयू में निधन हो गया। वे अरविंद वर्मा, दिनेश वर्मा एवं सुरेश वर्मा के पिताजी थे। अंतिम यात्रा आज 24 अक्टूबर 2026, शनिवार को प्रातः 11:30 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम में अंत्येष्टि संपन्न होगी।



हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

कंपनी परिणाम



जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ तीन गुना से अधिक

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्टील का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 5,359 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1,646 करोड़ रुपये रहा था। जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 54,927 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 45,436 करोड़ रुपये थी।

हैवेल्स के लाभ में 9.7 प्रतिशत का इजाफा



नई दिल्ली। बल्ब, ट्यूब, पंखे जैसे उपभोक्ता बिजली सामान बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 9.72 प्रतिशत बढ़कर 349.22 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। हैवेल्स इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 318.28 करोड़ रुपये था।

एसबीआई कार्ड के मुनाफे में 75 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 75 प्रतिशत बढ़कर 778 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 445 करोड़ रुपये रहा था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) प्रवर्तित क्रेडिट कार्ड कंपनी का समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 5,302 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5,136 करोड़ रुपये थी। ब्याज आय बढ़कर 2,511 करोड़ रुपये हो गई, जबकि अन्य स्रोतों से आय बढ़कर 2,630 करोड़ रुपये रही।

अदाणी पावर का लाभ 142 प्रतिशत बढ़ा



नई दिल्ली। बिजली क्षेत्र की कंपनी अदाणी पावर का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 142 प्रतिशत बढ़कर 7,019.32 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 2,906.46 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि जुलाई-सितंबर, 2026 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 29.8 प्रतिशत बढ़कर 17,014.06 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 13,106.34 करोड़ रुपये था।

सरकार चार बड़े सरकारी बैंकों में बेचेगी हिस्सेदारी, जनता को मिलेंगे 25% शेयर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार इन दिनों देश के चार बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अपनी हिस्सेदारी को अगले एक साल में घटाकर 75 प्रतिशत करने पर विचार कर रही है। ऐसा स्टॉक मार्केट रेगुलेटर 'सेबी' की 'न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग' की शर्त को पूरा करने के मकसद से किया जा रहा है। जिसके तहत शेयर बाजार में लिस्टेड हर कंपनी में कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सेदारी आम जनता के पास होना अनिवार्य है। ये चारों सरकारी बैंक शेयर बाजार (एनएसई और बीएसई) पर पहले से ही लिस्टेड हैं। सरकार के इस कदम से बैंकों में 25 प्रतिशत शेयर आम निवेशकों या अन्य शेयरधारकों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

सरकारी बैंकों के निजीकरण की भी योजना

मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव के साथ-साथ सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एकीकरण के अगले दौर की अपनी योजना पर भी काम कर रही है। सरकार का मकसद देश के छोटे व कमजोर सरकारी बैंकों को बड़े बैंकों में मर्ज कर विशाल और आर्थिक रूप से मजबूत बैंक बनाना है। ठीक जिस तरह से पीएनबी, ओरिएंटल बैंक और यूनाइटेड बैंक को मिलाकर एक कर दिया गया।



किन सरकारी बैंकों से कम होगी हिस्सेदारी?

1. इंडियन ओवरसीज बैंक- इसमें सरकार की मौजूदा हिस्सेदारी लगभग 92.44 फीसदी है। 2. पंजाब एंड सिंध बैंक-सरकार के पास इसके 93.85 प्रतिशत शेयर हैं। 3. यूको बैंक-इस बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 90.95 प्रतिशत है। 4. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया- बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 81.19 प्रतिशत है।

बैंकों को सेबी की न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग शर्त को पूरा करना है उद्देश्य

आईडीबीआई बैंक को लेकर हुई थी डील

अभी हाल ही में सरकार ने आईडीबीआई बैंक में 60.72 प्रतिशत की हिस्सेदारी बेचने के फैसले को मंजूरी दे दी है। इसे कनाडा की कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स की सहायक कंपनी 'एम/एस 10955230 कनाडा इंक' 81 रुपए प्रति शेयर पर सरकार से 52,878 करोड़ रुपए में खरीदेगी। इस 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी में 30.48 प्रतिशत शेयर भारत सरकार के हैं और 30.24 प्रतिशत शेयर जीवन बीमा निगम के हैं। विनिवेश के बाद भी बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत और एलआईसी की 19 प्रतिशत रह जाएगी।

कानूनों में बदलाव की जरूरत

बैंकों के निजीकरण के लिए कानूनों में बदलाव की जरूरत होगी। इसमें बैंकिंग कंपनीज (एक्विजिशन एंड ट्रांसफर ऑफ अंडरटेकिंग्स) एक्ट भी शामिल है। इस प्रक्रिया को बैंकों के कंसोलिडेशन के काम के साथ-साथ आगे बढ़ाया जा सकता है। सरकार ने वित्तीय संस्थानों सहित सरकारी कंपनियों को अगस्त 2026 तक 25 प्रतिशत न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग के नियम से छूट दी थी और उम्मीद है कि इस छूट को आगे और बढ़ाने की घोषणा की जाएगी।

मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए

गहरे समुद्र में तेल-गैस खोज का जोखिम घटाएगी सरकार, लागत का 50 प्रतिशत तक देगी मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार 'समुद्र मंथन' योजना के तहत 84,084 करोड़ की सहायता देगी

सरकार 84,084 करोड़ रुपये की 'समुद्र मंथन' योजना के तहत गहरे समुद्र में तेल एवं गैस की खोज के जोखिम को कम करने के लिए कंपनियों को वित्तीय सहायता देगी। इसके तहत 56 खोजी कुओं की लागत का 50 प्रतिशत तक और चार भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले कुओं की लागत का पूरा खर्च निर्धारित सीमा के भीतर सरकार उठाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। इसका उद्देश्य गहरे समुद्र में तेल और गैस की खोज को प्रोत्साहन देना और आयातित हाइड्रोकार्बन पर भारत की निर्भरता को कम करना है।

योजना के तहत 56 खोजी कुओं की 50 फीसदी लागत सरकार उठाएगी

60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकेंगे

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने दिशानिर्देशों की प्रस्तावना में 'समुद्र मंथन' योजना को हाल के वर्षों में तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन के क्षेत्र में 'सबसे महत्वाकांक्षी पहल' बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारत के तेल एवं गैस भंडार में 60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकते हैं।



सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपए प्रति कुआं देगी सहायता

दिशानिर्देशों के तहत, 56 खोजी कुओं के लिए सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपये प्रति कुआं और भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले चार कुओं के लिए 1,350 करोड़ रुपये प्रति कुआं तक सहायता देगी। इन चार कुओं के लिए सहायता केवल सरकारी कंपनियां या उनके नेतृत्व वाले गठजोड़ हासिल कर सकेंगे।

वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी

योजना के तहत 400 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को गहरे समुद्र और 1,500 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को अति गहरे समुद्र की श्रेणी में रखा गया है। वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी। कुएं की स्वीकृत गहराई का 40 प्रतिशत काम पूरा होने पर मंजूर राशि का 40 प्रतिशत और कुएं की खुदाई पूरी होने तथा रिपोर्ट मंजूर होने के बाद शेष 60 प्रतिशत दिया जाएगा।

सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को उठाना होगा

सरकारी मदद की वसूली वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के सात साल बाद या जब कंपनी खोज और विकास लागत का 50 प्रतिशत वसूल कर लेगी, इनमें से जो पहले होगा, तब शुरू होगी। हालांकि, निर्धारित सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को स्वयं उठाना होगा। समुद्र मंथन योजना के तहत साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाएगी।

शुरूआत में महानदी बेसिन पर होगा ध्यान

इसका उद्देश्य छोटे या ऐसे तेल-गैस भंडारों को उत्पादन व्यवस्था से जोड़ना है, जिनका अकेले दोहन आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं है। इसमें समुद्र के भीतर पाइपलाइन, प्रसंस्करण मंच और साझा उत्पादन इकाइयां शामिल हैं। साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए शुरुआत में महानदी बेसिन पर ध्यान दिया जाएगा, जबकि कच्छ बेसिन के लिए सांकेतिक राशि का प्रावधान है।

तेल-गैस के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना

इन परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंत्री की मंजूरी से पहले सार्वजनिक निवेश बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। इसके अलावा, तेल एवं गैस क्षेत्र के विनिर्माण और सेवा उद्योगों के लिए साझा सुविधाओं वाले औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की भी योजना है। दिशानिर्देशों के मुताबिक, यह योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक चलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 तैयारी का वर्ष होगा, जबकि 2027-28 से 2030-31 तक इसका पहला चरण लागू किया जाएगा।

सन 2030 तक 35 करोड़ से अधिक नौकरियां होगी

देश के उभरते उद्योग नई नौकरियां पैदा करने तैयार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र 2030 तक 35 करोड़ से अधिक नई नौकरियां पैदा कर सकते हैं। विभिन्न कौशल परिषदों और उद्योग संगठनों के ताजा अनुमान में यह कहा गया है। इंडिया डायडैक्टिक्स एसोसिएशन (आईडीए) ने एक बयान में कहा कि रोजगार की इस क्षमता में वृद्धि के साथ ही त्वरित कौशल विकास, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग तथा शिक्षा जगत के बीच मजबूत सहयोग की तत्काल आवश्यकता है। ऑटोमोटिव क्षेत्र 2030 तक 20-25 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां जोड़ सकता है। लॉजिस्टिक क्षेत्र में इस दौरान 47 लाख अतिरिक्त कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होगी, जबकि दूरसंचार क्षेत्र में 10 लाख नए पदों के सृजन का अनुमान है। स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 2030 तक 44 लाख से अधिक पूर्णकालिक नौकरियों की जरूरत होगी और कपड़ा तथा परिधान उद्योग में अगले तीन वर्षों के भीतर लगभग दो करोड़ नई नौकरियों की उम्मीद है। इसमें कहा गया कि चूंकि उद्योग प्रमुख और शिक्षक इस चुनौती और अवसर दोनों को पहचान रहे हैं, इसलिए भारत की शिक्षा और कौशल प्रणालियों को नियोक्ताओं की उभरती जरूरतों के साथ जोड़ा जा रहा है।

- ऑटोमोटिक क्षेत्र 20 से 25 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां जोड़ सकता है

कार्यबल के पास अवसरों का लाभ उठाने कौशल हो

बयान में कहा गया, असली चुनौती केवल नौकरियां सृजित करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हमारे कार्यबल के पास इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए कौशल हो। फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राहुल मेहता ने कहा कि एआई और प्रौद्योगिकी डिजाइन और उत्पादन के तरीके बदल देंगे, लेकिन ये कुशल लोगों की जरूरत को खत्म नहीं करेंगे।

सेंसेक्स 126, निफ्टी 88 अंक फिसला

कच्चे तेल की तेजी से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच जाने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 126 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 88 अंक नुकसान में रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चौतरफा बिकवाली और महंगाई से कंपनियों के मुनाफे पर पड़ने वाले असर की चिंता ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 125.56 अंक टूटकर 73,123.83 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 797.02 अंक तक गिरकर 72,452.37 अंक पर आ गया था। निफ्टी भी 87.65 अंक के साथ 22,600 अंक पर बंद हुआ। ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने कहा, /"वैश्विक ऊर्जा बाजार में आपूर्ति बाधित होने की आशंका ने चुनिंदा आईटी शेयरों में खरीदारी के बावजूद बाजार की धारणा कमजोर रखी।

टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स में गिरावट

सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में टाटा स्टील और अदाणी पोर्ट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इनके साथ ट्रेंट, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी नुकसान में रहे।

रिलायंस और टीसीएस में रही तेजी

दूसरी ओर, इटर्नल, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में तेजी रही।

गोदरेज प्रॉपर्टीज का लाभ 62 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 62 प्रतिशत घटकर 154.15 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 405.08 करोड़ रुपये था। शेयर बाजार को शुक्रवार को दी सूचना के अनुसार, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,571.73 करोड़ रुपये हो गई।

इंफोसिस का लाभ 6.2% बढ़कर 7823 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.2 प्रतिशत बढ़कर 7,823 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,364 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 49,244 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 44,490 करोड़ रुपये था। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा कि कंपनी को आलोच्य तिमाही में 5.2 अरब डॉलर के बड़े अनुबंध मिले, जिनमें दो अरब डॉलर से अधिक का एक बड़ा सौदा भी शामिल है।



पारेख ने कहा, /"कंपनी के कुल राजस्व में कृत्रिम मेधा (एआई) कारोबार की हिस्सेदारी 10.5 प्रतिशत रही और इसमें एक तिमाही पहले की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनियों में बड़े पैमाने पर एआई अपनाने की प्रक्रिया के बीच इस कारोबार में वृद्धि कंपनी की बाजार स्थिति और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाती है।/"

20 हजार नए स्नातकों की भर्ती का लक्ष्य

पारेख ने बताया कि बीती तिमाही में कंपनी के कर्मचारियों की शुद्ध संख्या में 4,000 की वृद्धि हुई। इस दौरान उसने कॉलेजों से 8,000 नए स्नातकों की भर्ती की। कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष में करीब 20,000 नए स्नातकों की भर्ती का लक्ष्य रखा है। इस बीच, कंपनी के निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 26 रुपये का अंतरिम लाभांश घोषित किया है, जो पिछले साल की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।

वैश्विक तनाव के बावजूद सुधरा कारोबारी भरोसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबे समय से जारी वैश्विक तनावों के बीच चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत का कारोबारी विश्वास अप्रैल-जून के 99.8 से बढ़कर 107.8 पर पहुंच गया। शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की 'बिजनेस एक्सपेक्टेशंस सर्वे' रिपोर्ट में यह कहा गया।

एनसीएईआर ने कहा कि यह ताजा सर्वेक्षण सितंबर में किया गया था जिसमें छह शहरों के विभिन्न आकारों की 502 कंपनियों को शामिल किया गया। इसमें उत्तर का प्रतिनिधित्व दिल्ली एनसीआर, दक्षिण का बेंगलुरु और चेन्नई, पूर्व का कोलकाता तथा पश्चिम का प्रतिनिधित्व मुंबई और पुणे ने किया। इसमें कहा गया, ''हालांकि व्यापार विश्वास सूचकांक (बीसीआई) में सुधार हुआ है, लेकिन यह पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही (2025-26 की दूसरी तिमाही में 142.6) की तुलना में कम है।''बीसीआई में चार घटक शामिल होते हैं - अगले छह महीनों में समग्र आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, अगले छह महीनों में कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा, मौजूदा निवेश माहौल सकारात्मक है और वर्तमान क्षमता उपयोग अनुकूलतम स्तर के करीब या उससे ऊपर था। सर्वेक्षण में कहा गया कि चारों घटकों में बेहतर धारणा के कारण दूसरी तिमाही में बीसीआई में वृद्धि हुई। एनसीएईआर ने कहा, ''अगले छह महीनों में समग्र आर्थिक स्थिति में सुधार होने की उम्मीद रखने वाली फर्मों की हिस्सेदारी 2026-27 की पहली तिमाही के 43 प्रतिशत से बढ़कर 2026-27 की दूसरी तिमाही में 50 प्रतिशत हो गई।''



सोना 1,900 रुपए लुढ़का, चांदी 5,500 रुपए टूटी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर में मजबूती के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,900 रुपये टूटकर 1,46,100 रुपये प्रति 10 ग्राम सभी करों सहित) पर आ गया। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,48,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। चांदी की कीमत भी 5,500 रुपये गिरकर 2,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 2,07,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। इस तरह चांदी में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। इस तरह, 30 सितंबर के बाद से अब तक चांदी की कीमत में 30,000 रुपये यानी करीब 13 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। जिंस बाजार में व्यापक बिकवाली के बीच चांदी पर दबाव बढ़ा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंस मामलों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, /"वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के अनुरूप घरेलू बाजार में सोने की कीमतें गिरकर जुलाई की शुरुआत के बाद के सबसे निचले स्तर पर आ गईं।/"



एक माह में चांदी 14 प्रतिशत गिरी

चॉइस ब्रोकिंग की जिंस विश्लेषक पिंकी यादव ने कहा, /"शेयर बाजार में व्यापक बिकवाली के बीच पिछले एक महीने में चांदी करीब 14 प्रतिशत गिर गई है। निवेशक प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए कीमती धातुओं में अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं।/"

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/3130/राजस्व/न.पा.नि./2026 रीवा, दिनांक 23/10/2026

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात नामांतरण की विधिवत कार्यवाही की जावेगी।

क्र.	प्रकरण क्रमांक	वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति)	इन्द्रा जी का नाम	नामांतरण ग्रहिता	नामांतरण का आधार
1.	670	26/255 अम्बेडकर नगर समान, जिला-रीवा (म.प्र.)	मो. हफीज पिता श्री शेख नसरूल्ला	मो. असरफ मंसूरी पिता श्री अब्दुल हफीज मंसूरी	पारिवारिक बटवारा
2.	526	17/1519 समदड़िया गोल्ड नरेन्द्र नगर, जिला-रीवा (म.प्र.)	श्रीमती हल्का लेडवानी पति श्री भगवान दास	श्रीमती रुकमणि सोनी पति श्री आनन्द कुमार सोनी	क्रय-विक्रय
3.	642	05/705 ढेकहा, जिला-रीवा (म.प्र.)	श्रीमती आशा त्रिपाठी पति श्री रामाश्रय त्रिपाठी	श्रीमती प्रवीन त्रिपाठी पति श्री राजेश त्रिपाठी	पंजीकृत दानपत्र
4.	689	05/642 ढेकहा, जिला-रीवा (म.प्र.)	श्री अनिरुद्ध सिंह पिता स्व. श्री अवधराज सिंह	श्रीमती दमयंती सिंह पति श्री के.वी. सिंह	क्रय-विक्रय

उपायुक्त (राजस्व)
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

कार्यालय, जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

क्र./संपत्ति/3613 जबलपुर, दिनांक : 23.10.2026

ऑनलाइन ऑफर आमंत्रण सूचना

प्राधिकरण की योजना क्रमांक 18, सिविक सेंटर एवं योजना क्रमांक 19, मदन महल जबलपुर के अंतर्गत रिक्त व्यावसायिक संपत्तियां मासिक लायसेंस फीस पर आवंटन हेतु ऑनलाइन ऑफर आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन की अवधि	27.10.2026 से 25.11.2026 (सायं 05:00 बजे तक)
बिड डालने की अंतिम तिथि	26.11.2026 (सायं 05:00 बजे तक)
तकनीकी ऑफर खुलने की तिथि	27.11.2026 (सुबह 11:00 बजे)
वित्तीय ऑफर खुलने की तिथि	27.11.2026 (दोपहर 03:00 बजे)

नोट:-

1. नियमानुसार जल प्रदाय शुल्क प्रतिमाह पृथक से देय है।
2. मासिक लायसेंस फीस पर जीएसटी (वर्तमान में प्रचलित जीएसटी नियमानुसार) अतिरिक्त देय होगा। विस्तृत जानकारी जबलपुर विकास प्राधिकरण के पोर्टल **www.vikaspradhikaran.mponline.gov.in** एवं **www.jdajabalpur.org** पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म रु. 1,000/- एवं जीएसटी रु. 180/- ऑनलाइन भुगतान कर सबमिट की जा सकती है। बोली/ऑफर प्रस्तुतकर्ताओं को निर्धारित अमानत राशि पोर्टल पर दिये गये निर्देशानुसार जमा करना होगी, तभी पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण मानी जावेगी।

संपदाधिकारी
जबलपुर विकास प्राधिकरण
जबलपुर

म.प्र. माध्यम/128792/2026

चिंतन

चीन पर भरोसा नहीं करें सुरक्षा और मजबूत बनाएं

चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय कूटनीति जब-जब बीजिंग की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखती है, तब-तब ड्रैगन की आक्रामकता भारत की पीठ में छुरा घोंपने की नई पटकथा लिख रही होती है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का बयान केवल एक आधिकारिक वक्तव्य नहीं, बल्कि दिल्ली के नीति-नियंताओं के लिए एक गंभीर चेतावनी है, जो वार्ताओं की आड़ में चीनी शांति के मुगालते में जी रहे हैं। आईटीबीपी प्रमुख ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा है कि पिछले कुछ महीनों से अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाकों में चीनी और भारतीय सैनिक आमने-सामने हैं। तीन उच्चस्तरीय वार्ताओं (डब्ल्यूएमसीसी, विशेष प्रतिनिधि वार्ता और कोर कमांडर स्तर) के ढोंग और द्विपक्षीय मुलाकातों की कृत्रिम गर्मजोशी के बावजूद सरहद पर बंदूकें तनी हुई हैं। इतिहास गवाह है कि बीजिंग का विस्तारवादी चरित्र बातचीत से नहीं सुधरने वाला। भारत के लिए अब आत्मघाती भलमनसाहत छोड़ने का समय आ गया है। चीन पर रत्ती भर भी भरोसा न करें और अपनी सुरक्षा को इतना अभेद्य बनाएं कि दुश्मन आंख उठाने से पहले कांप उठे। वर्ष 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में हुई खूनी झड़प ने भारत को यह कड़ा और दर्दनाक सबक दिया था कि ड्रैगन की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। आधुनिक दौर का युद्ध पूरी तरह से तकनीक-आधारित और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में तब्दील हो चुका है। ऐसे में आईटीबीपी द्वारा अपनी आधुनिकीकरण योजना के तहत 4,000 करोड़ रुपये में से 1,000 करोड़ रुपये केवल ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए झोंकना एक सही दिशा में उठाया गया सख्त कदम है। सबसे पहली प्राथमिकता एलएसी के अग्रिम मोर्चों तक ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के निर्माण को रॉकेट की गति देना है, ताकि आपात स्थिति में भारी हथियारों और सेना की त्वरित तैनाती सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, सीमा चौकियों पर अभेद्य भूमिगत ढांचे और बंकरों का निर्माण आधुनिक मिसाइल और ड्रोन हमलों से हमारे जवानों को लोहे की ढाल प्रदान करेगा। जवानों को दी जा रही नई रणनीतियों वाली 'स्ट्राइक' ट्रेनिंग और शौर्य कमांडो टीमों का विकास इस बात का खुला एलान है कि भारतीय सेनाएं अब सिर्फ रक्षात्मक नहीं रहेंगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुश्मन के घर में घुसकर प्रहार करने की क्षमता रखती हैं। इसके अतिरिक्त, सीमा सुरक्षा को केवल सैनिकों के भरोसे न छोड़कर एक त्रिस्तरीय अभेद्य ग्रिड में बदलना होगा। पहला, भारतीय उपग्रहों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके चीन के सैन्य जमावड़े का स्वचालित विश्लेषण कर अग्रिम सूचना हासिल की जाए। दूसरा, 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' को पूरी ताकत से लागू कर सीमावर्ती गांवों से पलायन को तुरंत रोका जाए, क्योंकि स्थानीय नागरिक ही सीमाओं पर देश के सबसे पहले 'सजग प्रहरी' और खुफिया तंत्र होते हैं। तीसरा, चीन की तकनीकी आक्रामकता को पंगु बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और स्वदेशी लेजर-आधारित काउंटर-ड्रोन सिस्टम की तैनाती को दोगुना करना होगा। चीन द्वारा बार-बार अरुणाचल प्रदेश को 'जांगनान' कहना और वहां की जगहों के फर्जी चीनी नाम जारी करना उसकी उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इसलिए भारत को अपनी सुरक्षा की ढाल को इतना मजबूत और प्रहारक बनाना होगा कि ड्रैगन दोबारा आंख उठाने की हिम्मत भी न कर सके।



पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत

धरती के आकार बदलने का खतरा बढ़ा

> जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा।

जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है।

संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा। वर्ष 2014 से 2023 के बीच वैश्विक स्तर पर समुद्र का जलस्तर 4.7 मिलीमीटर की दर से बढ़ा था लेकिन वर्ष 2024 में इसने पुराना रिकार्ड तोड़ा और 5.5 मिलीमीटर की चौंकाने वाली बढ़ोतरी दर्ज की। दुनिया के वैज्ञानिकों की इस बारे में एकमुश्त राय है कि सबसे अनुकूल परिस्थिति रहने पर भी इस सदी के अंत तक यानी 2100 तक समुद्र का जलस्तर कम से कम 0.55 मीटर तक बढ़ जाएगा। उस दौरान सबसे गंभीर स्थिति में यह बढ़ोतरी एक मीटर से अधिक तक होगी। ऐसी स्थिति जिनमें एक वैश्विक तापमान बढ़ोतरी के चलते ध्रुवीय बर्फ की चादरों और विशालकाय हिमनदों का तेजी से पिघलना और दूसरा गर्म होते समुद्र के जल का तापीय प्रसार ये प्रमुख कारण हैं। जबकि मानव गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली अतिरिक्त ऊष्मा का तकरीबन 91 फीसदी हिस्सा महासागर सोख रहे हैं। देखा जाए तो समुद्री जलस्तर में बढ़ोतरी का नुकसान अभी तक सबसे पहले और सबसे ज्यादा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जिनका उत्सर्जन योगदान नगण्य है। जबकि उन देशों के पास संसाधनों की भारी कमी है। गौरतलब है कि प्रशांत महासागर के बहुतेरे छोटे द्वीपों में जलस्तर बढ़ने की दर वैश्विक औसत से दोगुणी से भी ज्यादा है। देखा जाये तो ढाका, मुंबई, कोलकाता जैसे निचले डेल्टा शहरों में 1.4 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन और आजीविका पर प्रत्यक्ष भयंकर खतरा मंडरा रहा है। इससे मियामी, न्यूयार्क, गुआंगझू जैसे तटीय महानगरों को खरबों डालर का वित्तीय नुकसान सहना पड़ेगा। इसमें दो राय नहीं। मौजूदा दौर में दुनिया की लगभग दस फीसदी आबादी यानी करीब 77 करोड़ लोग समुद्र रेखा से पांच मीटर से भी कम ऊंचाई पर रहते हैं। यह बेहद खतरनाक स्तर है। यह भी कि समुद्र की आक्रामक लहरें आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि और पीने के मीठे पानी के कुंओं को खारा बना रही हैं। इससे समुद्र तटीय बुनियादी ढांचे को अब तक लगभग 1.8 खरब डालर से भी अधिक का नुकसान पहुंच चुका है। यही स्थिति रही तो दुनिया को हर साल 1.4 खरब डालर का नुकसान उठाना पड़ेगा। फिर समुद्र का बढ़ता तापमान और जलस्तर बढ़ने के साथ उसकी परतों की संरचना बदल रही है, जिससे ज्वार-भाटे की तीव्रता और ऊंचाई प्रभावित हो रही है। इससे तटीय इलाकों पर बाढ़ और कटाव का खतरा बढ़ सकता है। गौरतलब है कि ज्वार-भाटा तटीय रेखाओं और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र को आकार देते हैं। इसके साथ-साथ वे तटीय समुदायों को भी खासा प्रभावित करते हैं।



इसलिए जलवायु परिवर्तन के कारण महासागरीय बदलावों के बीच यह सवाल भी महत्वपूर्ण हो गया है कि बदलती समुद्री परिस्थितियां ज्वार-भाटे के स्वरूप को किस तरह प्रभावित कर रही हैं। हकीकत तो यह है कि वर्ष 1970 से लेकर 2020 तक छोटे द्वीपीय विकास शील देशों ने अबतक कुल मिलाकर जलवायु आपदाओं के चलते 153 अरब डालर का नुकसान उठाया है। दुनिया के वैज्ञानिक तो तकरीबन एक दशक से भी पहले यह चेतावनी दे चुके हैं कि जलवायु परिवर्तन से अंटार्कटिका के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने पर ग्लेशियर और तेजी से पिघलेंगे। फिर वहां बर्फ की परतें पहले की अपेक्षाकृत अधिक तेजी से पिघलने लगी हैं जो ज्यादा घातक साबित होंगीं। इससे अधिक कटाव और क्षरण होगा। पिघलते ग्लेशियरों के इस क्षरण से घाटियां और ज्यादा गहरी हो जाएंगीं और समुद्रों में अपेक्षाकृत और ज्यादा गाद जमा होगी। तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर अपने प्रवाह मार्ग की घाटियों और महाद्वीपीय मैदानी क्षेत्रों में अधिक गाद इकट्ठा कर देते हैं। इससे पेयजल की उपलब्धता प्रभावित होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ध्रुवीय और महाद्वीपीय इलाकों का जहां मिलन होता है, वह संधिक्षेत्र जैव विविधता के लिहाज से बेहद संपन्न है। अगर पानी में ज्यादा गाद जमा होगी तो इसका सीधा दुष्प्रभाव जलीय जीवों के पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया के प्रोफेसर और शोध प्रमुख मिशेल कोप्पस का कहना है कि हम लोगों ने पाया है कि अंटार्कटिका के ग्लेशियरों की तुलना में पेंटागोनिया के ग्लेशियर 100 से एक हजार गुणा तेजी से क्षरित हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि गर्म तापमान और बर्फ के पिघलने के कारण ग्लेशियर के आधार में अधिक फिसलन बनी जिससे उनका तेजी से क्षरण हुआ। इससे पृथ्वी के आकार में बदलाव की संभावनओं को नकारा नहीं जा सकता। फिर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि धरती को इंसानों और दूसरे जीवों के रहने लायक बनाए रखने वाली प्राकृतिक व्यवस्थाओं पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि धरती की सेहत को मापने वाली नौ अहम सीमाओं में से सात को इंसानी कारगुजारियों ने लांघ दिया है। दरअसल, इसमें जलवायु परिवर्तन, जैव मंडल में, भूमि के उपयोग में, मीठे पानी और जैव भूरासायनिक प्रवाह में बदलाव, नए मानव निर्मित पदार्थों का पर्यावरण में प्रवेश और समुद्र के अम्लीकरण की अहम भूमिका है। इसका नकारात्मक प्रभाव जंगलों और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र पर पड़ा है। जाहिर है कि इससे जंगलों और समुद्रों पर खतरा और गहरा गया है। जिन सीमाओं को इंसान लांघ रहा है, उन्हें 'प्लैनेटरी बाउंड्री' कहा जाता है। ये ऐसी सुरक्षित सीमाएं हैं जिनके अंदर रहकर धरती का पर्यावरण स्थिर और जीवन के लिए अनुकूल बना रह सकता है। जब इंसानी गतिविधियों से यह सीमाएं तोड़ी जाने लगती हैं, तब जलवायु, पानी, जंगल, समुद्र और जीव-जंतुओं पर खतरा बढ़ जाता है। इसका खुलासा जर्मनी की पोट्सडैम इंस्टीट्यूट आफ क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च की प्लेनेटरी हैल्थ चेक की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट का संदेश गंभीर है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि धरती तुरंत खत्म हो जाएगी। इस बाबत वैज्ञानिकों का मानना है कि लांघ गई सीमाओं को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए अभी भी कार्रवाई की गुंजाइश मौजूद है। सभी प्लेनेटरी बाउंड्री को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए तेज कदम उठाने जरूरी हैं। धरती की स्थिरता और प्राकृतिक क्षमता को बचाने के लिए तत्काल प्रयास किए जाने चाहिए। इनमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना होगा और दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ना होगा।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



आर्थिक मोर्चे पर विकास के सकारात्मक संकेत

विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद दुनिया भर की रेटिंग संस्थाओं ने भारतीय अर्थ व्यवस्था को गतिमान स्वीकार करते हुए वैश्विक औसत से लगभग दो गुणी विकास दर रहने की संभावना जताई है। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि वैश्विक परिस्थितियों में कहीं और किसी तरह का सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। ईरान-अमेरिका युद्ध हो या रशिया-यूक्रेन युद्ध हो या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तानाशाही पूर्ण तुगलकी निर्णय हों या कच्चे तेल के भावों में बेतहाशा बढ़ोतरी और होर्मुज का संकट, हालात समूचे विश्व में विकट से विकटतर बने हुए हैं। अब फ्रांस के हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं तो उसका असर जहां यूरोप में दिखाई देगा, वहीं भारत में भी हालात को प्रभावित करने के कतिपय प्रयास जारी हैं। अच्छी बात यह है कि देश-दुनिया के गंभीर हालातों के बावजूद आर्थिक क्षेत्र की दुनिया की लगभग सभी रेटिंग संस्थाओं ने इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ रेट को लेकर आशा से भी अधिक विश्वास जताया है। इनकी मानें तो 2026 की वैश्विक औसत आर्थिक विकास दर 3.1 फीसदी रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं भारत के आर्थिक परिणामों को देखते हुए जुलाई की तुलना में अक्टूबर आते-आते ग्रोथ को 6.9 से लेकर 7.1 रहने की उम्मीद जताई है। खास बात यह है कि किसी भी संस्था ने जुलाई की रेटिंग की तुलना में नकारात्मक ग्रोथ नहीं दिखाकर ग्रोथ रेट में इजाफा ही जाहिर किया है। दरअसल, देश में मांग और आपूर्ति से लेकर निर्यात तक में लगातार विकास देखा जा रहा है। देश में मांग और आपूर्ति के बेहतर हालात हैं तो निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यह भी तब जब वैश्विक मांग कमजोर देखी जा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे सकारात्मक बात यह है कि एमएसएमई सेक्टर में लगातार अच्छा काम हो रहा है तो दूसरी ओर सर्विस सेक्टर में तो एक तरह से लगातार उछाल ही आ रहा है। कच्चे तेल के भावों में तो जैसे आग ही लग रही है और उपलब्धता को लेकर भी लाख झंझट के बावजूद इकोनॉमी को बूस्टअप रखने में खास बाधा नहीं आ रही है। देश में देसी-विदेशी निवेश में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। महंगाई के बावजूद बाजार में मांग बरकरार है। बाजार में मांग से यह साफ है कि लोगों की क्रय शक्ति बनी हुई है। सर्विस सेक्टर में टूरिज्म, बैंकिंग, आईटी, और इसी तरह के अन्य क्षेत्र उल्लेखनीय परिणाम दे रहे हैं। नवंबर में दीपावली के त्योहार के चलते बाजार और अधिक गतिशील हो जाएगा क्योंकि दीपावली पर बाजार में तेजी आती ही है। जानकारों की मानें तो नवंबर माह में दीपावली पर 7 लाख करोड़ का कारोबार अनुमानित किया जा रहा है। यह पिछली दीपावली की तुलना में 15 से 18 प्रतिशत तक अधिक रहने की संभावना है। इसी तरह सेवा क्षेत्र में भी अच्छी ग्रोथ जारी रहने का अनुमान है। इसके अलावा विपरीत हालातों के बावजूद निर्यात में लगातार बढ़ोतरी जारी है। देश की इकोनोमिक ग्रोथ के कारण देसी-विदेशी निवेश के बेहतर हालात दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि चाहे आईएमएफ हो या मूडीज, ओईसीडी हो या वर्ल्ड बैंक, एशियन डब्लपमेंट बैंक हो या एसएंडपी या फिच सभी ने भारत की इकोनॉमी की ग्रोथ को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत का आरबीआई का आंकलन तो पहले से ही सबके सामने हैं। एकमात्र फिच रेटिंग संस्था ऐसी है जिसने इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ रेट 6.9 प्रतिशत आंकी है जोकि पूर्व की फिच की ही पूर्व की रेटिंग 6.5 प्रतिशत से ही अधिक है। मूडीज सहित कुछ रेटिंग संस्थाएं जहां अब 7 प्रतिशत विकास दर आंक रही हैं तो वर्ल्ड बैंक, ओईसीडी आदि संस्थाओं को भरोसा है कि भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत से अधिक यानी की 7.1 प्रतिशत रहने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नित नए निर्णयों से दुनिया की अर्थ व्यवस्था पर पड़ रहे असर, युद्ध और तनाव के हालातों में सुधार नहीं होने, होर्मुज जैसी समस्या का समाधान नहीं होने, वैश्विक राजनीतिक अस्थिरता के दौर के बावजूद एक ही सधी हुई नीति का ही परिणाम है कि देश की अर्थ व्यवस्था विकास की गति को न केवल बनाए हुए हैं अपितु उसके विकास का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जहां घरेलू मांग में कमी नहीं आई है, वहीं निवेश का बेहतर माहौल बना हुआ है। एमएसएमई को उत्पादन लिंक प्रोत्साहन योजना का लाभ सीधे इकोनॉमी का मिल रहा है, वहीं रणनीतिक क्षेत्रों सेमीकंडक्टर, डिफेंस, इलेक्ट्रोनिक्स, आईटी आदि आदि क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है। यही कारण है कि आज इंडियन इकोनोमी और उसकी ग्रोथ पर वैश्विक रेटिंग संस्थाएं अपना विश्वास व्यक्त कर रही हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित

दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का प्यार



संकलित

प्रेरणा

राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों भाइयों के बचपन का एक प्रसंग है! जब ये लोग खेलते थे तो लक्ष्मण राम की तरफ उनके पीछे होता था और सामने वाले पाले में भरत और शत्रुघ्न होते थे। तब लक्ष्मण हमेशा भरत को बोलते कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो हर बार अपने पाले में अपने साथ मुझे रखते है। लेकिन भरत कहते नहीं कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो मुझे सामने वाले पाले में रखते है ताकि हर पल उनकी नजरें मेरे ऊपर रहे, वो मुझे हर पल देख पाएं क्योंकि साथ वाले को देखने के लिए तो उनको मुड़ना पड़ेगा। फिर जब भरत गेंद को राम की तरफ उछालते तो राम जानबूझ कर गेंद को छोड़ देते और हार जाते, फिर नगर में उपहार और मिठाइयां बांट कर खुशी मनाते। सभी पूछते राम जी आप तो हार गए फिर आप इतने खुश क्यों है, राम बोलते मेरा भरत जीत गया। फिर लोग सोचते जब हारने वाला इतना कुछ बांट रहा है तो जीतने वाला भाई तो पता नहीं क्या, क्या देगा? लोग भरत के पास जाते हैं लेकिन ये क्या भरत तो लंबेः लंबे आंसू बहाते हुए रो रहे हैं। लोगों ने पूछाः भरत जी आप तो जीत गए हैं, फिर आप क्यों रो रहे है? भरत बोलेः देखिए मेरी कैसी विडंबना है, मैं जब भी अपने प्रभु के सामने होता हूँ तभी जीत जाता हूँ। मैं उनसे जीतना नहीं मैं उनको अपना सब कुछ हारना चाहता हूँ। मैं खुद को हार कर उनको जीतना चाहता हूँ।

सटाका



आज की पाती

लोकतंत्र में असहमति को स्थान है, अराजकता को नहीं

नीट परीक्षा आंदोलन में धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के बाद एसआईआर आंदोलन की आड़ में जिस प्रकार अराजकता फैलाई जा रही है, वो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। किसी भी विषय पर मत भिन्नता हो सकती है, उस पर रचनात्मक आंदोलन भी हो सकता है, लेकिन आंदोलन की आड़ में अराजकता को कोई स्थान नहीं है। जन आंदोलन वही सफल होते हैं जिनमें जनता की सहभागिता हो। लेकिन इस आंदोलन में जन सहभागिता नहीं दिख रही। इसी लोकतांत्रिक ढांचे में रिजिम चेंज करने की बात कह कर आंदोलनकारी यह सोच रहे हैं कि उन्हें जन समर्थन मिलेगा, तो वो गलतफहमी में हैं। लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन का रास्ता हमारे उसी संविधान में अंकित है, जिस संविधान को हाथ में लेकर राहुल गांधी घूमते हैं। - वेद प्रकाश पांडे, रोहतक

करंट अफेयर

पाकिस्तान का लाहौर दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर

पाकिस्तान का लाहौर शुक्रवार को दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। एक वायु गुणवत्ता निगरानी मंच के अनुसार, शहर में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 410 दर्ज किया गया। एक्यूआई वायु प्रदूषण मापने का संख्यात्मक पैमाना है। इसका स्तर जितना अधिक होता है, हवा की गुणवत्ता उतनी ही खराब होती है और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ जाते हैं। स्विट्जरलैंड के निगरानी मंच आईक्यूएयर के पैमाने के अनुसार, 300 से अधिक एक्यूआई को 'खतरनाक' श्रेणी में रखा जाता है। आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर में पीएम2.5 प्रदूषकों की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वार्षिक दिशानिर्देश मूल्य से 45.2 गुना अधिक थी। पीएम2.5 का मतलब 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले बारीक कणों से है। ये कण फेफड़ों में गहराई तक पहुंच सकते हैं और रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इनके लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। पंजाब प्रांत की सरकार के अनुसार, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर और अन्य हिस्सों में हर साल अक्टूबर से फरवरी के बीच धुंध छाने की समस्या रहती है।



ऑफ बीट

दुनिया की सभी प्रवाल भित्तियां 50 साल में हो जाएंगी नष्ट

दुनिया की लगभग सभी प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) के अगले 50 वर्षों में नष्ट होने का गंभीर खतरा है। आकलन में कहा गया है कि उथले पानी में मौजूद 96 प्रतिशत प्रवाल भित्तियां पहले से ही गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं और वर्ष 2075 तक गायब हो सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेट बैरियर रीफ, पश्चिमी प्रशांत महासागर और दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित कोरल ट्रायंगल, मेसोअमेरिकन बैरियर रीफ प्रणाली और लाल सागर की प्रवाल भित्तियां सहित दुनिया की कई प्रसिद्ध प्रवाल भित्तियां गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं। यह खतरे का सबसे गंभीर स्तर है। आईयूसीएन की प्रवाल भित्ति पारिस्थितिकी प्रणालियों की 'ग्लोबल रेड लिस्ट' के इस आकलन का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक मिशाल गुडका ने कहा, 'प्रवाल भित्तियों के नष्ट होने का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन इसे निराशा का कारण बनाने के बजाय खतरे की चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'प्रवाल भित्तियों ने बड़े पैमाने पर हानिकारक विरंजन (ब्लीचिंग) जैसी विनाशकारी घटनाओं के बाद भी उल्लेखनीय रूप से उबरने की क्षमता दिखाई है। भविष्य में भी कुछ स्थानों पर ऐसी प्रवाल भित्तियां बची रह सकती हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों को सहने में सक्षम हों।



ट्रेंड

शासन का स्वरूप

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल तकनीक शासन के स्वरूप को तेजी से बदल रहे हैं। हमें अपने लोक सेवकों को इन बदलावों के अनुरूप ढलने के लिए सशक्त बनाने हेतु तैयार रहना चाहिए -योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी



एशियन पैरा गेम्स

एशियन पैरा गेम्स 2026 में महिलाओं के डबल्स एसएल 3-एसयू 5 बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने पर थुलसिमथी मुरुगेसन और मानसी जोशी को हार्दिक बधाई! उनके बेहतरीन टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल ने देश को गौरवान्वित किया है! - रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

मध्य प्रदेश में मछली पालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के साथ जोड़ा जाएगा; एकीकृत मत्स्य उद्योगों को एमएसएमई ढांचे के तहत प्रोत्साहन और सहायता मिलेगी और जमीन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। - डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश



जीतने की साजिश

बीजेपी, अपनी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए, अधिकारियों और स्कूल-कॉलेज प्रशासकों पर दबाव डालकर शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनावों को अवैध तरीके से जीतने की साजिश रच रही है। इन सभी लोगों के वीडियो बनाए जाएंगे और इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। - अखिलेश यादव, सांसद, सपा



हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

बाना छेदे साधक, भाव खेलते पण्डा नृत्य करतीं झांकियां और कलशों की छटा ने मोह लिया मन

मां बड़ी खेरमाई के जवारों की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकली





जबलपुर। गुप्त शक्तिपीठ मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर परिसर में शारदेय नवरात्रि पर स्थापित किए गए जवारों की भव्य विसर्जन कलश शोभायात्रा का शुभारम्भ शुक्रवार 23 अक्टूबर की शाम को किया गया। श्री बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा अपने पारम्परिक ऐतिहासिक मार्ग से ढोल-नगाड़े, गाजे-बाजे, नृत्य करती मण्डलियों और बाना छेदे साधकों के साथ निकली जिसका जगह-जगह मंच लगा कर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। भक्ति संगीत की मधुर धुनों के साथ निकली इस शोभायात्रा में आगे-आगे भाव खेलते पण्डा और साथ में बाना छेदे देवी के साधकों को देखकर लोग अचरज में पड़ गए। इसी के साथ नृत्य करतीं झांकियां और सिर पर विराजमान कलशों की शोभा देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर श्रद्धा से नत हो रहे मस्तक स्वतः ही भगवती माताराणी की जयजयकार का उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। भानतलैया स्थित मंदिर परिसर से शुरु हुई जवारा शोभायात्रा मंदिर परिसर से आगे बढक़र वहां से दुर्गा चौक होते हुए हनुमानताल से आगे राजा रसगुल्ला के सामने पहुंची जहां से शोभायात्रा मिलौनीगंज की ओर आगे बढ़ी जहां से विशाल शोभयात्र घोड़ा नक्कास को होते हुए हनुमानताल थाने के सामने घाट पर पहुंची। यहां पर पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर देवी के 9 दिन विराजे जवारों का विसर्जन किया गया।जवारे की विसर्जन की शोभायात्रा में बड़ी खेर में ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव शशिकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष अनिल पाल, महेंद्र जांगड़े, आशीष त्रिवेदी, जयकांत उपाध्याय, सुरेश आहूजा , दीपचंद साहू, राहुल चौरसिया, रोहित सेन, डीपी गुर्जर, सचिन सहित मंदिर समिति के सदस्य, मातृशक्ति एवं गणमान्य जन शामिल हुए।

विवेचना के नाट्य समारोह में 'गुड़िया की शादी' ने मोहा मन

जबलपुर। विवेचना के 32वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह का शुभारंभ मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय थियेटर लैब, भोपाल के नाटक 'गुड़िया की शादी' से हुआ। उद्घाटन प्रख्यात हास्य कलाकार दत्तात्रय कुलकर्णी (कुलकर्णी बंधु) ने किया। इस अवसर पर फिरोज कुमार मेश्राम, सुनील तिवारी, संजय श्रीवास्तव, हिमांशु राय, बांकेबिहारी ब्यौहार और मनु तिवारी उपस्थित रहे।बुंदेलखंडी परिवेश पर आधारित नाटक में गुड़िया के संघर्ष और सकारात्मक सोच को दर्शाया गया। प्रीति बिरहा और रोशन अवधिया के अभिनय ने दर्शकों को प्रभावित किया। संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में कलाकारों ने सशक्त अभिनय, आकर्षक मंच सज्जा, प्रकाश संयोजन और देशी संगीत से समां बांधा। लेखिका समता सागर भी प्रस्तुति देखने पहुंचीं। अंत में निशा दुबे द्वारा निर्मित कलाकृति स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की गई। आयोजन में अजय धाबर्डे, शुभम पांडेय, चिन्टू स्वामी और आदित्य रूसिया सहित अन्य का योगदान रहा।आज 'द फादर' का मंचनः शनिवार को दिल्ली के रेनिस्टांस थिएटर ग्रुप द्वारा मोहित त्रिपाठी के निर्देशन में शाम 7:30 बजे रामपुर प्रेक्षागृह में नाटक प्रस्तुत किया जाएगा।



नेत्रहीन कन्या विद्यालय में मिठाई-फल वितरित



जबलपुर। डॉ. कावेरी शा पटेल ने नेत्रहीन कन्या विद्यालय पहुंचकर बच्चियों को मिठाई एवं फल वितरित किए। उन्होंने बच्चियों के साथ गीत गाकर खुशियां साझा कीं और उनके साथ समय बिताया। डॉ. पटेल ने कहा कि वे लंबे समय से विद्यालय से जुड़ी हैं और अपने बच्चों के साथ यहां आकर बच्चियों के बीच खुशियां बांटना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि मोबाइल और तकनीक की व्यस्तता के बीच हमें बच्चों के साथ समय बिताकर उनके हुनर को प्रोत्साहित करना चाहिए। इस अवसर पर नीलम बड़गैया, शाश्वत पटेल, शरण्या पटेल, हेमंत बड़गैया और विवेक मिश्रा उपस्थित रहे।



अदिति कुमार को मिली एमए कथक की उपाधि

जबलपुर। अदिति कुमार को एमए कथक की मेरिट सूची में छठवां स्थान प्राप्त करने पर राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया।अदिति सुरप्रभा संगीत महाविद्यालय, जबलपुर की छात्रा हैं। वे संगीत गुरु मोती शिवहरे के मार्गदर्शन में कथक का अध्ययन कर रही हैं तथा नवरंग कथक कला केंद्र से भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी माता विनीता पैगवार शासकीय विद्यालय में शिक्षिका होने के साथ साहित्यकार हैं। पिता डॉ. अनिल कुमार कोरी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर में विद्युत विभाग के अध्यक्ष एवं उप प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। अदिति की इस उपलब्धि से परिवार और संगीत जगत में हर्ष का माहौल है।

टेलीग्राफ हनुमान मंदिर में 2 नवंबर को होगा भंडारा

जबलपुर। टेलीग्राफ गेट नंबर-2 स्थित हनुमान मंदिर के सामने 2 नवंबर को सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा धार्मिक आयोजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजन में समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत तिवारी, अध्यक्ष डॉ. रोहित सिंह, उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, सचिव अभिषेक जैन एवं उमेश सेन (मुन्ना), सह सचिव गौरव शर्मा एवं नमन श्रीवास्तव तथा कोषाध्यक्ष गोपाल पटेल की भूमिका रहेगी। समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।



भाजपा ग्रामीण की बैठक में अभियान की रूपरेखा तय

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण की बैठक संभागीय कार्यालय, रानीताल में जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 22 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक चलने वाले 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में अभियान के तहत मतदाता सूची की शुद्धता, एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जनजागरूकता, लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास और घुसपैठ के मुद्दों पर जनसंपर्क करने की योजना बनाई गई। पार्टी के अनुसार, इस दौरान जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस, रैलियां, प्रबुद्ध नागरिकों की गोष्ठियां, युवा संवाद और सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलाया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक हरि सिंह, जिला महामंत्री राजेश दाहिया, रूपेश पटेल, कृष्ण शेखर सिंह, अलका गर्ग, पुष्पराज बघेल, अनुपम सराफ, राकेश पटेल, अंकुर जैन, ओम दुबे, मोर्चा जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन पर अभियान को ब्लॉक, मंडल, बूथ और गांव स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

नगर निगम के 27 मेधावी विद्यार्थियों ने भरी हवाई उड़ान





जबलपुर। नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले 27 मेधावी छात्र-छात्राएं 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर 23 अक्टूबर को डुमना एयरपोर्ट से हवाई यात्रा कर इंदौर रवाना हुए। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की पहल पर विद्यार्थियों के लिए हवाई यात्रा के साथ इंदौर के फाइव स्टार होटल में ठहरने और ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों के भ्रमण की व्यवस्था की गई है। महापौर ने कहा कि नगर निगम के स्कूलों के विद्यार्थी निजी स्कूलों के बच्चों से कम नहीं हैं। उन्हें बेहतर अवसर और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना उद्देश्य है। इससे पहले भी 38 विद्यार्थियों को हवाई यात्रा कराई जा चुकी है।इस पहल के तहत महापौर गुरुकुल के माध्यम से नगर निगम स्कूलों के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग, संगीत, नृत्य, खेलकूद और प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष 2022 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य लगभग 2000 विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना है। नगर निगम के स्कूलों में स्मार्ट क्लास और कंप्यूटर लैब की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों की रवानगी के दौरान निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एमआईसी सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेकराम सोनकर, रजनी कैलाश साहू, अंशुल राघवेंद्र यादव, पार्षद मोनिका पुष्पेंद्र सिंह सहित शिक्षक, अभिभावक और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने इस अवसर को अपने सपनों के साकार होने जैसा बताया और महापौर के प्रति आभार जताया।



नम आंखों से दी यादव कॉलोनी की महारानी को विदाई

जबलपुर। श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति, यादव कॉलोनी का 33वां दुर्गोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस वर्ष उत्सव में सजाई गई 'जिन्नातों की दुनिया' झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। विसर्जन के दौरान 'यादव कॉलोनी की महारानी' को भक्तों ने भावुक माहौल में विदाई दी। ढोल-नगाड़ों, बैंड, आतिशबाजी और 'जय माता दी' के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने मां जगदम्बे से अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। मां की विदाई के समय भक्तों की आंखें नम हो गईं। समिति अध्यक्ष रंजीत पटेल के नेतृत्व में आयोजित दुर्गोत्सव ने क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बनाया। श्रद्धालुओं ने मां से सभी के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की।

आत्मविश्वास और अनुशासन से निखरेगा छात्राओं का व्यक्तित्व



जबलपुर। शासकीय कन्या महाविद्यालय, रांझी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में व्यक्तित्व विकास पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय मार्गदर्शक, स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने छात्राओं को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, अनुशासन और समय प्रबंधन का महत्व बताया। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने और आंतरिक व बाह्य व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा श्रीवास्तव ने की। उन्होंने छात्राओं के मानसिक एवं शारीरिक विकास के साथ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. माधुरी सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. बिंदु शर्मा, रेणुबाला घई, वीरेंद्र झरिया, कविता धुर्वे, डॉ. स्वीटी यादव, डॉ. दीपेंद्र यादव, डॉ. नीलिमा रॉय, डॉ. अंकिता पांडे, डॉ. सपना श्रीवास्तव एवं पूजा सेन सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मां महाकाली के स्वागत में पुष्प वर्षा, दिया एकता का संदेश

जबलपुर। मां महाकाली के आगमन पर कांग्रेस नेता विष्णु विनोदिया के निवास पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ कौमी एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर विष्णु विनोदिया ने कहा कि मां महाकाली की भक्ति मानवता, प्रेम, करुणा और आपसी सम्मान की सीख देती है। धर्म और जाति से ऊपर उठकर एक-दूसरे का सम्मान करना ही सच्ची भक्ति है। कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कौमी एकता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सरदार प्रिंस सलूजा, प्रवीण, श्रीमती सीमा विनोदिया, रिचर राठौर, निधि जय विनोदिया, पूर्व पार्षद लता कश्यप, जय मां काली भक्त परिवार समिति के अध्यक्ष आकाश कश्यप, दिलीप कश्यप, सिमरन गौरव कोरी, धर्मेंद्र कश्यप और पूर्णिमा कश्यप सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



अस्मिता वूमेन वेटलिफ्टिंग सिटी लीग कल

जबलपुर। अस्मिता वूमेन वेटलिफ्टिंग सिटी लीग प्रतियोगिता 25 अक्टूबर 2026 को सेंट नार्बट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, भंवरताल पार्क के सामने, नेपियर टाउन में आयोजित होगी। जबलपुर एमेच्योर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव जगदीश रजक के अनुसार खिलाड़ियों का वजन सुबह 9 से 11 बजे तक लिया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 11 बजे से शुरू होगी। आयोजन श्री कुलदीप सिंह बंसल के सानिध्य एवं डॉ. प्रशांत मिश्रा के मार्गदर्शन में होगा। एसोसिएशन ने शहर के सभी जिम संचालकों से अधिक से अधिक खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल कराने की अपील की है।



रामपुर में सुहागले का आयोजन

जबलपुर। रामपुर छापर मित्र मिलन दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य सुहागले का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजन-अर्चन कर अपने सुहाग की लंबी आयु तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही माता रानी से शहरवासियों की खुशहाली और कल्याण की प्रार्थना की। आयोजन में अमित सोनकर, रूबी सोनकर, पूनम सोनकर, आदित्य प्रजापति, ऋषि यादव, शुभांशु गोयल, बबलू बड़गैयाँ, शुभम केवट एवं अनु बंसल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ।



मान्या मिश्रा का ब्राजील में भारतीय टीम के लिए चयन

जबलपुर। ब्रिटिश फोर्ट स्कूल की छात्रा मान्या मिश्रा ने रायपुर में 14 और 15 अक्टूबर को आयोजित अंडर-17 ताइक्वांडो राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय टीम में स्थान बनाया है। अब वे ब्राजील में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मान्या मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विद्या शंकर मिश्रा की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार और खेल जगत में हर्ष है। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य प्रशिक्षक जगजीत सर और जय मैम ने मार्गदर्शन दिया। वहीं, प्रारंभिक प्रशिक्षण में अरुण यादव और नमिता मैम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्या शंकर मिश्रा ने बताया कि ब्रिटिश फोर्ट स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। उनके तीनों बच्चे इसी विद्यालय में अध्ययनरत हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के 100 से अधिक बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं।

जनविश्वास अभियान में हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ



जबलपुर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र में वार्डों का निरीक्षण कर नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और निगमायुक्त अग्रिम कुमार सहित अधिकारियों ने नागरिकों से संवाद कर समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान आयोजित उद्यम संवाद में व्यापारियों ने सरकारी योजनाओं से मिले सहयोग और स्वरोजगार के अनुभव साझा किए। पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, मुख्यमंत्री स्वरोजगार, पीएम मुद्रा और युवा उद्यमी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभ एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। सविता चौधरी, अंजनी बर्मन, रीता पासी, रूबिना बावो, दीक्षा केसरवानी, अनिल जैन और दुर्गा तिवारी सहित अन्य हितग्राहियों को लाभ मिला।

वहीं, वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत मंजू पटेल, अनिल शर्मा, छंगुलाल गुप्ता, मन्नान और रजनी राठौर को लाभ प्रदान किया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। निरीक्षण के दौरान सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सड़कों से संबंधित शिकायतें भी सुनी गईं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

CHANGE OF NAME

I, WAS KNOWN AS ANEESA BEGAM I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I,SHALL BE KNOWN AS ANISA KHATUN W/O MOHAMMAD AKBAR RESIDENT OF 652, KOTWALI THANE KE PASS, SARDAR VALLABH BHAI PATEL WARD, JABALPUR (M. P.) 482001.

DEPONENT

CHANGE OF NAME

I, **RENU SINGH** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15426152Y** Rank **HAV/CHEF (H)** Name **ANIT KUMAR** presently, residing at **VILL - JHINJARDPUR, PO-PILONA, TEH-MAWANA, DISTT- MEERUT (UP)-250401** I, have changed of my name from **RENU SINGH** (Name as per my Husband, Army service records) to **RENU DEVI** (name as per my **AADHAR CARD NO. 4783 9537 8986 AND PAN CARD NO. DVAPD6810H)** vide affidavit dated **23/10/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
RENU DEVI
INCORRECT NAME
RENU SINGH

यूएन में भारत ने पाक पर साधा निशाना

आतंकियों की वकालत करने वाले मानवता के उल्लंघन की बात कर रहे

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र में देश की प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि पड़ोसी देश में आतंकवादी खुलेआम काम करते हैं। एक आतंकवादी न केवल निर्दोष लोगों की जान लेता है, बल्कि पूरे देश की मानसिकता को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि कानूनी सीमाएं संप्रभु अधिकारों के सिद्धांतों के अनुसार तय की जानी चाहिए। यह एक विडंबना है कि जो लोग आतंकवादियों के अधिकारों की पुरजोर वकालत करते हैं - वे आतंकवादी जो इंसानों के सबसे पवित्र अधिकार, यानी 'जीवन के अधिकार' का ही उल्लंघन करते हैं - वे लोग आतंकवाद के शिकार हुए पीड़ितों के अधिकारों की बात नहीं करते।

भाविका मंगलानंदन ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि पड़ोसी देश में आतंकवादी खुलेआम काम करते हैं। एक आतंकवादी न केवल निर्दोष लोगों की जान लेता है, बल्कि पूरे देश की मानसिकता को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि कानूनी सीमाएं संप्रभु अधिकारों के सिद्धांतों के अनुसार तय की जानी चाहिए

खास बातें

- धार्मिक स्वतंत्रता पर पाकिस्तान को उपदेश देने की आवश्यकता नहीं
- धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट को सिरे से किया खारिज



भाविका मंगलानंदन

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण

मंगलानंदन ने धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत की उस रिपोर्ट की आलोचना की है, जिसमें भारत में दफनाने से जुड़े मामलों का जिक्र किया गया था। भारत का कहना है कि रिपोर्ट में पक्षपात दिखाई देता है और आतंकवाद की गंभीरता को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। जो मानवीय मामलों से जुड़ी है।

यूएन की विशेष दूत ने लगाए भारत पर आरोप

धार्मिक या आस्था की स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत नजीला घनेया ने एक रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट का विषय था, 'असाधारण परिस्थितियों में धार्मिक या आस्था की स्वतंत्रता और अंतिम संस्कार के अधिकार। रिपोर्ट में कहा गया था कि कश्मीर में सुरक्षा अभियानों में मारे गए कुछ लोगों के शव उनके परिवारों को नहीं सौंपे गए और उन्हें दूर-दराज के इलाकों में दफना दिया गया।

पाक ने अपने सैनिकों के शव नहीं लिए

मंगलानंदन ने कहा कि यह बेहद विडंबना है कि एक ऐसा देश, जिसने 1999 के कारगिल युद्ध में मारे गए अपने सैनिकों के शव तक स्वीकार नहीं किए थे, वह आज धर्म, धार्मिक स्वतंत्रता और दफनाने के अधिकारों पर बोल रहे हैं।

पीछे देखकर भविष्य की गाड़ी नहीं चला सकते: भारत



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल सुधारों की मांग की है। भारत ने चेतावनी दी है कि 80 साल पुराना इसका ढांचा दुनिया के कुछ सबसे गंभीर संघर्षों को सुलझाने में संघर्ष कर रहा है। सुरक्षा परिषद का स्वरूप आज की वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप होना चाहिए। दूसरे विश्व युद्ध से मिली सत्ता सुरक्षा परिषद में उचित प्रतिनिधित्व की कमी की भरपाई नहीं कर सकती। इतिहास हमें यह बता सकता है कि क्या नहीं करना चाहिए लेकिन आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए क्या किया जाना चाहिए यह इतिहास तय नहीं कर सकता। हम लगातार पीछे देखने वाले शीशे (रियर व्यू मिरर) को देखते हुए भविष्य की ओर आगे नहीं बढ़ सकते।

कोविड महामारी में विकसित देशों का उल्लेख नहीं

भारत ने रिपोर्ट की आलोचना करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान दफनाने से जुड़े कथित भेदभाव और गलत प्रथाओं का जिक्र केवल विकासशील देशों के संदर्भ में किया गया, जबकि विकसित देशों की घटनाओं का उल्लेख नहीं किया गया।

पाक में अल्पसंख्यक सिमट रहे

मंगलानंदन ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के अधिकार लगातार सिमट रहे हैं और उनके साथ नियमित रूप से दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आती हैं।

ग्राहकों का डेटा लीक होने के बाद साझा की जानकारी, कहा- सतर्क रहें

एसबीआई ने बताया- खाते में जमा ग्राहकों की रकम सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसबीआई ने हालिया साइबर घटना के बाद ग्राहकों को ईमेल और व्हाट्सएप के जरिये सूचना देने की बात कही है। बैंक ने भरोसा दिलाया है कि ग्राहकों के खातों में जमा रकम सुरक्षित है। हालांकि, घटना कैसे हुई और ग्राहकों का कौन-सा डाटा इससे जुड़ा था, इसकी जानकारी बैंक के इस संदेश में नहीं दी गई है। बैंक ने ग्राहकों से ओटीपी, पिन और पासवर्ड साझा नहीं करने और संदिग्ध कॉल, मैसेज व ईमेल से सावधान रहने को कहा है। बैंक के मुताबिक, इस घटना में कुछ ग्राहकों का डाटा शामिल होने की पहचान हुई है। ऐसे ग्राहकों को बैंक ने ईमेल और व्हाट्सऐप के जरिये अलग-अलग सूचना दी है। हालांकि, बैंक ने अपने संदेश में यह साफ किया है कि ग्राहकों के खातों में जमा रकम सुरक्षित है।



ग्राहकों को दी गई सावधान रहने की सलाह

बैंक ने ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग का इस्तेमाल करते समय सावधान रहने की सलाह दी है। एसबीआई ने साफ कहा है कि अपना ओटीपी, एटीएम या बैंकिंग पिन और पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। अगर किसी अनजान नंबर से संदिग्ध कॉल आए या कोई शक वाला मैसेज अथवा ईमेल मिले, तो सतर्क रहें। ऐसी जानकारी साझा करने से बचें, जिसका इस्तेमाल कोई आपके बैंक खाते तक पहुंचने के लिए कर सकता है।

ग्राहकों खाते से बराबर कर सकते हैं लेन-देन

एसबीआई ने अपने बयान में कहा है कि ग्राहकों के खाते में जमा रकम और उनके पैसे बैंक के पास सुरक्षित हैं। ग्राहक अपने खातों से लेनदेन कर रहे हैं। हालांकि, बैंक के इस बयान से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि साइबर घटना में किसी तरह का नुकसान हुआ ही नहीं। बैंक ने डाटा से जुड़ी घटना की जानकारी दी है, लेकिन साझा किए गए संदेश में यह नहीं बताया है कि कितने ग्राहकों का डाटा प्रभावित हुआ, कौन-सी जानकारी सामने आई या साइबर घटना कैसे हुई।

आखिर क्या है पूरा मामला?

दरअसल, एसबीआई के ग्राहकों के डाटा से जुड़ा मामला 21 अक्तूबर को सामने आया, जब बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि डार्क वेब पर उपलब्ध करीब 3.75 लाख रिकॉर्ड की शुरुआती जांच में 3,897 रिकॉर्ड ऐसे मिले, जिनमें ग्राहकों की निजी जानकारी शामिल थी। बैंक को 16 अक्तूबर को अपने थ्रेट इंटेलिजेंस सेवा प्रदाता, डिफेंस साइबर एजेंसी और भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल से डाटा उजागर होने की आशंका को लेकर अलर्ट मिले थे।

जिनका डेटा घटना से जुड़ा उन्हें सूचना दी गई

सामने आई जानकारी में ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, जन्मतिथि, ईमेल और घर के पते के साथ बैंक की ग्राहक पहचान संख्या तथा लोन से जुड़े रिकॉर्ड का विवरण भी शामिल था। हालांकि, बैंक ने कहा कि डाटा की प्रामाणिकता, उसके स्रोत और पूरे मामले की जांच जारी है। अब एसबीआई ने बताया है कि जिन ग्राहकों का डेटा इस घटना से जुड़ा पाया गया, उन्हें ईमेल और व्हाट्सएप के जरिये अलग-अलग सूचना दी गई है।

इंस्टाग्राम पर विवाद, किशोर की गोली मारकर हत्या

दोनों आरोपी भी किशोर आयु के

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



चंडीगढ़ में गुरुवार रात 17 साल के नैतिक की सेक्टर 22 में एक मंदिर के ठीक बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना तब हुई जब नैतिक अपने 2 साथियों के साथ मंदिर के बाहर एक ऑटो-रिक्शा में बैठा था। उसे तुरंत सेक्टर 16 के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि यह गोलीबारी एक इंस्टाग्राम वीडियो को लेकर हुए झगड़े के कारण हुई। बताया जा रहा है कि नैतिक के ग्रुप ने आरोपियों में से एक को पीटते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था, जिसके बाद मामला गरमा गया। दोनों आरोपी भी किशोर हैं और अभी स्कूल में पढ़ते हैं। पुलिस ने बाद में दोनों को हिरासत में ले लिया है। इस हफ्ते चंडीगढ़ में युवाओं की हिंसा से जुड़ी यह दूसरी बड़ी खबर है। इससे युवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

भारत-रूस नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र 2026' पूरा

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना और रूसी नौसेना के बीच आयोजित द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'इंद्र 2026' सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। अभ्यास के समापन के बाद भारतीय नौसेना का जहाज 'सह्याद्रि' 20 अक्टूबर 2026 को रूस के व्लादिवोस्तोक से रवाना हुआ। इस अभ्यास से दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच तालमेल बढ़ा।

पाक के लिए जासूसी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

फिरोजपुर। आर्मी इंटेलिजेंस और पंजाब पुलिस ने पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार करने किया है। फिरोजपुर के भारत-पाक सीमा से सटे गांव कालू वाला के रहने वाले ये आरोपी संवेदनशील स्थानों की जानकारी पाकिस्तान और मलेशिया में बैठे आईएसआई के हैंडलर्स को देते थे।

तिब्बत में भूकंप से 16 मृत जीवितों तलाश ड्रोन से

बीजिंग/ल्हासा। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में 7.0 तीव्रता का भूकंप आने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 76 अन्य लोग घायल हो गए, जिसके बाद 12,000 से अधिक निवासियों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के बाद चीन ने जिंदा बचे लोगों की तलाश के लिए क्षेत्र में उपग्रह और ड्रोन तैनात किए। बृहस्पतिवार रात करीब 10 बजकर 33 मिनट (स्थानीय समय) पर नागकू शहर की बाकेन काउंटी में आए भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर से भी कम गहराई पर था। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से खबर दी कि अब तक 12,489 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा चुका है।

यूएई-सऊदी से लेनदेन का दावा

ट्रंप के दामाद कुशनर पर दो अरब डॉलर के गुप्त खातों का आरोप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर पर यूएई, सऊदी अरब और इजराइल से जुड़े गुप्त खातों में अरबों डॉलर के लेनदेन के आरोप लगे हैं।



जेरेड कुशनर

एक रिपोर्ट में हैक फोन के स्क्रीनशॉट और विदेशी फंडिंग से जुड़े कई दावे किए गए हैं। हालांकि कुशनर ने गुप्त विदेशी बैंक खातों और करोड़ों डॉलर के लेनदेन से जुड़े आरोपों को खारिज किया है। वैनिटी फेयर पत्रिका की रिपोर्ट के मुताबिक, डच जांचकर्ताओं को एक ऐसे सर्वर तक पहुंच मिली, जिसका संबंध रूसी सैन्य खुफिया तंत्र से था। यह पहुंच एक रूसी हैकर के जरिये मिली। उसने ब्रिटेन और नीदरलैंड के अधिकारियों के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई थी। इस सर्वर में कुशनर के आईफोन के स्क्रीनशॉट मौजूद थे। इनके जरिये जांचकर्ता देख सकते थे कि कुशनर फोन इस्तेमाल करते समय अपनी स्क्रीन पर क्या कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, कुशनर यूएई से जुड़े एक बैंक खाते का इस्तेमाल करते थे।

चीन-पाक-अफगानिस्तान में हिली धरती

भूकंप से तिब्बत में 18 मौतें, कई घायल, मकानों को पहुंचा नुकसान

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन और पाकिस्तान के साथ ही अफगानिस्तान में शुक्रवार की सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, तीनों देशों में सुबह आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1, 4.4 और 4.9 मापी गई। वहीं, गुरुवार को चीन के दूर-दराज के तिब्बत इलाके में 7.0 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए। भूकंप से प्रभावित इलाकों में घर-मकान को भी



भूकंप से क्षतिग्रस्त घर

व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, यह भूकंप रात 10:33 बजे आया। इसका केंद्र नाग्कू से लगभग 190 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व में और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से 390 किमी उत्तर-पूर्व में एक पहाड़ी इलाके में था। 46 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 11 की हालत गंभीर है।

फ्रांस में मैक्रों का बड़ा एक्शन

सभी हिंसक प्रदर्शनों पर लगाई रोक कहा- लोकतंत्र खत्म करना चाह रहे

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में पिछले कुछ दिनों से चल रहे हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव के बीच राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को मैक्रों ने खुफिया अधिकारियों और वरिष्ठ मंत्रियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इसके बाद उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले दिनों में देश में 'अवैध' प्रदर्शनों पर पूरी तरह बैन लगा दिया जाएगा। राष्ट्रपति मैक्रों ने बताया कि अवैध और अराजक प्रदर्शनों पर रोक रहेगी। ताकि आम नागरिकों और कारोबारियों की सुरक्षा की जा सके। मैक्रों ने कहा संगठित अल्ट्रा-लेफ्ट समूहों और उपद्रवियों का मकसद गणतंत्र को गिराना है और ये खुद उन्होंने भी स्वीकार किया है।



इमैनुएल मैक्रों

पेरिस में फायरिंग, 1 की मौत, हमलावर अरेस्ट

पेरिस के उपनगर में गोलीबारी हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने घटना की सूचना दी। शुक्रवार को पेरिस के पास एक उपनगर की सड़क पर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए हैं। गोलीबारी के आरोपी को यवेलिन्स विभाग के कॉइनिएरेस इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया है। हमले के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

छात्र बोले: प्रदर्शन जारी रहेंगे

दूसरी ओर, छात्र संगठनों ने साफ कर दिया है कि वे विरोध जारी रखेंगे। फ्रांस के प्रमुख छात्र संगठन यूएनईएफ ने शनिवार को रैलियों का आह्वान किया है। सत्ता-विरोधी 'यलो वेस्ट' आंदोलन ने भी मध्य पेरिस में मार्च निकालने की योजना बनाई है। लियोन में स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को प्रस्तावित सभी प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है।

भारतीय नौसेना हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2026 की मेजबानी करेगी

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा

3 से 5 नवंबर तक आयोजित सम्मेलन में 18 देशों के कई विशेषज्ञ भाग लेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय नौसेना 3 से 5 नवंबर 2026 तक नई दिल्ली में हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2026 का आयोजन करेगी। यह नौसेना का वार्षिक उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक संवाद है, जिसका आयोजन नौसेना के नॉलेज पार्टनर और प्रमुख आयोजक नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन के सहयोग से किया जाएगा। इस वर्ष सम्मेलन का विषय 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शैक्षणिक सहयोग' है। हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद भारतीय नौसेना की अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक सहभागिता का एक प्रमुख मंच है। भारत के समुद्री दृष्टिकोण 'सागर' (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के अनुरूप, हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद का उद्देश्य हिंद-प्रशांत महासागर पहल के व्यापक सहयोगात्मक ढांचे को ठोस और व्यावहारिक पहलों में बदलना है।

समुद्री चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने पर चर्चा

जलवायु परिवर्तन, समुद्री व्यापार और आपूर्ति-श्रृंखलाओं की कमजोरियां, समुद्री संसाधनों पर बढ़ता दबाव तथा महत्वपूर्ण समुद्री बुनियादी ढांचे पर मंडराते खतरे तेजी से राष्ट्रीय सीमाओं के पार प्रभाव डाल रहे हैं। इसलिए, इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए न केवल अधिक उन्नत तकनीकों, बल्कि सहयोग, सूचना-साझाकरण और मानव पूंजी के विकास की सुदृढ़ व्यवस्थाओं की भी आवश्यकता है।

राजनाथ सिंह करेंगे उद्घाटन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले दिन स्मृति व्याख्यान देंगे। उद्घाटन के दिन 'पर्सपेक्टिव्स फ्रॉम द फ्लैग ब्रिज' शीर्षक से एक विशेष सत्र आयोजित होगा, जिसमें भारत और श्रीलंका के पूर्व नौसेना प्रमुख भाग लेंगे। इसके अलावा, 'सहयोग का संवाद' शीर्षक से राजदूतों की एक विशेष परिचर्चा होगी। 18 देशों के समुद्री पेशेवरों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविद आएंगे।

तीन दिन में होंगे पांच सत्र

इस वर्ष के सम्मेलन में तीन दिनों के दौरान पांच पेशेवर विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें अकादमिक नेटवर्क, अनुसंधान और मानव पूंजी विकास, समुद्री स्थितिजन्य जागरूकता और महत्वपूर्ण समुद्री बुनियादी ढांचे का संरक्षण, समुद्र विज्ञान और जलवायु लचीलापन, महासागर शासन और समुद्री लचीलेपन के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण तथा परिवर्तनकारी समुद्री प्रौद्योगिकियां और दोहरे उपयोग के निहितार्थ जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इन विचार-विमर्शों में संयुक्त अनुसंधान, सहयोगात्मक प्रौद्योगिकी विकास, जिम्मेदार शासन, वैज्ञानिक डेटा तक न्यायसंगत पहुंच और मजबूत संस्थागत साझेदारी के व्यावहारिक उपायों पर विचार किया जाएगा।

गोयल ने अमीर देशों को सुनाई खरी खोटी

विकासशील देशों से जलवायु फंड पर 11 साल में एक फूटी कौड़ी नहीं मिली

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जलवायु परिवर्तन की समस्या के लिए जिम्मेदार कौन है और इससे निपटने की कीमत कौन चुकाएगा? इस सवाल पर भारत ने एक बार फिर विकसित देशों को घेरा है।



बर्लिन में पीयूष गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में अमीर देशों को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आर्थिक मदद देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदूषण फैलाने में विकसित देशों की बड़ी भूमिका रही है, तो अब जिम्मेदारी निभाने के वक्त वे पीछे क्यों हट रहे हैं? पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में एक गोलमेज चर्चा के दौरान जलवायु फंड का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि 2015 में पेरिस जलवायु सम्मेलन के दौरान विकसित देशों ने विकासशील और कम विकसित देशों की मदद करने की प्रतिबद्धता जताई थी। इसके तहत हर साल 100 अरब डॉलर की जलवायु सहायता जुटाने का लक्ष्य रखा गया था।

नागास्त्र-2 : दुश्मन के टैंकों को 50 किमी. दूर से बना सकता है निशाना

भारतीय सेना को मिलेगा नागास्त्र-2 नाम का एंटी-टैंक लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना की ताकत बढ़ाने के लिए स्वदेशी रक्षा तकनीक पर काम जारी है। इसी कड़ी में नागपुर की सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड भारतीय सेना को स्वदेशी नागास्त्र-2 एंटी-टैंक लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम (आत्मघाती ड्रोन) दे रही है। यह 50 किलोमीटर तक की दूरी पर लक्ष्य को निशाना बना सकता है और इसकी उड़ान अवधि 60 मिनट तक है। इसमें दिन-रात निगरानी कैमरे, चार किलोग्राम का वारहेड और इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग से निपटने में मदद करने वाली ईसीसीएम क्षमता है। कंपनी के अनुसार, इसने अगस्त 2026 में तकनीकी परीक्षण पूरे किए हैं। यह ऐसा हथियार है, जो लक्ष्य वाले इलाके में निगरानी कर सकता है और जरूरत पड़ने पर बख्तरबंद लक्ष्य पर सटीक हमला कर सकता है। इसे खास तौर पर टैंकों जैसे मजबूत कवच वाले लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए तैयार किया गया है।

उड़ान अवधि 60 मिनट, मारक क्षमता 50 किमी.

नागास्त्र-2 की मारक दूरी इस्तेमाल के तरीके के हिसाब से अलग-अलग है। कंपनी के मुताबिक, इसे वापस लाकर दोबारा इस्तेमाल करने वाले मोड में इसकी परिचालन सीमा 25 किलोमीटर है। वहीं, फायर-एंड-फॉरगेट मोड में यह 50 किलोमीटर तक जा सकता है। इसकी उड़ान अवधि 60 मिनट तक है। इससे सेना को लक्ष्य के मुताबिक हथियार इस्तेमाल करने में लचीलापन मिलता है।



टैंकों के मजबूत कवच को भेदने में सक्षम

नागास्त्र-2 में चार किलोग्राम का टैंडम शेप्ड-चार्ज वारहेड लगा है। इसे ऐसे लक्ष्यों पर हमला करने के लिए बनाया गया है, जिन पर 650 मिलीमीटर तक मोटा रोल्ड होमोजीनियस आर्मर यानी आरएचए कवच लगा हो। आसान भाषा में कहें तो यह मजबूत बख्तरबंद सुरक्षा वाले लक्ष्यों को भेदने के लिए तैयार किया गया है। इसमें दिन और रात, दोनों समय निगरानी करने वाले कैमरे भी लगे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के बीच काम करेगा नागास्त्र-2

युद्ध के मैदान में दुश्मन संचार व्यवस्था बाधित करने, जीपीएस सिग्नल जाम करने या गलत लोकेशन सिग्नल भेजने की कोशिश कर सकता है। नागास्त्र-2 में इलेक्ट्रॉनिक काउंटर-काउंटरमेजर्स यानी ईसीसीएम क्षमता दी गई है। इसका मकसद इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के दौरान ऐसी बाधाओं के बीच सिस्टम की काम करने की क्षमता को मजबूत करना है।

सैन्य अधिकारियों ने देखा नागास्त्र-2 का परीक्षण

सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड के मुताबिक, नागास्त्र-2 ने अगस्त 2026 में राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किए। कंपनी ने बताया कि इस सिस्टम का परीक्षण लद्दाख और उत्तर प्रदेश में झांसी के पास बबीना सहित कई जगहों पर किया गया है। कंपनी ने बताया कि परीक्षण के दौरान सेना के प्रतिनिधियों ने इसके संचालन और ईसीसीएम से जुड़े सभी मानकों के पालन को देखा।



पन्ना तक रेल पहुंचने पर सांसद ने जताया आभार

जबलपुर। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर बुंदेलखंड में रेल सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने 24 अक्टूबर को पन्ना तक रेल पहुंचने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। सांसद ने कटनी में लॉजिस्टिक हब और पिट निर्माण कराने तथा पन्ना-खजुराहो को रेलमार्ग से जोड़ने की मांग रखी। उन्होंने खजुराहो-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में बदलाव का आग्रह करते हुए ट्रेन को सुबह खजुराहो से रवाना करने और रात तक वापस लौटने की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। उनके अनुसार, इससे पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों को सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सकेगा।

सड़क परिवहन मंत्रालय ने नियमों में बदलाव का किया ड्राफ्ट तैयार

ड्राइविंग लाइसेंस में नाम-पता बदलने का शुल्क होगा खत्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ड्राइविंग लाइसेंस में नाम और पता बदलवाने पर लगने वाला शुल्क जल्द ही खत्म हो सकता है। इसके साथ, लाइसेंस पर चालक का 'ब्लड ग्रुप', मोबाइल नंबर और आपातकालीन संपर्क नंबर दर्ज करना भी अनिवार्य करने की तैयारी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने लाइसेंस संबंधी नियमों के मसौदे में इन बदलावों का प्रस्ताव रखा है। मंत्रालय ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए यह मसौदा जारी किया है।

लाइसेंस पर ब्लड ग्रुप व मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा अनिवार्य

15 दिनों के भीतर करना होगा फैसला

मसौदे के अनुसार, लाइसेंस में नाम और पते जैसे व्यक्तिगत विवरण बदलने के आवेदनों पर लाइसेंसिंग प्राधिकरणों को 15 दिन के भीतर फैसला करना होगा। आवेदन खारिज करने की स्थिति में उन्हें इसकी वजह भी बतानी होगी।



उम्र व पते के लिए शपथ पत्र होगा स्वीकार

मसौदे में उम्र और पते के प्रमाण के तौर पर शपथपत्र और जीवन बीमा पॉलिसी स्वीकार करने का भी प्रस्ताव है। इसके अलावा, आधार सत्यापन के जरिये पूरी की जाने वाली कुछ ऑनलाइन ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं के लिए शुल्क में छूट देने की भी योजना है। इस हेतु 30 दिनों के भीतर आपत्तियां और सुझाव मांगे गए है। प्रस्तावित नियमों के अनुसार, ड्राइविंग लाइसेंस लैमिनेटेड या पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) कार्ड के रूप में जारी या नवीनीकृत किए जाएंगे। मंत्रालय ने मसौदा अधिसूचना पर संबंधित पक्षों से प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के भीतर आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं।

दस्तावेज पहचान के रूप में होंगे स्वीकार

मंत्रालय ने उम्र और पते के प्रमाण के लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेट या नोटरी के समक्ष शपथपत्र देने की अनिवार्यता समाप्त करने का प्रस्ताव किया है। इसके बजाय आधार कार्ड, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र, ई-राशन कार्ड और जन्म प्रमाणपत्र सहित विभिन्न दस्तावेजों को पहचान, उम्र और निवास के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने की बात कही गई है।

मंत्रालय ने भारतीय और विदेशी नागरिकों को जारी होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अलग-अलग रंग योजना रखने का भी प्रस्ताव किया है।

टाटा मोटर्स को 1,254 करोड़ रुपए का लाभ

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,254 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने से कंपनी को लाभ हुआ है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 36 प्रतिशत बढ़कर 25,338 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 2025-26 की इसी तिमाही में 18,585 करोड़ रुपये था। कंपनी (पूर्व में टीएमएल कमर्शियल व्हीकल्स लि.) ने वित्तवर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 867 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था।

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER Municipal Council, Ahiwara

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

क्रमांक / 561 / न.पा.प. / लो.क.वि. / 2026 — अहिवारा दिनांक 23.10.2026

Online bids are invited for followings works up to **12.11.2026**

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor
1	202382	Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire Systemin Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0	Rs. 437.06	Rs. 2.19	In Class B or Above

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (**https://cgeprocurement.gov.in**) from **23.10.2026** at 17:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

टीप:- ऐसे निविदाकार, जिनके पास STP/WTP कार्य एवं निविदा (Notice Inviting Tender) में निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते है, निविदा में भाग लेने हेतु पात्र होगें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

शॉपर्स स्टॉप का 'गिफ्ट्स ऑफ लव' कलेक्शन लॉन्च

नई दिल्ली। शॉपर्स स्टॉप ने दिवाली के अवसर पर 'गिफ्ट्स ऑफ लव' अभियान शुरू किया है। इसके तहत ग्राहकों के लिए प्रीमियम फैशन, ब्यूटी, परफ्यूम, घड़ियां, हैंडबैग, फुटवियर और एक्सेसरीज के आकर्षक गिफ्टिंग विकल्प पेश किए गए हैं। कंपनी के इस कलेक्शन में 500 से अधिक प्रीमियम ब्रांड शामिल हैं। इसके साथ ही 'लक्स फेस्ट' के जरिए प्रीमियम गिफ्टिंग अनुभव भी उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान के तहत एआई आधारित डिजिटल सुविधा से ग्राहक अपनी फोटो के जरिए व्यक्तिगत मैगजीन कवर तैयार कर व्हाट्सएप पर साझा कर सकते हैं। शॉपर्स स्टॉप के कस्टमर केयर एसोसिएट और सीएमओ जितेन महेंद्र ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य प्रीमियम ब्रांड्स, व्यक्तिगत गिफ्टिंग और खास अनुभवों के माध्यम से त्योहारी खरीदारी को यादगार बनाना है। 'गिफ्ट्स ऑफ लव' कलेक्शन कंपनी के स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। ग्राहक पर्सनल शॉपर सेवा की मदद से भी अपनी पसंद के उपहार चुन सकते हैं।



25 अक्टूबर को टीवी पर होगा 'धुरंधर' का प्रीमियर

जबलपुर/ छिंदवाड़ा। रणवीर सिंह अभिनीत ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' का पहली बार फ्रीडिश दर्शकों के लिए प्रीमियर 25 अक्टूबर को शाम 7 बजे स्टार उत्सव मूवीज, कलर्स सिनेप्लेक्स बॉलीवुड और कलर्स सिनेप्लेक्स सुपरहिट्स पर होगा। इस प्रसारण के 10 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचने की उम्मीद है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस स्पाई एक्शन फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी और सारा अर्जुन प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियोज और बी62 स्टूडियोज ने किया है। शाश्वत सचदेव का संगीत भी फिल्म का प्रमुख आकर्षण है। जियोहॉटस्टार के प्रवक्ता के अनुसार, 'हर घर धुरंधर' पहल का उद्देश्य फिल्म को देशभर के दर्शकों तक पहुंचाना है, ताकि बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों और गांवों तक के परिवार घर बैठे इसका आनंद ले सकें।

एयरटेल की यूट्यूब के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। भारती एयरटेल ने अपने प्रीपेड ग्राहकों को प्रीमियम मनोरंजन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यूट्यूब के साथ साझेदारी की है। इसके तहत ग्राहक 200 के ओटीटी टॉप-अप के माध्यम से यूट्यूब प्रीमियम का लाभ उठा सकेंगे। इस पैक में 30 जीबी अतिरिक्त डेटा भी मिलेगा। इस सुविधा के तहत ग्राहकों को विज्ञापन-मुक्त यूट्यूब वीडियो, शॉर्ट्स, बैकग्राउंड प्ले, ऑफलाइन डाउनलोड और यूट्यूब म्यूजिक प्रीमियम की सुविधाएं मिलेंगी। एयरटेल के इस ओटीटी पैक में प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार, जी5 प्रीमियम, सोनीलिव सहित 18 से अधिक अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं। **m**यह टॉप-अप वैध रिचार्ज वाले एयरटेल प्रीपेड ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। ग्राहक एयरटेल ऐप के 'रिवॉर्ड्स और ओटीटी' सेक्शन से यूट्यूब प्रीमियम का लाभ ले सकते हैं। इस टॉप-अप की वैधता 28 दिन है। सुविधा जारी रखने के लिए ग्राहकों को दोबारा टॉप-अप खरीदना होगा। इस ऑफर पर नियम एवं शर्तें लागू होंगी।



राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

धनु — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कटनी म.प्र.

Email ID-cmhostorekatni@gmail.com — Tel. No. - 07622-470034

क्र./औ.प्र./2026/ 9093 — कटनी दिनांक-16/10/2026

निविदा-सूचना

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी जिले की अधिनस्थ अधिनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में अन्य आवश्यक सामग्री की आपूर्ति / उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुये जेम पोर्टल के माध्यम से बिड जारी किया जाना प्रस्तावित हैं। उक्त निविदा जेम पोर्टल में दिनांक-23.10.2026 से 06.11.2026 तक देखी, क्रय एवं ऑनलाईन जमा की जा सकती है, तकनीकी निविदा की तिथि 07.11.2026 के उपरांत ही प्राईज बिड खोलने की तिथि क्रयसमिति के अनुमोदना उपरांत प्रस्तावित हैं।

मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कटनी म.प्र.

G-20462/26

SBI
भारतीय स्टेट बैंक

सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 24.10.2026

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। वर्षों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

क्र	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	न.नि.ज./प्रकाश/2026-27 /40/पी.आर.ओ./695 दिनांक 23/10/2026	Supply, Installation Testing & Commissionig of Air Conditioner 1.5 Ton.	3 माह एवं 289985/-	2000/- एवं 2900	06/11/2026 (1st Call)

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम, जबलपुर

कार्यालय कलेक्टर, (जनजातीय कार्य) जिला डिण्डौरी, मध्यप्रदेश
http://mptender.gov.in — Email - actw.dnd@mp.gov.in

क्र./ज.जा.कार्य./ई-निविदा/निर्माण/2026/2697 — डिण्डौरी, दिनांक 16/10/26

ई-निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग (भवन) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी भवन निर्माण एवं विद्युत कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस. ओ. आर 01.01.2024 से प्रभावशील पर आज दिनांक तक संशोधित सहित निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियाँ www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती हैं ।

क्र.	Online tender No	कार्य का नाम	विकास खण्ड	पी.ए.सी. राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_TAD_543966_1	सीनियर बालक छात्रावास मोहतरा करंजिया में 24 छात्रों हेतु डोरमेट्री निर्माण कार्य	करंजिया	18.65	18650/-	2000/-	6 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीकृत प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
		योग :-		18.65	18650/-	2000/-		

ऑनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा, निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेबसाईट www.mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें, पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
सहायक आयुक्त
G-20456/26 — जनजातीय कार्य विभाग, जिला डिण्डौरी

कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)
Phone No. 07692-350003 e-mail:fdpennp.sni@gov.in url: www.penchtiger.org

क्रमांक/स्टोर/5102 — खड - I — सिवनी, दिनांक - 21/10/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
ई- निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- E-11

पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी मध्यप्रदेश के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में म.प्र भंडार क्रय नियम एंव सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित - 2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

वन परिक्षेत्रों के उपयोगार्थ फिक्स नॉट फेंसिंग कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति कार्य का विवरण

क्र.	कार्यस्थल का नाम	अनुमानित मात्रा	मुख्यालय से अनुमानित दूरी
1	पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी मध्यप्रदेश के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र (छिंदवाड़ा एवं सिवनी)	35,000 रनिंग मीटर	40-60 किलोमीटर

नोट :- कार्य की मात्रा अनुमानित है जो आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है तथा ई निविदा शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि कोई हो तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होग विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकेगी।

Publishing of Tender Date & Time	23/10/2026 TIME 10.00 AM
Bid Submission Start Date & time	23/10/2026 TIME 10.00 AM
Bid Submission closing Date & time	04/11/2026 TIME 05.00PM
Bid Opening Date & time	06/11/2026 TIME 12.00PM

उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व
सिवनी (म.प्र.)

G-20472/26

कार्यालय कलेक्टर, (जनजातीय कार्य) जिला डिण्डौरी, मध्यप्रदेश
http://mptender.gov.in — Email - actw.dnd@mp.gov.in

क्र./ज.जा.कार्य./ई-निविदा/निर्माण/2026/2700 — डिण्डौरी, दिनांक 16/10/26

ई-निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग (भवन) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी रोड तथा ब्रीज हेतु लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ. आर 11.04.2025 से प्रभावशील पर आज दिनांक तक संशोधित सहित निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारिया www. mptender.gov.in पर देखी जा सकती हैं ।

क्र.	Online tender No	कार्य का नाम	विकास खण्ड	पी.ए.सी. राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_TAD_543895_1	सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास अमरपुर में 350 मीटर सी.सी. रोड निर्माण कार्य	अमरपुर	81.51	81510/-	10000/-	6 माह (वर्षा ऋतु सहित)	नवीन केन्द्रीकृत प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
2		सीनियर बालक छात्रावास कमको मोहनिया अमरपुर में 300 मीटर सी.सी. रोड निर्माण कार्य	अमरपुर					
		योग :-		81.51	81510/-	10000/-		

ऑनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा, निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेबसाईट www.mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें, पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
सहायक आयुक्त
G-20439/26 — जनजातीय कार्य विभाग, जिला डिण्डौरी

शब्द पहेली - 6387



बाएँ से दाए-
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

ऊपर से नीचे
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -6386 का हल

■	अ	ब	का	श	■	प्र	ति	धा	त	■
खु	■	■	■	रा	ब	ण	■	■	■	मु
शा	■	ना	या	ब	■	य	ती	म	■	क
म	■	ह	■	खा	र	क	■	ज	■	र
द	या	क	र	ना	■	था	ह	मा	प	ना
■	प	■	पत्ता	■	■	■	सी	■	ठा	■
अ	न	ब	र	त	■	म	न	भ	र	ना
नु	■	रा	■	म	ध्य	म	■	र	■	मा
रो	■	ह	पिं	त	■	ता	ली	म	■	कू
ध	■	■	■	मा	त	म	■	■	■	ल
■	आ	ज	मा	ना	■	य	ज	मा	न	■

सूडोकु नवताल- 6397

सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6396 का हल

8	2	4	3	9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

MANGAL SENACHA, BANGALORE



फौजी का नया पोस्टर जारी
1932 से है कनेक्शन

मुंबई। साउथ सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'फौजी' के मेकर्स ने फैंस को खास तोहफा दिया है। 23 अक्टूबर को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक सुनहरा सिक्का नजर आ रहा है, जिस पर सैन्य वर्दी में प्रभास की तस्वीर बनी हुई है। पोस्टर पर 'ए बैटालियन हू फाइट्स अलोन' (एक ऐसी बटालियन जो अकेले लड़ती है) और 'मोस्ट वांटेड सिंस 1932' लिखा हुआ है। इसके साथ ही एक रहस्यमयी फाइल नंबर 025 का भी जिक्र किया गया है, जिसका राज जल्द खुलने वाला है।

लाइफ Style

संजीदा
किसी एक जॉनर में नहीं बंधना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल इक्का और धमाल 4 फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री संजीदा शेख इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं, लेकिन सोच समझकर अपना वक्त खर्च करती हैं। वह कहती हैं कि इंटरनेट मीडिया को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि मेरा प्रयास होता है कि मैं इस पर कम दिखूं, जिससे जीवन में शांति बनी रहे।

इसके लिए खुद पर काम करना होता है, क्योंकि यह करना आसान नहीं होता है। जैसे ही हमारे हाथों में फोन आता है, तो हम सबसे पहले इंस्टाग्राम खोलते हैं। ऐसे में लगातार कोशिश करनी होती है कि खुद उस पर कम समय के लिए रखें। मैं तो टाइमर लगा देती हूं। आगे अपने जीवन के टर्निंग प्वाइंट के बारे में बात करते हुए संजीदा कहती हैं कि मेरे करियर का अहम मोड़ वही था कि मैं किसी जॉनर में नहीं बंधी। फिल्मकार इस बात को समझ रहे हैं कि मैं धमाल 4 भी कर सकती हूं, इक्का भी और हीरामंडीः द डायमंड बाजार जैसा भारीभरकम शो भी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि मुझे सब आ गया है, मैं खुद को और बेहतर बनाने में लगी हुई हूं। मेरे लिए टर्निंग प्वाइंट वही था, जब मैंने तय किया था कि मुझे किसी एक श्रेणी या जॉनर में बंध कर नहीं रहना है। मैंने वह सोच लोगों में आने ही नहीं दी कि यह हीरामंडी कर रही है, तो उसी तरह का किरदार आगे भी करेगी। इंटरनेट मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग, बाडी शेमिंग और नकारात्मकता को संजीदा कैसे संभालती हैं? इसे लेकर संजीदा शेख आगे कहती हैं कि मैं इंटरनेट मीडिया को केवल अपने मनोरंजन की तरह देखती हूं। निगेटिविटी तो हैं, उसे जितना हो सके नजरअंदाज करें।



हॉलीवुड मसाला



ऑब्सेशन ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। करी बार्कर के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म ऑब्सेशन अब भारत में ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। भारत में 30 अक्टूबर को शाम 7 बजे से जियो स्टार के पैक हब पर इस फिल्म का अंग्रेजी और हिंदी में अनकट वर्जन उपलब्ध होगा। हॉरर फिल्मों में कई बार उनकी डरावनी कहानी से ज्यादा खौफनाक उसका कोई एक सीन बन जाता है। कुछ ऐसा ही एक्सरपीरियंस एक्ट्रेस इंडे नवारेटे को अपनी फिल्म ऑब्सेशन के दौरान हुआ. ये हॉरर मूवी 2026 की सबसे कामयाबी हॉरर फिल्मों से है।



फिल्मों के अलावा टीवी शो के लिए भी थे मशहूर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता टॉम स्केरिट का निधन हो गया है। वह 93 साल के थे। वह 'एलियन' और 'टॉप गन' जैसी क्लासिक फिल्मों में अपने यादगार किरदारों के लिए याद किए जाते हैं। एमी अवॉर्ड विजेता स्केरिट 'पिकेट फेंसेस' में काम करके टीवी की दुनिया में मशहूर हुए। टॉम स्केरिट ने 1993 में एमी अवॉर्ड जीता और 1994 में उन्हें 'पिकेट फेंसेस' में जिमी ब्रॉक का किरदार निभाने के लिए ऑफर मिला। बड़े पर्दे पर स्केरिट ने कई तरह की फिल्मों में बेहतरीन और यादगार अभिनय किया। रिडले स्कॉट की मशहूर साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'एलियन' (1979) में उन्होंने नोस्ट्रोमो के कैप्टन डलास का किरदार निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' में टोनी स्कॉट के साथ काम किया।



एआई अभिनेत्री को पसंद हैं शाहरुख...

नई दिल्ली। 'कैन एआई बिकम अ स्टार?' सेशन में दुनिया की पहली एआई एक्टर टिली नॉरवुड ने वर्चुअल तौर से हिस्सा लिया। उनके साथ पार्टिकल 6 की फाउंडर और सीईओ एलाइन वैन डेर वेल्डन भी मंच पर मौजूद रहीं, जिन्होंने टिली को बनाया है। इस दौरान टिली नॉरवुड ने अपने बारे में ढेर सारी जानकारी दी। उनसे हिंदी में भी कई सवाल किए गए। टिली ने हिंदी में बात करते हुए शाहरुख खान को अपना पसंदीदा भारतीय एक्टर बताया। उन्होंने कहा कि, 'मुश्किल सवाल है, लेकिन मुझे शाहरुख खान पसंद है।' इसके अलावा टिली ने किंग खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के रीमेक में काम करने की इच्छा जताई। टिली ने फिल्म में दीपिका पादुकोण की डिजिटल ट्विन बनने की इच्छा भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी की जगह नहीं लेना चाहतीं।



श्यामा प्रसाद के जीवन पर मधुर बनाएंगे फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनकी विरासत को बड़े परदे पर लाने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का संभावित शीर्षक 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर' रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी गुप्त रखी गई हैं। इस फिल्म को निर्माता आदित्य कुमार हलवासिया का समर्थन मिला है। इसे भंडारकर एंटरटेनमेंट और एकेएच वेंचर्स की तरफ से प्रोड्यूस किया जा रहा है। भंडारकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइव्स ऑफ बॉलीवुड' का काम पूरा करने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। ऐतिहासिक ड्रामा और पॉलिटिकल थ्रिलर यह फिल्म, 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर', डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



इंडिया के टॉप 1% शो में सतीश को याद कर भावुक हुए अनिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो 'इंडिया के टॉप 1%' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो 'सुमित संभल लेगा' की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, 'तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है'।' अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को 'डैनी डेविटो' कहकर बुलाते थे। दोनों को 'ट्विन्स' फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे।

ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं

मुंबई। अभिनेत्री अदिति शर्मा के लिए अभिनय सिर्फ पर्दे पर किसी पात्र को जीना नहीं, बल्कि उसके जरिये कुछ कहने का भी जरिया है। लेडीज वर्सेस रिकी बहल और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकीं अदिति इन दिनों कलर्स के शो 'शायद यही है प्यार' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं अदिति के लिए यह वापसी मां बनने के बाद अपनी पहचान और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने का भी सफर है। क्या टीवी पर सास-बहू ड्रामा के बीच अपने लिए अलग भूमिका ढूंढ़ पाना कठिन होता है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए शो लिखने वाले और आपका उस शो का हिस्सा बनने का समय सही होना चाहिए। मैं हमेशा से महिला प्रधान और परतदार रोल करना चाहती हूं, जिसे करने में डर लगे, सेट पर नर्वस हो जाऊं। आसान काम मुझे नहीं पसंद है। मुझे वे रोल पसंद आते हैं, जो लोगों से जुड़ते हैं।



सिला का पोस्टर रिलीज
कल्पना से भी परे होगी कहानी

मुंबई। नए साल में हर्षवर्धन राणे के नए तेवर देखने को मिलने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल जून में दस्तक देगी। इस बीच एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अभिनेता की आगामी फिल्मों की लिस्ट में 'सिला' का नाम भी शामिल है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सिला' एक्शन से भरपूर एक रोमांटिक फिल्म है। शुक्रवार को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें हर्षवर्धन इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। यह अगले साल मोहब्बत वाले महीने यानी फरवरी में रिलीज होगी। पोस्ट के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म 05 फरवरी 2027 को रिलीज होने वाली है।



फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने इसकी कहानी को लेकर संकेत दिया है। यह सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर एक्शन-रोमांटिक फिल्म होगी। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'किस्मत से परे प्यार। हद से परे एक सफर और कल्पना से भी परे एक कहानी। 'सिला' की तलाश शुरू। बता दें कि फिल्म 'सिला' का निर्देशन उमंग कुमार ने किया है। इसमें 'बिग बॉस 18' के विजेता करण वीर मेहरा भी नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे फिल्म में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। 'सिला' फिल्म में हर्षवर्धन को विराट नाम के किरदार में देखा जाएगा। वहीं, सादिया खतीब भी फिल्म का हिस्सा हैं।

डायरेक्शन के बाद अब नई तैयारी में जुटे आर्यन वेब सीरीज के लिए बनाई खास टीम

नई दिल्ली। आर्यन खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के लिए नए लेखकों को जोड़ने की तैयारी कर रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्यन यंग राइटर्स की तलाश में हैं और अपनी आने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए टैलेंट की टीम तैयार कर रहे हैं। अपनी पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आर्यन अब प्रोडक्शन हाउस की अगली स्ट्रीमिंग सीरीज की कहानी लिखने में भी खुद शामिल होना चाहते हैं। हालांकि, आने वाली सीरीज को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्यन ऐसे नए राइटर्स की तलाश कर रहे हैं, जो कहानियों को नए नजरिए से पेश कर सकें और आज के दौर के हिसाब से लिख सकें. इस पहल का मकसद रेड चिलीज के लिए राइटर्स का एक ऐसा ग्रुप तैयार करना है, जिससे भविष्य में बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए टैलेंट चुना जा सके। बताया जा रहा है कि अगली सीरीज की लेखन प्रक्रिया में आर्यन खुद भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यानी वह सिर्फ निर्देशन और क्रिएटिव काम तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि कहानी तैयार करने में भी योगदान देंगे. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आर्यन फिलहाल कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर्स की एक टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह टीम आज के युवाओं की जिंदगी, उनके रिश्तों और बदलती सोच से जुड़ी कहानियों की तलाश कर रही है।



द बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने मचाया था धमाल

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीमियर सितंबर 2025 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था. इस सीरीज के जरिए आर्यन खान ने बतौर क्रिएटर और डायरेक्टर अपना डेब्यू किया था। गौरी खान ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था. इसमें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर व्यंग्य के जरिए एक ऐसे युवा कलाकार की कहानी दिखाई गई, जो बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश करता है। इस दौरान उसे इंडस्ट्री की राजनीति, आपसी टकराव और रिश्तों से जूझना पड़ता है। सीरीज में बॉलीवुड के अंदर की दुनिया को ह्यूमर, ड्रामा और व्यंग्य के जरिए दिखाया गया था। इससे दर्शकों को आर्यन खान के कहानी कहने के अंदाज की झलक मिली थी।

13 की उम्र में पैसों की तंगी के कारण बनीं हीरोइन

सगे भाई से रोमांस कर फंसी थी ये एक्ट्रेस, जमकर मचा था बवाल

नई दिल्ली। 50 और 60 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई एक्ट्रेसेस ऐसी आईं, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। इन्हीं दिग्गज हस्तियों में से एक नाम 'मीनू मुमताज' का भी है, जो न सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा थीं, बल्कि एक बहुत ही अच्छी डांसर भी थीं। अपने अभिनय के साथ-साथ मीनू मुमताज का विवादों से भी गहरा नाता रहा है। उन्होंने एक फिल्म में सगे भाई के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया, जो उस समय पर एक बड़ी कंट्रोवर्सी बनी। कौन थे मीनू मुमताज के भाई और किस फिल्म में एक्ट्रेस ने किया था सग्गे भाई संग रोमांस, पढ़ें ये किस्सा।

शराब में डूबे रहते थे पिता

मीनू मुमताज का निधन साल 2021 में हुआ था। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम मलिकुनिसा अली था, लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा, तो उन्हें मीना कुमारी ने 'मीनू' नाम दिया। मीनू मुमताज के पिता 'मुमताज अली' 40 के दशक में एक बेहतरीन डांसर और कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। हालांकि, ज्यादा शराब की वजह से उनका कॅरियर खत्म हो गया और परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

कॉमेडियन महमूद की थीं बहन

मीनू मुमताज फेमस कॉमेडियन महमूद अली की बहन थीं। 8 भाई-बहन की देख-रेख और पैसों की तंगी के कारण महमूद और मीनू दोनों ने ही बचपन में काम करना शुरू कर दिया था। जब दिग्गज अभिनेत्री सिर्फ 13 साल की थी, तब उन्हें 1955 में उनकी पहली फिल्म 'सफी खातिमा' मिली, जिसे नानूभाई वकील ने बनाया था। इसके बाद उन्होंने बारा-दारी, घर-घर में दीवाली, सोसाइटी जैसी मूवीज में अहम किरदार निभाए। हालांकि, एक्ट्रेस की किस्मत तब बदली जब उन्हें गुरुदत्त के प्रोडक्शन में बनी फिल्म सीआईडी में कास्ट किया गया। मीनू ने फिल्म में डांसर और सिंगर का किरदार निभाया था। फिल्म में देवानंद मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में मिली सफलता के बाद मीनू मुमताज ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और मिस्टर लंबी, पॉकेट मार, आशा, दो रोटी, एक साल, नया दौर, अदालत जैसी कई फिल्मों में काम किया।



भारत छोड़कर विदेश में बसी

बॉलीवुड में अपना सफल कॅरियर बनाने के बाद मीनू मुमताज ने 12 जून 1963 में फिल्म डायरेक्टर सैय्यद अली अकबर से शादी कर ली। जिसके बाद वह पति संग विदेश में जाकर बस गईं। हालांकि, उन्होंने फिल्मों में काम करना जारी रखा। उनके तीन बच्चे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 23 अक्टूबर 2023 को मीनू मुमतज ने 79 साल की उम्र में कनाडा में ही आखिरी सांस ली।

'हावड़ा ब्रिज' में भाई संग किया रोमांस

बॉलीवुड में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहीं मीनू मुमताज की जिंदगी में सबसे बड़ा विवाद तब हुआ, जब उन्होंने साल 1958 में अशोक कुमार और मधुबाला स्टारर फिल्म 'हावड़ा ब्रिज'में अपने ही सगे भाई और हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता महमूद अली के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया। महमूद और मीनू दोनों ने ही फिल्म हावड़ा ब्रिज के एक गाने गोरा रंग चुनरिया काली में अपने ही सगे भाई के साथ रोमांस किया। शक्ति सामंथा के निर्देशन में बनी फिल्म हावड़ा ब्रिज का जब ये गाना रिलीज हुआ, तो काफी बवाल मचा। लोगों में सगे भाई-बहनों को रोमांस करता हुआ देखकर काफी गुस्सा भर गया था। दर्शकों ने दोनों एक्टर्स को बायकॉट करने तक की बात कह दी, लेकिन मीनू चुपचाप बिना किसी से कुछ बोले अपना काम करती रहीं और जल्द ही ये बात दब गई।

पैरा एशियन गेम्स : भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, पदकों की संख्या 100 के पार

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान के आईची नागोया में चल रहे पैरा एशियन गेम्स में भारतीय एथलीटों का अब तक ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें साल 2022 में हुए हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में जीते गए कुल 28 गोल्ड मेडल की संख्या को बराबरी करने में कामयाबी मिली है। मेडल टैली में अभी भारत चौथे नंबर पर है, जिसमें उसके नाम कुल 106 मेडल दर्ज हो चुके हैं। इसमें 28 गोल्ड के अलावा 34 सिल्वर और 44 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।



बैडमिंटन : तीन स्वर्ण सहित जीते 16 पदक



भारत के लिए एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में शुक्रवार का दिन बेहतरीन रहा जब पेरिस पैरालम्पिक चैंपियन नितेश कुमार, नवीन शिवकुमार ने बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 और एसएल4 में स्वर्ण पदक जीता जबकि तुलसीमति मुरूगेसन और मानसी जोशी ने महिला युगल एसएल3. एसयू5 में भारत की झोली में पीला तमगा डाला। इस तरह से भारत ने बैडमिंटन में तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य सहित कुल 16 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। मुरूगेसन और मानसी ने चीन की यांग कियूशिया और शियाओ जूशियान को 30 मिनट तक चले मुकाबले में हराया। 31 वर्ष के नितेश ने 38 वर्ष के प्रमोद भगत को हराया। वहीं 2018 और 2022 में स्वर्ण जीतने वाले प्रमोद को रजत पदक मिला।नितेश और पेरिस पैरालम्पिक रजत पदक विजेता तुलसीमति को मिश्रित युगल एसएल3 . एसयू5 में रजत पदक भी मिला।



पैरा तीरंदाजी : हरविंदर और विजय को स्वर्ण

हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने पैरा रिकर्व पुरुष युगल फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच पहला सेट 35-35 से बराबरी पर था। भारत ने दूसरा सेट 37-36 से और तीसरा 38-36 से जीता। चीन के युन डुओ और झाओ लिक्सू की जोड़ी प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख सकी। इससे पहले भारत की भावना चौधरी और पूजा जटिया की जोड़ी महिला पैरा रिकर्व युगल फाइनल में चीन की गाओ जिहान और वांग शूकियान से 0-6 से हार गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

संदीप और हानी को विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण



भारत के संदीप और हानी ने क्रमशः पुरुषों की 400 मीटर टी64 फाइनल और पुरुषों की भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। संदीप ने 52.28 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अजय कुमार को कांस्य पदक मिला। =सउदी अरब के नूर अलसाना को 53.13 सेकंड के साथ रजत पदक मिला जबकि अजय ने खेलों का रिकॉर्ड बनाकर 53.61 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। संदीप और अलसाना टी44 श्रेणी में खेलते हैं जबकि कुमार टी64 श्रेणी के खिलाड़ी हैं। दोनों श्रेणियों की स्पर्धा अक्सर संयुक्त होती है। भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में हानी ने 60.49 मीटर (रजा अंक 1116) का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान के होरमोज एस को 50 . 68 मीटर (रजा अंक 1009) के साथ रजत और चीन के यू चेंगजी को 53 . 66 मीटर (रजा अंक 943) के साथ कांस्य पदक मिला। इसके साथ ही भारत के इन खेलों में सौ पदक हो गए हैं।

5 घंटे का रोमांचक फाइनल, रॉब को हराकर चैंपियन बने आडवाणी

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

क्यू खेल के दिग्गज खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतकर करियर का 29वां विश्व खिताब अपने नाम किया और साबित कर दिया कि इस खेल में उनका जलवा अब भी कायम है।

इकतालिस वर्षीय आडवाणी सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे और अंततः उन्होंने पांच घंटे तक चले बेहद रोमांचक फाइनल में इंग्लैंड के रॉब हॉल को 1906-1206 से शिकस्त दी। आडवाणी और हॉल दोनों के लिए फाइनल काफी अहम था। हॉल इससे पहले पांच बार विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन हर बार खिताब जीतने से चूक गए थे। वहीं आडवाणी की नजरें क्यू खेलों में अपने विश्व खिताबों के बेमिसाल रिकॉर्ड को और बेहतर करने पर थीं।

डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: पंकज ने जीता 29वां विश्व खिताब



91 के ब्रेक के साथ की फाइनल की शुरुआत

फाइनल की शुरुआत आडवाणी ने 91 के ब्रेक के साथ की। इसके बाद हॉल ने 203 का शानदार ब्रेक बनाकर बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के करीब दो घंटे बाद दोनों खिलाड़ी लगभग बराबरी पर थे। तभी आडवाणी ने एक और शतकीय ब्रेक लगाकर बढ़त बना ली। अगले 30 मिनट तक हॉल ने शानदार बिलियर्ड्स खेलते हुए 331 का ब्रेक बनाया और कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी से 300 से अधिक अंकों की बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले में दो घंटे से भी कम समय बचा था और अंकों का अंतर लगातार बढ़ने के कारण आडवाणी मुश्किल स्थिति में नजर आ रहे थे।

भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टी20 आज

सीरीज जीतने गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

भारत पहले मैच में बल्लेबाजों के दम पर बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा लेकिन अगर उसे अपना विजय अभियान जारी रखना है तो न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

पिछले कुछ समय की तरह इस मैच में भी भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन साधारण रहा। अगर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो परिणाम उल्टा हो सकता था। भारत ने 226 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके 5 मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता बाकी मैचों में भारी पड़ सकती है।

हाई लेंथ पर गेंदबाजी पर फोकस

दूसरे मैच में भी बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने की उम्मीद है और ऐसे में गेंदबाजों को किसी भी तरह की गलती करने से बचना होगा। पहले टी20 में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले अक्षर पटेल पर भी दबाव होगा। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, 'हमें हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय हमने ओवर पिच गेंदबाजी अधिक की।'

वैभव सूर्यवंशी को मिल सकता है मौका

बल्लेबाजी की बात करें तो ईशान किशन के चोटिल होने के कारण 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिल सकता है। उनका अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने की उम्मीद है जबकि संजू सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। किशन के चोटिल होने के कारण तिलक वर्मा को पहले मैच में तीसरे नंबर पर भेजा गया था लेकिन अब उनके पांचवें या छठे नंबर पर ही आने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और एडम मिल्ने ने अपने पहले स्पेल में काफी स्विंग हासिल की, लेकिन उनकी लेंथ सैमसन और अभिषेक के लिए पर्याप्त कारगर साबित नहीं हुई।



न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों के लिए भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। सैमसन और अभिषेक ने पावरप्ले में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कहर बरपाते हुए 94 रन बनाए थे। इसके बाद सैंटनर और उनके साथी स्पिनर माइकल ब्रैसवेल ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। वह फिर से इसी तरह का प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ-स्पिन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है। ब्रैसवेल के खिलाफ उनके रवैये में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिली थी। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं भुवनेश्वर

भारत के लिए पांचवें और छठे गेंदबाज का विकल्प चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि चोटिल हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में अन्य ऑलराउंडर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पहले मैच में नीतीश रेड्डी ने चार ओवर में 40 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि नमन धीर को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी में मैच विजेता पारी खेली। भारत की गेंदबाजी की मुश्किलों को और बढ़ाने वाली बात यह है कि श्रृंखला के पहले मैच में उसके प्रमुख गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। लगभग चार साल बाद भारत के लिए अपना पहला मैच खेल रहे भुवनेश्वर कुमार अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे और उन्होंने चार ओवरों में 49 रन लुटा दिए। उनकी दो नो-बॉल और उतनी ही वाइड गेंदों से पता चलता है कि उन्हें लय में आने के लिए और समय चाहिए। फिन एलन और उनके साथी सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने पावरप्ले में भुवनेश्वर और अर्शदीप पर मनचाहे चौके लगाकर इन दोनों तेज गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था।

मैच का समय : दोपहर 12:30 बजे

खबर संक्षेप

बीसीसीआई जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने अवाना

नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज परविंदर अवाना को बीसीसीआई की नवगठित जूनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अवाना ने भारत के लिए 2 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 62 प्रथम श्रेणी मैच में 191 विकेट हासिल किए। उन्होंने दिल्ली, भारत 'ए' और शेष भारत का भी प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) की ओर से खेले थे। संन्यास के बाद अवाना ने कोचिंग की राह अपनाई। उन्होंने दिल्ली की अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 टीम के साथ काम किया। इसके अलावा वह भारत की अंडर-19 टीम के साथ बीसीसीआई और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) के विभिन्न कार्यक्रमों से भी जुड़े रहे।



जनवरी 2028 में ओलंपिक क्रिकेट क्वालीफायर



नई दिल्ली। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफायर जनवरी-फरवरी 2028 में होंगे। रिपोर्ट के अनुसार महिला और पुरुष दोनों के लिए ओलंपिक क्वालीफायर को वैश्विक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल किया गया है, जिसे आईसीसी ने दुबई में अक्टूबर में हुई बैठकों के बाद अपने सदस्य बोर्डों के साथ साझा किया था। 2029 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 8 से 12 जून तक इंग्लैंड में होगा।इसमें कहा गया है, 'कुल मिलाकर 2027 और 2031 वनडे विश्व कप के बीच पुरुषों की 12, महिलाओं की सात और अडर 19 की पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।'

भारत की जिम्बाब्वे पर आसान जीत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला टीम ने श्रीचरणी (23 रन देकर 4 विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 100) के तीसरे वनडे शतक और शेफाली वर्मा (नाबाद 64) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे पर 22.5 ओवर रहते 9 विकेट की आसान जीत दर्ज की।

पारी का आगाज करने के लिए भेजी गई प्रतिका ने 96 गेंद की पारी के दौरान 15 चौके लगाए और शेफाली ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के जड़े। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 106 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने 27.1 ओवर में एक विकेट पर 200 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (32 रन) आउट होने वाली एकमात्र बल्लेबाज रहीं।

भारत ने जिम्बाब्वे की पारी को झकझोरा

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए बिलव्ड बीजा ने 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन इसके बावजूद टीम 200 रन के अंदर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों ने अहम मौकों पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे की पारी को झकझोर दिया। क्रांति गौड़ (42 रन देकर तीन विकेट) ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने यहां कोटांबी के बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर जिम्बाब्वे को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।



महिला वनडे

- प्रतिका ने जड़ा शतक
- शेफाली ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी
- श्रीचरणी ने झटके 4 विकेट

श्रीचरणी के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

इससे पहले श्रीचरणी ने 10 ओवर में 23 रन देकर चार विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिससे जिम्बाब्वे की टीम 49.5 ओवर में 197 रन पर सिमट गई। प्रतिका ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद पिच पर बिना कोई जोखिम लिए बेहतरीन शॉट्स लगाए। आसान पिच और जिम्बाब्वे की कमजोर गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की। हालांकि 16वें ओवर में मंधाना का विकेट गिर गया। वह ओलिंडर चारे की गेंद पर लांग ऑन पर खड़ी बिलव्ड बीजा को कैच थमा कर पवेलियन पहुंची।

आज से भारत-ए और न्यूजीलैंड-ए में भिड़ंत



लिंकन। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे सीनियर टीम के खिलाड़ी भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच शनिवार से शुरू होने वाले पहले चार दिवसीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की अगुवाई में भारत ए टीम बर्ट सटक्लिफ ओवल स्टेडियम में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस मैच से भारतीय खिलाड़ियों को 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले परिस्थितियों को समझने का अच्छा मौका मिलेगा। यह टेस्ट श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। राहुल और जायसवाल भारतीय टीम में शामिल दो प्रमुख नाम हैं। उनके अलावा देवदत्त पडिक्कल, वाशिंगटन सुंदर, साई सुदर्शन तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप, अंशुल कंबोज और मुकेश कुमार भी ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सीनियर टीम का हिस्सा हैं।

पंत नहीं खेलेंगे मैच

ऋषभ पंत चोट से उबरने के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं, इसलिए वह भारत ए टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह ईरानी ट्रॉफी में शेष भारत की कप्तानी करते हुए चोटिल हो गए थे। उनके स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को दौरे के पहले दो मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया था। तीसरे मैच में पंत की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा। कप्तान जुरेल विकेटकीपिंग के विकल्प के तौर पर उपलब्ध हैं।

4 नवंबर से शुरू होगी वनडे श्रृंखला

आकाश दीप भी उन गेंदबाजों में शामिल होंगे, जो लय और मैच फिटनेस हासिल करने की कोशिश करेंगे। कुछ सीनियर खिलाड़ियों की हालांकि भारत ए की तरफ से सभी तीनों मैच में खेलने की संभावना नहीं है क्योंकि वह 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला का हिस्सा हैं। भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट मैच 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक क्राइस्टचर्च में जबकि तीसरा मैच 7 से 10 नवंबर तक लिंकन में होगा।

30 साल की मेघना का क्रिकेट से संन्यास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- टीम इंडिया के लिए खेले 20 इंटरनेशनल मैच

भारत की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज एस मेघना ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा की। आंध्रप्रदेश की 30 साल की इस खिलाड़ी नवंबर 2022 में आखिरी बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी और गुजरात जायंट्स के लिए खेल चुकी है।

मेघना ने पोस्ट में लिखा, खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा करते हुए मेरा दिल कृतज्ञता की भावना से भरा हुआ है। भारत के लिए 3 वनडे और 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैदान मेरे लिए दूसरे घर की तरह रहा है। इसने मुझे विपरीत परिस्थितियों में डटे रहना और विनम्र बने रहना सिखाया। इसने मुझे ऐसी यादें और दोस्त दिए हैं, जिन्हें मैं जीवनभर संजोकर रखूंगी।'

2016 में किया था डेब्यू

मेघना ने वर्ष 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इसके छह साल बाद उन्होंने अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला। उन्होंने दोनों ही प्रारुपों में एक-एक अर्धशतक लगाया है।

मैं हमेशा क्रिकेट से जुड़ी रहूंगी

मेघना ने लिखा, 'भले ही क्रिकेट खेलने के मेरे दिन अब समाप्त हो गए हैं, लेकिन इस खेल से मेरा रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। मैं हमेशा क्रिकेट से जुड़ी रहूंगी। मेरा इरादा अपना जीवन इस खेल को कुछ लौटाने, अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने और उस खेल की सेवा में समर्पित करने का है, जिसने मुझे सब कुछ दिया है।

एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने 1954 में मिक्स्ड डबल्स में जीता था पदक

72 साल का सूखा खत्म, सेमीफाइनल में हरमीत-यशस्विनी

एजेंसी ▶▶| ताशकंद

हरमीत देसाई और यशस्वीनी घोरपड़े ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ताशकंद में चल रही एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में इस जोड़ी ने भारत के लिए एक मेडल पक्का कर लिया है।

भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई है, जिससे एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में 72 साल बाद भारत के लिए मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले भारत ने इस इवेंट में आखिरी बार 1954 में मिक्स्ड डबल्स में मेडल जीता था। सेमीफाइनल में जगह बनाकर हरमीत और यशस्वीनी ने कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया के पार्क गैंगह्योन और ली डेउन को 3-2 से हराया।

सेमीफाइनल में मुकाबला जापान की जोड़ी से

अब सेमीफाइनल में हरमीत और यशस्वीनी का मुकाबला जापान के सोरा मात्सुशिमा और मिवा हारिमोटो से होगा, जिसमें जीतने वाली जोड़ी फाइनल में अपनी जगह बनाएगी। एक अन्य भारतीय मिक्स्ड जोड़ी, पायस जैन और सिंड्रेला दास मेडल पक्का करने से चूक गई। उन्हें क्वार्टर फाइनल में चीन के यी चेन और हुआंग युझेंग से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। हरमीत हाल ही में हुए एशियन गेम्स का भी हिस्सा थे, लेकिन जिन तीन इवेंट्स में उन्होंने भाग लिया, उनमें से किसी में भी वह मेडल नहीं जीत सके।



हरमीत ने मेंस डबल्स में लिया था हिस्सा

हरमीत ने सत्यन ज्ञानसेकरन के साथ मेंस डबल्स इवेंट में भी हिस्सा लिया था। हालांकि, तीसरे राउंड में उन्हें जापान के सोरा मात्सुशिमा और शुनसुके तोगामी से हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यशस्वीनी भी एशियन गेम्स से खाली हाथ लौटी थीं। वह विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जापान की मिवा हारिमोटो से हार गई थीं।

9 फरवरी से जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वॉश



मुंबई। जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वॉश टूर्नामेंट के तीसरे सत्र का आयोजन अगले साल 9 से 13 फरवरी तक किया जाएगा, जिसमें महिला स्पर्धा को 'प्रोफेशनल स्क्वॉश एसोसिएशन (पीएसए)' विश्व टूर में सिल्वर स्तर पर अपग्रेड किया गया है। इस अपग्रेड के साथ यह पीएसए टूर में भारत का पहला महिला सिल्वर स्तर का टूर्नामेंट होगा।

श्रम आयुक्त की भूमिका विवाद संदर्भित करने तक सीमित, गुण-दोष पर निर्णय का अधिकार नहीं

हाईकोर्ट ने कहा,कर्मचारी की बर्खास्तगी और समय-सीमा पर श्रम न्यायालय करे फैसला

श्रम आयुक्त की भूमिका विवाद संदर्भित करने तक सीमित, गुण-दोष पर निर्णय का अधिकार नहीं



जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि श्रम आयुक्त की भूमिका औद्योगिक विवाद को श्रम न्यायालय के समक्ष संदर्भित करने वाले प्राधिकारी की है, न कि विवाद के गुण-दोष पर अंतिम निर्णय देने वाले न्याय निर्णायक प्राधिकारी की। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने छिंदवाड़ा स्थित श्रम न्यायालय को कर्मचारी की बर्खास्तगी से जुड़े विवाद के तथ्यों और तीन वर्ष की निर्धारित समय-सीमा के प्रश्न पर स्वतंत्र रूप से विचार कर उचित निर्णय देने के निर्देश दिए हैं।

मामला मेसर्स पीबीएम पालिटिक्स लिमिटेड और ज्योत्सना सोमकुंवर के बीच औद्योगिक विवाद से संबंधित है। कंपनी की ओर से 29 जनवरी 2020 को तत्कालीन अतिरिक्त श्रम आयुक्त, इंदौर द्वारा पारित आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। उक्त आदेश में विवाद को श्रम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। याचिकाकर्ता कंपनी की मुख्य आपत्ति थी कि औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 2-ए की उपधारा (3) के तहत निर्धारित तीन वर्ष की समय-सीमा के प्रश्न पर विचार किए बिना ही विवाद को श्रम न्यायालय के पास भेज दिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि श्रम आयुक्त द्वारा विवाद संदर्भित किए जाने का अर्थ उसके गुण-दोष पर अंतिम निर्णय देना नहीं है। कर्मचारी की बर्खास्तगी से जुड़े विवाद में समय-सीमा लागू होने का प्रश्न और मामले के अन्य तथ्य श्रम न्यायालय के विचार का विषय हैं। कोर्ट ने याचिका का निराकरण करते हुए श्रम न्यायालय, छिंदवाड़ा को दोनों पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से विचार करने और निष्कर्षों के आधार पर उचित आदेश पारित करने के निर्देश दिए।

बीमा कंपनी क्षतिपूर्ति राशि का सात प्रतिशत ब्याज सहित करे भुगतान

कोरोना के इलाज का पूरा क्लेम नहीं देने पर उपभोक्ता आयोग सख्त

जबलपुर। जिला उपभोक्ता आयोग ने कोरोना के इलाज का पूरा क्लेम नहीं देने पर सख्ती दर्शाई है। आयोग ने स्वास्थ्य बीमा क्लेम के मामले में बीमा कंपनी को परिवादी के पक्ष में एक लाख तीन हजार 485 रुपये सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया है। आयोग ने मानसिक कष्ट के एवज में पांच हजार रुपये और मुकदमे के खर्च के रूप में दो हजार रुपये अतिरिक्त देने के निर्देश भी दिए हैं। परिवादी जबलपुर निवासी राजेंद्र कुमार की ओर से दलील दी गई कि उन्होंने अनावेदक बीमा कंपनी से स्वास्थ्य बीमा कराया था। इसके अंतर्गत उनके साथ अमृता, अर्पित और विनायक को भी बीमा सुरक्षा प्रदान की गई थी। कोरोना काल के दौरान परिवादी को अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। उपचार पर कुल दो लाख 44 हजार 776 रुपये खर्च हुए। इसके बाद उन्होंने आवश्यक चिकित्सकीय दस्तावेजों के साथ बीमा क्लेम प्रस्तुत किया। आरोप के अनुसार, बीमा कंपनी ने पूरे दावे का भुगतान नहीं किया और केवल 65 हजार 793 रुपये ही दिए। शेष राशि का भुगतान नहीं किए जाने को सेवा में कमी बताते हुए परिवादी ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर किया। परिवादी की ओर से कहा गया कि उपचार पर हुए खर्च के बावजूद बीमा कंपनी ने अनुबंध के अनुरूप पूरी राशि का भुगतान नहीं किया, जिससे उन्हें उपभोक्ता आयोग की शरण लेनी पड़ी। आयोग ने बीमा कंपनी को क्षतिपूर्ति राशि ब्याज सहित अदा करने के निर्देश दिए।



दुपट्टा खिसकाकर महिला के गले से मंगलसूत्र झपटा

जबलपुर। लार्डगंज थाना अतंर्गत गढ़ाफाटक महाकाली के दर्शन करने गई एक महिला के गले से अज्ञात चोर मंगलसूत्र चोरी कर ले गया। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जोगी मोहल्ला गोरखपुर निवासी 33 वर्षीय श्रीमति प्रीति कनोजिया गत रात लगभग 11.40 बजे पति दीपक कनोजिया व बच्चों के साथ महाकाली जी के दर्शन करने गढाफाटक गयी थी दर्शन करने के बाद आगे बढ़ी तभी किसी ने उसके गले में पड़ा दुपट्टा खिसकाया जिसे वह ठीक करने लगी तभी उसने देखी कि उसके गले में पहना हुआ सोने का मंगलसूत्र अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोरी गए मंगलसूत्र की कीमत 85 हजार 420 रूपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



नर्सिंग फर्जीवाड़ा मामले पर नर्सिंग काउंसिल और याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट के निर्देश

अपात्र कॉलेजों के छात्रों की शिफ्टिंग के लिए नया मॉड्यूल तैयार कर पेश करें

जबलपुर। प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा मामलों में हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस बी. पी. शर्मा की डिवीजन बेंच ने इस मामले पर लंबित जनहित याचिका सहित अन्य मामलों की सुनवाई करते हुए, अपात्र कॉलेजों के छात्रों के स्थानांतरण को लेकर नया शिफ्टिंग मॉड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने छात्रों की शिफ्टिंग व डबल शिफ्ट प्रशिक्षण को लेकर स्टेटस रिपोर्ट पेश की थी। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ताओं ने आपत्ति जताते हुए मॉड्यूल की व्यावहारिक कमियो, जैसे प्रशिक्षण की पारदर्शिता, छात्रों की पसंद, बुनियादी सुविधाओं और ट्रेनिंग की लागत को रेखांकित किया। साथ ही, अपात्र कॉलेजों की बैंक गारंटी राजसात कर छात्रों की पढ़ाई का खर्च वसूलने की मांग की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता और काउंसिल को निर्देश दिए हैं कि वे आपसी समन्वय से प्रस्ताव साझा कर नया व संशोधित शिफ्टिंग मॉड्यूल तैयार करें और आगामी 3 नवंबर 2026 को होने वाली अगली सुनवाई में पेश करें। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता और क्लिनिकल ट्रेनिंग से समझौता किए बिना पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करना और दोषी संस्थाओं पर जवाबदेही तय करना है। इस मामले में नर्सिंग काउंसिल की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह और उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने पैरवी की।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
With Best Compliments From:
LEONARD H.S. School
(Recognised by Govt. Of M.P.) Maths/Science/ Informatic Practice/ ARTS and Commerce Group
53, Denning Road, South Civil Lines Jabalpur (M.P.) Tel. 4030678,9425387092
LEONARD
HR.Sec. School (BILHARI)
(Recognised by Govt. Of M.P.) Maths/Informatic Practice/ ARTS and Commerce Group
76, APR Colony/16 Model Town Bilhari, Ph: 4036241,9425387092



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240